राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 16, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 03 अगस्त 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

बीच सड़क पर युवक की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या; तमाशबीन बने रहे लोग .... पेज 03

वर्ल्ड क्लास रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ेंगे अनाथ, गरीब और श्रमिकों के होनहार बच्चे .... पेज 05

इजरायली सैनिकों ने चाकू से हमला करने की कोशिश करने पर फिलिस्तीनी लड़के को मार .... पेज 07


## चाइनीज मांझे के इस्तेमाल पर 5 साल जेल : एक लाख जुर्माना

### रक्षाबंधन और 15 अगस्त को देखते हुए फैसला



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने चाइनीज मांझे के इस्तेमाल पर रोक लगाने का आदेश दिया है। इसके लिए सभी सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

उधर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लोगों से चाइनीज मांझे का इस्तेमाल न करने की अपील की। मंत्री ने कहा कि अगर कोई इसका उपयोग करता या बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली में चाइनीज मांझा 2017 से बैन है। इसके बावजूद कोई इस्तेमाल करता हुआ या मांझा बनाता हुआ पकड़ा गया तो उसे पांच साल की सजा और एक लाख का जुर्माना लगाया जाता है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए मंत्री गोपाल राय ने कहा, 15 अगस्त के आसपास दिल्ली वासियों के बीच पतंगबाजी अधिक लोकप्रिय हो जाती है। लेकिन पतंगबाजी के इस खेल के बीच हर साल चीनी मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं की खबरें भी सामने आती हैं।

10 जनवरी, 2017 से राजधानी दिल्ली में चीनी मांझे के उपयोग और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके बावजूद, कुछ पतंगबाज हर साल 15 अगस्त को इसका इस्तेमाल करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बहुत सारे जानवर और पक्षी मांझे में फंस जाते हैं। इसके अलावा, यह सड़क पार करने वालों के लिए खतरा पैदा करता है।

#### पर्यावरण के साथ-साथ इंसानों के लिए खतरा

पर्यावरण मंत्री ने आगे कहा, यह चीनी मांझा सूती कपड़े के बजाय रसायनों से बना है। यह हमारे पर्यावरण के साथ-साथ जानवरों, पक्षियों और इंसानों के लिए बेहद हानिकारक है। इसके कारण दिल्ली पुलिस, राजस्व, एमसीडी, परिवहन विभाग, डीएमआरसी, इको-क्लब स्कूल और कॉलेजों को निर्देश जारी किए गए हैं।

## ओडिशा में भारी बारिश, सभी सरकारी, निजी स्कूल बंद

एजेंसी

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरे दबाव के कारण लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर ओडिशा के 13 जिलों के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

राज्य में भारी बारिश हुई और पिछले 24 घंटों के दौरान 83.8 मिमी औसत बारिश हुई। सबसे अधिक 390.6 मिमी बारिश बौध जिले के बौध ब्लॉक में दर्ज की गई।

मौसम विभाग के सूत्रों ने बताया कि चार ब्लॉकों में 300 मिमी से अधिक, 17 ब्लॉकों में 200 मिमी से अधिक और 68 ब्लॉकों में 100 मिमी से 200 मिमी के बीच वर्षा दर्ज की गई है।

विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) एस. साहू ने बुधवार को जिला कलेक्टरों के साथ बारिश की स्थिति की समीक्षा की और उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया।

एसआरसी ने कहा कि भारी बारिश के कारण आवश्यकता पड़ने पर कलेक्टर स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद करने का निर्णय ले सकते हैं।

### मानहानि केस में राहुल का सुप्रीम कोर्ट में जवाब

## कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ; मुझे अहंकारी कहना सही नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। मोदी सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी ने बुधवार यानी 2 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से मना करने पर मुझे अहंकारी कहा गया। ये निंदनीय है।

राहुल ने आगे कहा कि मानहानि केस में उन्हें अधिकतम सजा दी गई है। इसके चलते संसद सदस्यता चली गई। पूर्णेश मोदी खुद मूल रूप से मोदी समाज के नहीं हैं। ऐसे में उन्हें सजा नहीं मिलनी चाहिए।

दरअसल, 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार और सूरत के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी को मामले में जवाब देने के लिए कहा था। इस पर पूर्णेश मोदी ने कोर्ट में 21 पेज का हलफनामा दायर करते हुए कहा कि मोदी सरनेम केस में राहुल का रवैया अहंकारी है। उनकी याचिका खारिज कर देनी चाहिए।

राहुल गांधी ने 2019 में मोदी सरनेम को लेकर एक बयान दिया था। इसके खिलाफ भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में सूरत कोर्ट ने राहुल को 2 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी सांसदी चली गई थी।

सजा के खिलाफ राहुल सूरत सेशन कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट भी गए थे, लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली।

इसके बाद उन्होंने 15 जुलाई को सजा पर रोक लगवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। वहीं, पूर्णेश मोदी ने भी कोर्ट से अपील की थी कि उन्हें सुने बिना फैसला नहीं दिया जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

## नफरती भाषण, हिंसा रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करें : सुप्रीम कोर्ट



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा में भड़की हिंसा के मद्देनजर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से आयोजित रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने उस आदेश का पालन सुनिश्चित करने का उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सरकारों को बुधवार को निर्देश दिया, जिसमें समाज में नफरत फैलाने वाले भाषण तथा बयानों के अलावा सांप्रदायिक हिंसा रोकने के लिए स्वत- संज्ञान कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी भट्टी की पीठ ने केरल के मल्टी मीडिया पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह द्वारा किए गए तत्काल उल्लेख पर विशेष सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

पीठ ने ऐसी रैलियों में वीडियोग्राफी और सीसीटीवी फुटेज के इस्तेमाल का निर्देश दिया और कहा,हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून का शासन कायम रहे।

पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा कि इस प्रस्ताव पर कोई विवाद नहीं हो सकता कि नफरत भरे भाषणों से माहौल खराब होता है। पीठ ने उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित अधिकारियों को हिंसा और नफरती भाषणों को रोकने के लिए पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए।

पीठ ने याचिकाकर्ता अब्दुल्ला द्वारा शीर्ष अदालत के अक्टूबर 2022 और अप्रैल 2023 में जारी आदेशों के उल्लेख पर गौर करते हुए कहा इन आदेशों पर अमल सुनिश्चित करें।

### जाने-माने आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने की आत्महत्या

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री के जानेमाने आर्ट डायरेक्टर नितिन चंद्रकांत देसाई ने आत्महत्या कर ली। नितिन चंद्रकांत देसाई ने मुंबई के नजदीक कर्जत में अपने एनडी स्टूडियो में आत्महत्या कर ली। उनकी उम्र करीब 58 साल थी। वह अपना ज्यादातर वक्त इसी स्टूडियो में बिताते थे। बताया जा रहा है कि वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। नितिन देसाई ने 1987 में टीवी शो तमस' से अपना करियर शुरू किया था। नितिन देसाई ने हम दिल दे चुके सनम, लगान, देवदास, जोधा अकबर और प्रेम रतन धन पायो जैसी कई फिल्मों के सेट डिजाइन किए थे। उन्हें चार बार बेस्ट आर्ट डायरेक्शन का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। सके अलावा उन्हें तीन बार फिल्मफेयर बेस्ड आर्ट डायरेक्शन अवॉर्ड भी मिला था।

## हरियाणा हिंसा में 6 की मौत, बजरंग दल-विहिप का प्रदर्शन

### 4 जिलों में इंटरनेट बंद; सीएम बोले- पुलिस सबकी सुरक्षा नहीं कर सकती





#### पुलिस की 30 और सेंट्रल फोर्स की 20 कंपनियां तैनात

हरियाणा में पुलिस की 30 कंपनियां और केंद्रीय सुरक्षा बलों की 20 कंपनियों को तैनात किया गया है। सेंट्रल फोर्स की गुरुग्राम में 2 और नूंह में 14 कंपनियां लगाई गई हैं। दिल्ली और राजस्थान के भरतपुर में भी अलर्ट जारी किया गया है। भरतपुर की 4 तहसीलों में इंटरनेट बंद किया गया है।

#### गुरुग्राम में 4 गिरफ्तार, भड़काऊ पोस्ट पर एक पकड़ा

गुरुग्राम में मस्जिद पर हमले को लेकर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक जिम ट्रेनर है। हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं भड़काऊ पोस्ट के केस में दिनेश भारती को सेक्टर 52 से गिरफ्तार किया गया है। उसने वीडियो जारी किया था।

नूंह। हरियाणा के नूंह (मेवात) में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 2 होमगार्ड गुरसेवक और नीरज, नूंह के भादस गांव का शक्ति, पानीपत का अभिषेक, गुरुग्राम के इमाम और बादशाहपुर के प्रदीप शर्मा शामिल हैं।

तनावपूर्ण हालात को देखते हुए 5 अगस्त की आधी रात तक नूंह, फरीदाबाद, पलवल और गुरुग्राम में मानेसर, पटोदी व सोहना इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

नूंह में सोमवार को भड़की हिंसा के दो दिन बाद भी कर्फ्यू जारी है। गुरुग्राम, पलवल जिले में तनाव है। गुरुग्राम पुलिस ने कहा कि छोटे-छोटे ग्रुप हिंसा फैलाने का काम कर रहे हैं।

नूंह की हिंसा के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली-एनसीआर के 23 इलाकों में रैलियां करने का ऐलान किया। कई इलाकों में प्रदर्शन हुआ।

रैलियों को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। अदालत ने सुनवाई करते हुए अधिकारियों को आदेश दिया कि रैलियों के दौरान हेट स्पीच और हिंसा न होने दें।

संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं और उनके फुटेज सुरक्षित रखें। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस या पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करें।

#### नूंह में 26 एफआईआर दर्ज, 116 लोग गिरफ्तार

नूंह हिंसा में अब तक 26 एफआईआर दर्ज हुई हैं और 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुग्राम में 15 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

हरियाणा के डीजीपी पीके अग्रवाल ने कहा कि मोनू मानेसर के वीडियो समेत हिंसा से जुड़े हर तथ्य की जांच होगी। इसके लिए एसआईटी बना दी गई है और हर टीम को 7 से 8 केस जांच के लिए दिए जाएंगे।

#### पलवल में 9 केस दर्ज

पलवल जिले में पुलिस ने 9 केस दर्ज किए हैं। इनमें 6 नामजद हैं जबकि 250 अज्ञात आरोपी हैं। इन पर एक समुदाय के धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ और आगजनी का आरोप है।

## इंफाल में बेकाबू भीड़ ने दो घरों को किया आग के हवाले

इंफाल। जातीय हिंसा में मणिपुर अभी भी जल रहा है। बुधवार तड़के इंफाल वेस्ट जिले के दो घरों को बेकाबू भीड़ ने आग के हवाले कर दिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक, इन घरों में रहने वाले लोग पलायन कर चुके थे।

जिन घरों में आग लगाई गई उनकी सुरक्षा सीआरपीएफ जवान कर रहे थे। गार्ड बदलने के बीच के अंतराल के दौरान भीड़ ने हिंसा को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया।

#### नियंत्रण में राज्य में हालात : मणिपुर पुलिस

एक अधिकारी ने जानकारी दी कि इम्फाल वेस्ट्व जिले एक मैतेई-बहुल जिला है, जहां मई में जातीय दंगे शुरू होने के बाद से अधिकांश आदिवासी पलायन कर चुके हैं।

मणिपुर पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया, जिसमें जानकारी दी गई कि राज्य में स्थिति अभी भी अस्थिर और तनावपूर्ण लेकिन हालात नियंत्रण में है। राज्य के



संवेदनशील इलाकों और सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

#### कई जिलों में बढ़ी कर्फ्यू में छूट की अवधि

मणिपुर सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार के मद्देनजर इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों में कर्फ्यू में छूट की अवधि एक घंटे बढ़ा दी है। इंफाल के दोनों जिलों में कर्फ्यू में छूट की अवधि अब सुबह 5 बजे से रात 8 बजे तक थी।

दोनों जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों के कार्यालय द्वारा जारी अलग-अलग आदेशों में कहा गया है कि कानून और व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है और आम जनता को दवाओं और भोजन सहित आवश्यक वस्तुओं की खरीद की सुविधा के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई है। वहीं, राज्य के अन्य जिलों जैसे- थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर में कर्फ्यू में छूट की अवधि सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक है।

#### 160 लोगों की मौत

3 मई से जारी जातीय हिंसा में अब तक 160 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं,सैकडों लोग घायल हो चुके हैं। मणिपुर में मैतेई समुदाय के लोगों की संख्या 53 प्रतिशत है। वहीं,राज्य में नागा और कुकी समुदाय की आबादी 40 प्रतिशत है।

## मणिपुर हिंसा की वजह से 14 हजार से अधिक स्टूडेंट्स हुए विस्थापित

नई दिल्ली। मणिपुर जातीय हिंसा की आग में जल रहे लाखों लोग बेघर हो गए हैं। 3 मई से जारी इस हिंसा में तकरीबन 160 लोगों की मौत हो गई है। इसी बीच मंगलवार को शिक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी कि जातीय हिंसा की वजह से राज्य में 14,000 से अधिक स्कूली बच्चे विस्थापित हुए हैं।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि इनमें से 93 प्रतिशत से अधिक बच्चों को निकटतम स्कूल में दाखिला दिया गया है।



उन्होंने आगे जानकारी दी कि मणिपुर की मौजूदा स्थिति के कारण स्कूल जाने वाले कुल 14,763 बच्चे विस्थापित हुए हैं। विस्थापित छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रत्येक राहत शिविर के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मंत्री ने कहा,93.5 प्रतिशत विस्थापित छात्रों को निकटतम संभावित स्कूल में नि:शुल्क प्रवेश दिया गया है।

## लोकसभा की कार्यवाही हंगामे के कारण दिनभर के लिए स्थगित

नयी दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को भी जमकर हंगामा हुआ जिसके कारण सदन की भोजनावकाश के बाद भी नहीं चली और पीठासीन अधिकारी को सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

पीठासीन अधिकारी किरीट सोलंकी ने एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरु की तो विपक्ष के सदस्य सदन के बीचोंबीच आकर हंगामा करने लगे। इसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्य भी अपनी सीटों पर खड़े होकर शोर शराबा और नारेबाजी करने लगे।

सत्तापक्ष की तरफ से किये जा रहे हंगामे को विपक्ष के सदस्य भी नहीं समझ पाये और वे कारण जानने का प्रयास करते हुए नजर आये।



सत्ता पक्ष तथा विपक्ष की तरफ से हुए हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी ने आसन के सामने आये सदस्यों को वापस अपनी सीटों पर जाने तथा सत्ता पक्ष के सदस्यों को शोर शराबा नहीं करने का आग्रह किया, लेकिन दोनों तरफ से हंगामा होने के कारण सदन में शोर शराबा बहुत तेज हो गया जिसे देखते हुए पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सुबह 11 बजे पीठासीन अधिकारी मिथुन रेड्डी ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरु किया विपक्ष के सदस्य आसन के सामने आकर हंगामा करने लगे।

पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की, लेकिन विपक्षी सदस्य नारेबाज़ी करते रहे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में आकर मणिपुर को लेकर जवाब देने की माँग दोहराते रहे।

### फर्जी विश्वविद्यालय

### छात्रों को किया सतर्क; जांच परख कर दाखिला लेने की सलाह

## यूजीसी ने 20 फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची की जारी

नई दिल्ली। देशभर में उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश की चल रही प्रक्रिया के बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने छात्रों और अभिभावकों को सतर्क किया और कहा कि वह जांच परख के बाद ही किसी संस्थान में दाखिला लें क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे फर्जी संस्थान सक्रिय हैं जो छात्रों को फर्जी डिग्री प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आए दिन उनके पास फर्जी संस्थानों की खबरें आती रहती हैं।

नई दिल्ली। देशभर में उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश की चल रही प्रक्रिया के बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने छात्रों और अभिभावकों को सतर्क किया।

यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों से कहा कि वह जांच परख के बाद ही किसी संस्थान में दाखिला लें, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे फर्जी संस्थान सक्रिय हैं, जो छात्रों को फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट प्रदान करते हैं। जिसके चलते छात्रों का पूरा करियर खराब हो जाता है। यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को सतर्क करते हुए जारी एक सूचना में कहा है कि वह किसी भी संस्थान में दाखिला तभी ले जब वह यूजीसी से संबद्ध या उसके नियमों के तहत कोर्स संचालित कर रहा है। इस दौरान देश के सभी निजी और सरकारी विश्वविद्यालयों की सूची यूजीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। गौरतलब है कि यूजीसी की ओर से पूर्व में देश में सक्रिय 20 फर्जी संस्थानों की एक सूची भी जारी की गई थी।

#### दिल्ली के फर्जी विश्वविद्यालय

आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंड फिजिकल हेल्थ साइंसेज

कमर्शियल यूनिवर्सिटी लिमिटेड, दरियागंज

यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी

वोकेशनल यूनिवर्सिटी

एडीआर-सेंट्रिक ज्यूरिडिकल यूनिवर्सिटी

भारतीय विज्ञान एवं इंजीनियरिंग संस्थान

विश्वकर्मा ओपन यूनिवर्सिटी फार सेल्फ-इम्प्लायमेंट

आध्यात्मिक विश्वविद्यालय

#### उत्तर प्रदेश के फर्जी विश्वविद्यालय

गांधी हिन्दी विद्यापीठ

नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ इलेक्ट्रो कॉम्प्लेक्स होम्योपैथी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस विश्वविद्यालय

भारतीय शिक्षा परिषद

#### आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के फर्जी विश्वविद्यालय

क्राइस्ट न्यू टेस्टामेंट डीम्ड यूनिवर्सिटी

बाइबल ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ इंडिया

भारतीय वैकल्पिक चिकित्सा संस्थान

वैकल्पिक चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान

#### अन्य राज्यों के फर्जी विश्वविद्यालय

बदगानवी सरकार वर्ल्ड ओपन यूनिवर्सिटी एजुकेशन सोसाइटी (कर्नाटक)

सेंट जॉन्स यूनिवर्सिटी (केरल)

राजा अरबी विश्वविद्यालय (महाराष्ट्र)

श्री बोधि उच्च शिक्षा अकादमी (पुडुचेरी)

नई दिल्ली
गुरुवार 03 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## कांग्रेस ने गरीबी हटाने के लिए कुछ नहीं किया: विजयवर्गीय



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने आरोप लगाते हुए आज कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाने का नारा दिया, लेकिन उनकी सरकारों ने गरीबी हटाने के लिए कुछ नहीं किया। विजयवर्गीय ने जिले के बीना कृषि उपज मंडी में आयोजित विधानसभा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की शिवराज सरकार ने गरीब कल्याण के लिए अच्छे कार्य किए और गरीबों के जीवन में बदलाव के लिए कई योजनाएं लाए

## शार्ट न्यूज

### गबन मामले में दो पूर्व बैंक अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र पेश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बुधवार को गबन के एक मामले में दो पूर्व बैंक अधिकारियों के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट पट्टन की अदालत में आरोप पत्र पेश किया। एक बयान में ईओडब्ल्यू ने कहा कि हाजिन, बांदीपुरा के निवासी गुलाम अहमद शाह और नूर दीन कॉलोनी, बारामूला के मोहम्मद साबिर डार (बारामूला सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, पलहालन शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक) को धारा आरपीसी की धारा 409 420, 201 और 120-बी के तहत दंडनीय अपराधों में उनकी संलिप्तता के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की अदालत के समक्ष पेश किया गया। मामले के संक्षिप्त तथ्य यह हैं कि क्राइम ब्रांच कश्मीर को सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार, जम्मू-कश्मीर से एक लिखित पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बारामूला सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने बेईमानी एवं धोखाधड़ी से बड़े पैमाने पर गबन किया था। तदनुसार तत्काल मामला 2016 में पी/एस क्राइम ब्रांच कश्मीर में दर्ज किया गया और जांच शुरू हुई।

### बासमती फसल में प्रतिबंधित कीटनाशकों की बिक्री न करने के संबंध में निर्देश जारी

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के मुख्य कृषि अधिकारी जतिंदर सिंह गिल ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में जहर मुक्त गुणवत्ता वाले बासमती के उत्पादन के लिए 10 कीटनाशक जहरों पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में 26 जुलाई को एक अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के अनुसार, बासमती फसल के लिए एक अगस्त से 60 दिनों के लिए 10 कीटनाशकों और फफूंदनाशकों एसेफेट, बुप्रोफेगिन, क्लोरपाइरीफोस, हेक्साकोनाज़ोल, प्रोपिकोनाज़ोल, थियामेथोक्साम, प्रोफिनोफोस, इमिडाक्लोप्रिड, कार्बेन्डाजिम और ट्राइसाइक्लाज़ोल की बिक्री, वितरण और उपयोग पर रोक लगाई है। जतिंदर सिंह गिल ने जिले के डीलरों, वितरकों, कृषि रसायन कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि उक्त अधिसूचना का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और अधिसूचना का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कीटनाशक अधिनियम 1968 और कीटनाशक नियमों 1971 के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बांदीपोरा का सरकारी स्कूल बना जंक फूड मुक्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा सरकारी स्कूल को पूरी तरह से जंक फूड मुक्त स्कूल बुधवार को घोषित किया गया। माध्यमिक सरकारी स्कूल ओनागम बांदीपोरा ने आज जारी बयान में घोषणा की कि छात्रों की भलाई और उनके स्वास्थ्य में सुधार को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला किया गया है। स्कूल प्रमुख जावेद जवाद ने कहा, स्कूल में बच्चों के सीखने के लिए एक सकारात्मक माहौल तैयार करने के उद्देश्य से परिसर को पूरी तरह से अस्वास्थ्यकर भोज्य पर्दाथों से मुक्त रखने का फैसला किया गया है। स्कूल प्रमुख ने कहा कि जंक फूड-मुक्त वातावरण में परिवर्तन के लिए स्कूल प्रशासकों, समर्पित शिक्षकों और इस मुहिम में लगे हुए माता-पिता के सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता है, जिन्होंने छात्रों को पौष्टिक विकल्प प्रदान करने के महत्व को पहचाना। राज्य पुरस्कार विजेता जवाद ने कहा कि माता-पिता, विशेषकर माताओं को मीठे स्नैक्स और पैकेज्ड जंक फूड को पौष्टिक विकल्पों से बदलने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा, स्कूल ने छात्रों को आहार विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाया, जिसका उनके शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास पर स्थायी प्रभाव पड़ता है।

### अरुणाचल: उच्च न्यायालय ने की पाक्सो मामले में आरोपी की जमानत रद्द

ईटानगर। अरूणाचल प्रदेश के गौहाटी उच्च न्यायालय ने 21 बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपी हॉस्टल वार्डन को एक विशेष पॉक्सो अदालत द्वारा जमानत दिए जाने की खबरें प्रकाश में आने के बाद स्वत: संज्ञान लेते हुए जमानत रद्द करने की याचिका दर्ज करने के कुछ दिनों बाद इस घोर अवैध जमानत को रद्द कर दिया। पिछले 23 फरवरी को ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोपी को जमानत दे दी थी। अरुणाचल प्रदेश में शि-योमी जिले के मोनिगोंग के कारो गांव में सरकारी आवासीय विद्यालय में छात्रावास वार्डन के रूप में कार्यरत आरोपी युमकेन बागरा पर वर्ष 2019 से 2022 के बीच 6 से 12 वर्ष की उम्र के 21 छात्रावासियों (15 लड़कियों और छह लड़कों सहित) का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। उस पर 21 साल से कम उम्र में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पाक्सो) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाये गये थे। उच्च न्यायालय ने अपने 31 जुलाई के आदेश में कहा विशेष न्यायाधीश पोक्सो, यूपिया द्वारा पारित आदेश दिनांक 23.02.2023 को आरोपी/प्रतिवादी को जमानत देने के आदेश को रद्द कर दिया गया है। परिणामस्वरूप, मोनिगोंग पुलिस थाने में केस संख्या 02/2022 के संबंध में विशेष न्यायाधीश, पोक्सो द्वारा आरोपी/प्रतिवादी को दी गई जमानत रद्द कर दी गई है।

### ट्रक से टकराने से पिकअप में सवार 12 से अधिक लोग घायल

भरतपुर। राजस्थान में गोवर्धन की परिक्रमा करके अपने घरों को लौट रहे मध्य प्रदेश के शिवपुरी निवासी श्रद्धालुओं की पिकअप के बुधवार को धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र में हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से टकरा जाने पर पिकअप सवार एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे में आधा दर्जन बच्चों को भी मामूली चोट आई जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। धौलपुर के आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी पिकअप में हादसे के समय 22 यात्री सवार थे। हादसे के बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे में राजबाई (55), बद्री प्रसाद (60), पवन (35), उषा (42), बंटी (30), शोभा (40) पत्नी, उदयभान (25), रेखा (25), शिवानी (8), कमरबाई (60), भावना (25) और राजकुमारी (50) घायल हुए है।

### दरगाह दीवान आबेदीन ने नूंह में बिगडे हालातों पर वयक्त की चिंता

अजमेर। राजस्थान में अजमेर स्थित विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा साहब की दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान ने जारी बयान में हरियाणा के नूंह में बिगड़े हालातों पर चिन्ता जाहिर कर इसे सभ्य समाज के लिये पीड़ादायक तथा हानिकारक बताया है। आबेदीन अली खान ने कहा कि समाज में अमन शांति के लिए धर्मगुरुओं एवं समाज को आगे आने का आवाह्न किया। दरगाह दीवान ने देशवासियों से अपील कि है कि- नफरत और साम्प्रदायिकता के विष को नष्ट करना समाज का दायित्व है ।और यह जरूरी भी है वर्ना नौजवानों का भविष्य तो चौपट होगा ही, देश भी गलत दिशा में चला जायेगा । उन्होंने देश को बचाने के लिये सभी पक्षों से हिन्दुस्तानी होने का सबूत देने का आग्रह किया। दरगाह दीवान ने राजनीतिज्ञों से भी जबान पर संयम रखने की अपील की ।उन्होंने उम्मीद जताई की हरियाणा के नूंह में जल्द ही हालात सामान्य होंगें।


### नूंह में हुई हिंसा के विरोध में पूतला फूंका

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल ने आज हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के विरोध में असामाजिक तत्वों का पूतला फूंका तथा भविष्य के लिए चेतावनी भी दी। विहिप के अजमेर महानगर मंत्री संजय तिवाड़ी तथा बजरंग दल के महानगर संयोजक दीपक कांकाणी के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता गांधी भवन चौराहे पर इकट्ठा हुए तथा आतंकवाद का पूतला दहन किया। तिवाड़ी ने कहा कि नूंह में हर साल की तरह शोभायात्रा निकाली गई लेकिन माहौल खराब करने के लिए शोभायात्रा पर हमला किया गया। जोकि योजनापूर्ण तरीकों से अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के साथ कट्टरपंथीयों ने वातावरण गंदा करने का काम किया। तिवाड़ी ने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसे किसी भी षड्यंत्रपूर्वक किये हमले का मुहंतोड़ जवाब दिया जायेगा।

# कूनो में एक और चीते की मौत

## मादा चीता टिबलिसी की गई जान; अब तक 9 ने दम तोड़ा

श्योपुर। एमपी के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता धात्री (टिबलिसी) की मौत हो गई है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव ने कहा- धात्री सुबह मृत पाई गई। मौत की वजह पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। 26 मार्च से अब तक 9 चीतों की मौत हो चुकी है। इनमें तीन शावक भी शामिल हैं, जिनका जन्म कूनो में हुआ था। इसके पहले कूनो प्रबंधन ने प्रेस नोट जारी कर कहा, कूनो नेशनल पार्क में बाड़े में रखे गए 14 चीते (7 नर, 6 मादा और 1 शावक) स्वस्थ हैं। कूनो



और नामीबिया के वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट्स लगातार उनका हेल्थ चेकअप कर रहे हैं।

इनके अलावा खुले जंगल में घूम रहीं दो मादा चीता पर निगरानी रखी जा रही है और उनको बाड़े में लाने के प्रयास जारी हैं। इन दोनों में से एक मादा चीता टिबलिसी आज सुबह मृत पाई गई।

### टिबलिसी को 10 दिन से तलाश रही थी टीम

टिबलिसी कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में घूम रही थी। उसे हेल्थ चेकअप के लिए लाया जाना था, पिछले 10 दिनों से वन विभाग की टीम उसे तलाश रही थी।

### कमलनाथ ने ट्वीट कर प्रदेश सरकार को घेरा

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कूनो में हो रहीं चीतों की मौत को लेकर शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा, कूनो में लगातार हो रही चीतों की मौत के बाद भी सरकार इस बात पर अड़ी है कि वह चीतों की शिफ्टिंग नहीं करेगी। बेगुनाह वन्य प्राणियों को राजहठ की भेंट चढ़ाना निंदनीय है।

## हिमाचल में कालका-शिमला नेशनल हाईवे-5 छोटे वाहनों के लिए बहाल

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग-पांच पर चक्की मोड के पास सड़क का करीब 40 मीटर हिस्सा ढह गया। वहीं दूसरी ओर सड़क पर भारी मात्रा में भूस्खलन हो गया। जिससे देर रात 02:45 बजे से वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक लग गई।

सोलन पुलिस की ओर से वाहनों को वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट किया गया है। मौके पर पुलिस की तैनाती की गई है। इसी के साथ वाहन चालकों के लिए रूट प्लान भी डाला गया है ताकि वह आसानी से आवाजाही कर सकें। शिमला की ओर आने वाली दूध, ब्रेड समेत अन्य गाड़ियां आज नहीं पहुंचीं। वहीं वैकल्पिक मार्ग धर्मपुर-कसौली-परवाणू संकरा होने से जाम की समस्या बनी रही।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन के प्रवक्ता ने बताया कि चक्की मोड के पास भूस्खलन से बंद नेशनल हाईवे को दोपहर 12:30 बजे छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है तथा जिला प्रशासन के द्वारा यातायात में फंसे हुए यात्रियों के लिए पानी, बिस्कुट भेज दिए गए हैं। दोनों तरफ से यात्रियों के लिए बस की व्यवस्था कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-पांच कालका शिमला भूस्खलन के कारण बंद हो गया है।

## पंजाब में पत्रकारों के लिए ऑनलाइन मान्यता पोर्टल शुरू

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के सूचना और जनसंपर्क मंत्री चेतन सिंह जौरामाजरा ने बुधवार को पत्रकारों की मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया।

सूचना और जनसंपर्क विभाग के लिए डिज़ाइन किया गया और एनआईसी पंजाब द्वारा विकसित यह पोर्टल मीडियाकर्मियों को पहचान जारी करने की प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाने का दावा करता है।

कैबिनेट मंत्री चेतन सिंह जौरामाजरा ने पोर्टल का उद्घाटन करते हुए इस अभिनव उपकरण को बनाने में डीआईपीआर और एनआईसी पंजाब द्वारा किए गए प्रयासों के लिए गहरी सराहना व्यक्त की। उन्होंने पत्रकारिता के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस के लिए प्रशासन के समर्थन को आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा, यह मील की पत्थर पहल पत्रकारिता के क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और पहुंच को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में आती है, उन्होंने कहा कि पोर्टल प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करके मान्यता प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है और यह सुनिश्चित करता है कि पत्रकार अनावश्यक प्रशासनिक बोझ के बिना अपने कार्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

## उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान तूफान के आसार

**अमरावती।** उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अगले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। यहां एक दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले चार दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने के अनुमान हैं। अगले सात दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं।

## उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही पर पूरे विश्व की नजर: महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि अनुच्छेद 370 पर उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही पर देश की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की नजर है।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय आखिरी उम्मीद है जो संविधान की सर्वोच्चता को कायम रख सकता है।

उच्चतम न्यायालय ने पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुनवाई शुरू की।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चाहती हैं कि उच्चतम न्यायालय यह सुनिश्चित



करे कि भारत अपने संविधान के अनुसार शासित हो।

उन्होंने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा, अनुच्छेद 370 पर उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही पर पूरी दुनिया की नजर है।

वर्ष 1947 में जम्मू-कश्मीर ने मुस्लिम बहुल राज्य होने के बावजूद, धर्म के आधार पर दो-राष्ट्र सिद्धांत को खारिज कर दिया और भारत से हाथ मिला लिया।

हमें संविधान के तहत देश के नेतृत्व द्वारा आश्वासन दिया गया था। मुफ्ती ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों को यह अधिकार चीन या किसी पड़ोसी देश ने नहीं बल्कि भारत के संविधान ने दिया है।


उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 के तहत, यह सबसे सुंदर संघीय ढांचा था। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अनुच्छेद 370 के बारे में है लेकिन उच्चतम न्यायालय को यह देखना होगा कि देश संविधान पर चलना चाहिए या किसी पार्टी के राजनीतिक एजेंडे पर चलना चाहिए।

## विपक्ष के आपदा समय की राजनीति का विस में समुचित उत्तर दिया जाएगा: सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में विपक्ष आपदा के समय में भी केवल राजनीति कर रहा है और विधानसभा सत्र में विपक्ष के हर प्रश्न का समुचित उत्तर दिया जाएगा।

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कृतसंकल्प है। वर्तमान आपदा के कारण राज्य को बहुत अधिक क्षति हुई है। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया है कि प्रदेश में हुए व्यापक नुकसान के दृष्टिगत उदार आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और राज्य की भौलोगिक परिस्थितियों के अनुरूप सड़क एवं सुरंग निर्माण में आवश्यक परिवर्तन किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के समय



में प्रदेश सरकार ने पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को समयबद्ध राहत पहुंचाने में कोई कमी नहीं रखी है। उन्होंने कहा, विपक्ष आपदा के समय में भी केवल राजनीति कर रहा है और विधानसभा सत्र में विपक्ष के हर प्रश्न का समुचित उत्तर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह बात परवाणू में 18.50 करोड़ रुपये की लागत से टर्मिनल मण्डी परवाणू के उन्नयन, सुदृढ़ीकरण, सम्पर्क सड़क एवं पार्किंग का लोकार्पण करने के उपरांत विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप धर्मपुर में आवश्यक पदों के सृजन के उपरांत जल शक्ति विभाग का मण्डल प्रथम जनवरी, 2024 से क्रियाशील कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन परवाणू की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 11 लाख रुपये, गुरूद्वारा साहिब श्री सिंह सभा परवाणू की ओर से 1,51,000 रुपये तथा परवाणू विकास मंच की ओर से 50 हजार रुपये का ड्राफ्ट भेंट किया गया।

### उत्तराखंड में हत्या के प्रयास का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**नैनीताल।** उत्तराखंड की भीमताल पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी और पांच हजार के ईनामी बदमाश को राजस्थान के भरतपुर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार इसी साल 26 अप्रैल को भीमताल थाने के अंतर्गत हत्या का प्रयास का एक मामला सामने आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जब जांच शुरू की तो आरोपी राहुल कुमार निवासी ग्राम उच्चैन, जिला भरतपुर, राजस्थान फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिये कई जगह दबिश दी लेकिन आरोपी हाथ नहीं आया। पुलिस ने आरोपी पर 5000 रुपये का ईनाम भी घोषित कर दिया। आखिरकार पुलिस टीम को जानकारी मिली कि आरोपी राजस्थान के भरतपुर में है।

### लालू परिवार की सम्पत्ति जब्त होने से जदयू खुश, उसी ने सौंपे थे सबूत: सुशील

पटना। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू परिवार की करोड़ों रुपये की सम्पत्ति जब्त होने से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेतृत्व न केवल प्रसन्न है बल्कि चाहता है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रथम राजनीतिक परिवार के कुछ लोगों को जेल भेजने जैसी बड़ी कार्रवाई हो। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य श्री मोदी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि यदि राजद के प्रथम राजनीतिक परिवार के कुछ लोगों को जेल भेजने जैसी बड़ी कार्रवाई हुई तो श्री नीतीश कुमार वर्ष 2025 तक निष्कंटक राज करेंगे और डील के अनुसार उन्हें वर्तमान उप मुख्यमंत्री एवं राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को सत्ता नहीं सौंपनी होगी। मोदी ने कहा कि जदयू लालू परिवार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का विरोध केवल दिखावे के लिए कर रहा है। असल में इससे जदयू अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह खुश हैं, क्योंकि नौकरी के बदले जमीन लिखवाने के मामले की जांच के लिए उन्होंने ही पक्के सबूत उपलब्ध कराये थे। उन्होंने कहा कि यदि उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव को जेल जाना पड़ा तो जदयू के लिए राजद पर कब्जा करना आसान हो जाएगा। भाजपा सांसद ने कहा कि ईडी ने पुख्ता सबूत के आधार पर कानून के अनुसार सम्पत्ति जब्त करने की कार्रवाई की लेकिन श्री लालू प्रसाद यादव और श्री तेजस्वी प्रसाद यादव को बताना चाहिए कि वे लगभग 100 करोड़ की सम्पत्ति के मालिक कैसे बने। उन्होंने कहा कि दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कालोनी वाला करोड़ों रुपये का बंगला (डी-1088) एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का रजिस्टर्ड आफिस था।

## आनंद बोस ने 'भ्रष्टाचार विरोधी सेल' का किया उद्घाटन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने राज्य भर के विद्यार्थियों की शिकायतें व्यक्तिगत रूप से सुनने के लिए यहां राजभवन में एक 'भ्रष्टाचार विरोधी सेल' का उद्घाटन किया है। इस कदम से राज्य सरकार के साथ उनके संबंधों में और खटास आने का खतरा है।

राज्यपाल द्वारा 'भ्रष्टाचार विरोधी सेल' का उद्घाटन करने पर, राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने चेतावनी दी कि उनका विभाग राज्यपाल के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाएंगे।

बोस द्वारा राज्य में प्रभावित विद्यार्थियों की शिकायतें सीधे सुनने के लिए ऐसे सेल की घोषणा के एक दिन बाद राजभवन में एक अगस्त को 'भ्रष्टाचार विरोधी सेल' खोला।

बसु ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, भ्रष्टाचार विरोधी सेल की स्थापना का मतलब है कि राज्यपाल राज्य सरकार के साथ टकराव की राह पर जाना चाहते हैं। यह कदम राज्य की उच्च शिक्षा को अपने नियंत्रण में लाने के लिए राज्यपाल की ओर से एक सीधा प्रयास है। इस राज्य में गैर-भाजपा सरकार है। देश भर में भाजपा शासित राज्यों में ऐसा कदम चल रहा है, लेकिन इस तरह का कदम पश्चिम बंगाल में यह अभूतपूर्व है।

बसु ने कहा, राज्य उच्च शिक्षा विभाग से परामर्श लिए बिना की गई कार्रवाई का मतलब है कि वह प्रतिष्ठान को भ्रष्टाचार का अड्डा मानने को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं।

### ओडिशा: सामाजिक सुरक्षा योजना में पचास और असंगठित क्षेत्र शामिल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को अधिकारियों को ओडिशा असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा बोर्ड कल्याण योजना के तहत 50 और असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों को कवर करने का निर्देश दिया। इस निर्णय के साथ, डिलीवरी बॉय, कुम्हार, लोहार, पाइप मैकेनिक, दर्जी, नाई, मछुआरे और स्पा, ब्यूटी पार्लर तथा सैलून में काम करने वाले लोगों को इस योजना के तहत कवर किया जाएगा। वर्तमान में रेहड़ी-पटरी वाले, छोटे दुकानदार, घरेलू नौकर, रिक्शाचालक, ऑटो चालक, कृषि श्रमिक, वन श्रमिक, समाचार पत्र हॉकर और स्वच्छता कार्यकर्ता सहित दस क्षेत्रों के श्रमिक योजना के तहत दी गई सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।

## कुमाऊं में बारिश का व्यापक असर, कोटबाग में फटा बादल, 59 सड़कें बंद

नैनीताल। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में मंगलवार रात से हो रही भारी बरसात का असर ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ा है। नैनीताल के कोटाबाग में जहां बादल फटने से चार दर्जन मकानों और गौशाला में मलबा घुसने की सूचना है वहीं भूस्खलन के चलते पहाड़ों में 59 सड़कें अवरूद्ध हैं। चीन सीमा को जोड़ने वाले तीन बार्डर मार्ग भी बंद पड़े हैं।

मिली जानकारी के अनुसार कोटाबाग के ओखलढूंगा में बादल फटने से चार दर्जन से अधिक घर और गौशाला पानी और मलबा की चपेट में आ गये। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को विस्थापित कर दिया है। फसलों को भी नुकसान की सूचना है। इसके साथ



ही जनपद में 25 सड़कें अवरूद्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक 19 मार्ग मलबा आने के चलते बंद हैं जबकि जिले में पांच राज मार्ग भी भूस्खलन की चपेट में आ गये हैं और यहां आवाजाही बंद है।

अतिवृष्टि का असर पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले इलाके में भी पड़ा है। यहां घटियाबगड़-लिपूलेख बार्डर रोड बंद होने से पहले से ही चीन सीमा से संपर्क कटा हुआ था और अब पिथौरागढ़-तवाघाट, तवाघाट-सोबला बार्डर मार्ग बंद होने से चीन सीमा से सटे गांवों से भी संपर्क कट गया है।


यहां कुल 19 सड़कें अवरूद्ध हैं। पिथौरागढ़ में काली नदी का जलस्तर खतरे के निशान से कुछ नीचे बह रहा है। यह हालांकि पिछले कई दिनों से चेतावनी के स्तर से 889 से 889.30 बना हुआ है। प्रशासन की ओर से चेतावनी जारी की गयी है। इसी प्रकार बागेश्वर में भी भूस्खलन के चलते एक जिला मार्ग समेत कुल 13 ग्रामीण बाधित हैं। यहां गोमती और सरयू नदी का जलस्तर में वृद्धि हुई है। अल्मोड़ा में दो गामीण मार्ग बंद पड़े हैं।

## राजस्थान विधानसभा में हंगामें के बीच पारित हुए पांच विधेयक

**जयपुर।** राजस्थान की पन्द्रहवीं विधानसभा के अष्टम सत्र के आखिरी दिन हंगामें के बीच पांच विधेयक ध्वनिमत से पारित किए गए।

सदन में विपक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य लाल डायरी एवं विधायक मदन दिलावर के सदन से निलंबन के मामले को लेकर हंगामा कर रहे थे और इस बीच राजस्थान राज्य कृषक ऋण राहत आयोग विधेयक-2023 को ध्वनिमत से पारित किया गया।

इससे पहले प्रारम्भ में सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने विधेयक को सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया, जिस पर चर्चा में विधायक बलवान पूनियां ने



भाग लिया और किसानों के सहकारिता बैंकों के अलावा अन्य बैंकों के ऋण भी माफ करने की मांग की। उन्होंने इस विधेयक का समर्थन किया। इसी तरह विधायक जगदीश चन्द्र ने भी चर्चा में भाग लेते हुए इसका समर्थन किया। इसके बाद सदन ने विधेयक को जनमत जानने के लिए परिचालित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से अस्वीकार कर दिया।

इसी तरह हंगामें के बीच ही राजस्थान विद्युत (शुल्क) विधेयक- 2023 ध्वनिमत से पारित किया गया। प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने विधेयक को सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया, जिस पर चर्चा में भाग लेते हुए विधायक बलवान पूनियां ने कहा कि बिजली के छोटे एवं बड़े दोनों उपभोक्ताओं में सम्मान व्यवहार किए जाने की मांग की। उन्होंने ढ़ाणियों के लंबित घरेलू बिजली कनेक्शन शीघ्र देने की भी मांग की।

इसके बाद सदन ने विधेयक को जनमत जानने के लिए परिचालित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से अस्वीकार कर दिया।

इसी प्रकार महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय, जोधपुर विधेयक - 2023 को ध्वनिमत से पारित किया गया। प्रारम्भ में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने विधेयक को सदन में विचारार्थ प्रस्तुत किया, जिस पर चर्चा के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इससे पहले सदन ने विधेयक को जनमत जानने के लिए परिचालित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से अस्वीकार कर दिया।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री जोशी का पुतला फूंका

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में आज प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री महेश जोशी का पुतला फूंका गया।

अजमेर के वार्ड 80 के वाशिंदों जिनमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने महावीर सर्किल फव्वारा पहुंच कर अधिसाषी अभियंता (शहर) कार्यालय पर गगनभेदी नारों के साथ पांच दिनों में पानी की आपूर्ति समय पर नहीं होने को लेकर आक्रोश व्यक्त किया और जलदाय मंत्री महेश जोशी के पुतले को आग के हवाले किया। वार्ड के वाशिंदों का आरोप है कि कांग्रेस राज में भाजपा पार्षदों के वार्ड में जानबूझकर पांच दिन या इससे ज्यादा समय में पानी दिया जा रहा है, जिससे वार्ड के निवासी पानी के लिये त्राहि त्राहि करने को मजबूर है।

उन्होंने इस बात पर भी गुस्सा जताया कि एक्स.ई.एन. सम्पतलाल जीनगर 12-12बजे तक कार्यालय में नहीं आते।

साथ ही स्टाफ का व्यवहार संतोषजनक नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि पानी आपूर्ति नहीं सुधारी गई तो बड़ा आन्दोलन खड़ा किया जायेगा।

## शार्ट न्यूज

### बीच सड़क पर युवक की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या; तमाशबीन बने रहे लोग

नई दिल्ली। दिल्ली में दिनदहाड़े एक युवक को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया गया। बताया जा रहा है कि पैसों के विवाद में युवक की हत्या की गई है। मृतक की पहचान संगम विहार के यूसुफ अली (21) के रूप में हुई है। इस घटना का दिल दहला देने वाला वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक युवक यूसुफ पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करते नजर आ रहा है। वहीं, वीडियो में अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं, जिन्होंने उसे बचाने की कोशिश भी नहीं की। वहीं, कुछ लोग बाद में आते हैं और हत्यारे की पिटाई करते हैं लेकिन तब तक पहुंच देर हो चुकी होती है। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि करीब तीन-चार दिन पहले शाहरुख नाम का एक लड़का पैसों को लेकर उसे धमका रहा था। उन्होंने कहा कि उनके बेटे यूसुफ ने कथित शाहरुख से तीन हजार रुपये उधार लिए थे और वह पीड़ित से पैसे मांग रहा था। वह उस पैसे को चुकाने में सक्षम नहीं था।

### दिल्ली पुलिस ने लग्जरी कार लूटने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का किया भंडाफोड़

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने लग्जरी कार लूटने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर 14 कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 25 लूटी गई लग्जरी कार बरामद की हैं, जिनमें से ज़्यादातर टोयोटा की कारें- फॉरच्यूनर, इन्नोवा और क्रिस्टा शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में 16 इंजन, 38 ऑटो, 18 फर्जी नंबर प्लेट, छह फर्जी पंजीकरण प्रमाणपत्र और जाली उच्च सुरक्षा नंबर प्लेट बनाने में प्रयुक्त सामान जब्त करने का भी खुलासा किया है। इस अपराध गिरोह का सरगना राजकुमार किरण सना सिंह मणिपुर का निवासी है। आसानी से पैसा कमाने के लिए इसने अपने सहयोगियों आकाश देसाई, यश देसाई, ऑस्टिन कार्डोज़, बप्पा घोष, डैडी सिंह और एम.के. के साथ मिलकर चोरी की लक्जरी कारों का कारोबार करने वाले इस अपराध गिरोह का गठन किया। पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि ये अपराधी चोरी की कारों पर चेसिस नंबर अंकित करने के लिए एक रसायन का उपयोग करते हैं, जिसका उपयोग सुनार सोना पिघलाने के लिए करते हैं।

### गाजियाबाद में महिला ने बुजुर्ग पर बरसाए डंडे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की हाउसिंग सोसाइटी में स्ट्रे डॉग्स को फीडिंग कराने पर विवाद सामने आया है। फीडिंग का विरोध करने पर पशु प्रेमी महिला ने 78 साल के बुजुर्ग पर डंडे बरसा दिए। बुजुर्ग ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया, ये घटना क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की पंचशील सोसाइटी की है। सिमरन नामक महिला स्ट्रे डॉग्स को खाना खिला रही थीं। वहीं रहने वाले 78 साल के रूपनारायण मेहरा ने इसका विरोध किया। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई है। एसीपी ने बताया, इस घटना से जुड़ी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें महिला की ओर से बुजुर्ग को डंडे से पीटते हुए दिखाया जा रहा है। बुजुर्ग की शिकायत पर हमने सिमरन के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बुजुर्ग रूपनारायण मेहरा ने बताया, सोसाइटी में स्ट्रे डॉग्स का आतंक है। आए दिन काटने की घटनाएं सामने आती हैं। मैंने महिला से कहा था कि वो कहीं और ले जाकर कुत्ते को फीडिंग कराएं।

### प्रॉपर्टी कारोबारी को बेरहमी से पीटा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के वेव सिटी इलाके में मंगलवार रात कुछ युवकों ने एक प्रॉपर्टी कारोबारी को बुरी तरह पीटा। गले से चेन तोड़ ली और भाग गए। उसके बाद कुछ और युवक आए, उन्होंने भी पिटाई की और वे भी लूटपाट कर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गया। हालांकि इसके पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। प्रॉपर्टी कारोबारी अमित कुमार वेव सिटी सेक्टर-2 में रहते हैं। उन्होंने मामले में अतुल, विपुल, मुकुल समेत चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। अमित का कहना है कि रात वह अपने कार्यालय से घर जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक युवक सिक्योरिटी गार्ड से रास्ता पूछने के बाद उससे अभद्रता कर रहा था। उन्होंने उससे ऐसा करने से मना किया। इसी बीच स्विफ्ट कार सवार चार लोग आए और बिना किसी बात के उन पर हमला कर दिया और गिराकर लात-घूंसे मारे। ये युवक सोने की चेन तोड़कर भाग गए। कुछ ही देर बाद में स्कॉर्पियो कार सवार उनके और साथी आए और फिर से पिटाई करने लगे और गला दबाने लगे। इसी बीच वे हाथ से कड़ा निकालकर फरार हो गए। एसीपी वेव सिटी सलोनी अग्रवाल का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### गाजियाबाद में रंगदारी न देने पर गिराई दीवार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक लाख रुपए रंगदारी न देने पर दबंग किस्म के लोगों ने निर्माणाधीन दीवार गिरा दी। पीड़ितों का सीधे तौर पर आरोप है कि वे शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे तो दरोगा ने फैसला कर लेने का दबाव बनाया। हालांकि काफी जद्दोजहद के बाद मंगलवार देर रात पुलिस ने दूसरे पक्ष पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ये पूरा मामला क्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के अकबरपुर बहरामपुर का है। पीड़ित असलम के अनुसार, %मैंने कर्जा लेकर एक प्लॉट खरीदा और उस पर निर्माण काम शुरू किया। 20 जुलाई को रवि यादव, ललित यादव, मनोज सहित कई लोग आए। धमकी दी कि हमसे पूछे बिना प्लॉट पर काम चालू कैसे कर दिया। मैंने जब प्लॉट के कागज दिखाने चाहे तो आरोपियों ने दीवार तोड़ दी। ये धमकी दी कि अगर प्लॉट पर काम करना है तो एक लाख रुपए देने होंगे। असलम ने बताया, जब मैं इस मामले की एप्लिकेशन लेकर पुलिस चौकी प्रभारी अकबरपुर बहरामपुर के पास पहुंचा तो दरोगा ने कहा कि जब निर्माण करो, मुझे बता देना।

### रेलवे ट्रैक पर मिले शव की नहीं हुई पहचान

**गुरुग्राम।** रेवाड़ी-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर गुरुग्राम व बिजवासन रेलवे स्टेशन के बीच बीती रात एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। रात 11.45 बजे ट्रैक पर शव पड़ा होने की सूचना मिलने के बाद गुरुग्राम रेलवे स्टेशन की राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) टीम मौके पर पहुंची और क्षत-विक्षत शव के टुकड़ों को एकत्रित किया। जीआरपी गुरुग्राम के उप निरीक्षक बृजेश कुमार ने बताया कि गुरुग्राम से दिल्ली की ओर ट्रैक पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। शव काफी क्षत-विक्षत हालत में मिला। शव के पास किसी भी तरह का कोई पहचान पत्र नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मृतक की आयु लगभग 30/32 वर्ष है। मृतक ने क्रीम कलर का लोवर, सफेद टी-शर्ट, सफ़ेद गमछा, सफेद रंग की बनियान सैंडो पहनी हुई थी। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है।

### सार्वजनिक स्थान पर नहीं पढ़ने देंगे नमाज

गुरुग्राम। समग्र हिंदू सेवा संघ ने दो जुमे के बाद खुले में नमाज पढ़ने पर रोक लगाने का संकेत दिया है। इसके लिए संघ ने बुधवार को जिला उपायुक्त निशांत यादव को ज्ञापन सौंपा। साथ ही अगले 15 दिन में अवैध मास विक्रेताओं और रेहड़ी पटरी वालों पर नकेल कसने की भी बात कही है। समग्र हिंदू संघ ने उपायुक्त को लगभग डेढ़ साल पहले हिंदू-मुस्लिम संप्रदाय के बीच प्रशासनिक मध्यस्तता से हुई सहमति याद दिलाई। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि छह दिसंबर 2021 को संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति और मुस्लिम इमाम संगठन के बीच जिला प्रशासन की उपस्थिति में खुले में नमाज बंद करने पर सहमति बनी थी। उस दौरान जिला इमाम संगठन ने अति अल्प समय के लिए छह स्थानों पर खुले में नमाज पढ़ने की स्वीकृति मांगी। इमाम संगठन ने लिखित आश्वासन दिया कि जल्द ही इन छह स्थानों को मुक्त कर अन्य स्थान पर नमाज पढ़ी जाएगी। वर्तमान में 18 महीने बीतने के बाद भी इन जगहों पर नमाज बंद नहीं की गई। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि 24 से अधिक संगठनों को मिलाकर समग्र हिंदू सेवा संघ बना है।

# उपहार सिनेमा हॉल की सीलिंग हटाने का आदेश

## 26 वर्ष पहले अग्निकांड में 59 लोगों की हो गई थी मौत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। अदालत ने आखिर 26 वर्ष से बंद पड़े ग्रीन पार्क एक्सटेंशन स्थित उपहार सिनेमाघर की सीलिंग हटाने का आदेश दे दिया। अदालत ने कहा कि संपत्ति सील रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। सिनेमाघर में 13 जून 1997 को बॉलीवुड फिल्म 'बॉर्डर' की स्क्रीनिंग के दौरान आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई थी।




पटियाला हाउस अदालत के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय गर्ग ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) दिल्ली पुलिस और उपहार त्रासदी पीड़ितों के संघ (एवीयूटी) की अध्यक्ष नीलम कृष्णमूर्ति पहले ही आवेदक को सिनेमाघर वापस करने के लिए उच्चतम न्यायालय को अपनी अनापत्ति दे चुकी हैं।

सिनेमा हाल से सीलिंग हटाने की अर्जी अंसल थिएटर्स एंड क्लब होटल्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर की गई थी, जिसके पूर्व निदेशक रियल एस्टेट कारोबारी सुशील अंसल और गोपाल अंसल है। इस मामले में अंसल बंधुओं को दोषी ठहराया गया था।

अदालत ने कहा क्योंकि मुकदमा अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है, इसलिए संपत्ति को सील रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। अदालत ने कृष्णमूर्ति की उस दलील को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले की एक प्रति दाखिल करने, लेकिन अदालत को गुमराह करने के वास्ते जानबूझकर एक पृष्ठ के नीचे की कुछ पंक्तियां छोड़ने के लिए आवेदक के खिलाफ उचित कार्रवाई का अनुरोध किया था। अदालत ने कहा कि ऐसा अनजाने में हुआ है।

### हर्बल दवाओं के नाम पर ठगी करने वाले तीन पकड़े

नई दिल्ली। लाजपत नगर थाना पुलिस ने हर्बल दवाइयों के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दलीप बेलानी उर्फ विशाल पंडित, सौरभ सिंह और शेखर वेंकटप्पा शिर्के लाइलाज बीमारियों के उपचार के लिए हर्बल दवाएं बेचकर ठगी कर रहे थे। डीसीपी राजेश देव ने बताया कि 30 जुलाई को सुमित वर्मा ने लाजपत नगर थाने में एक शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनका बेटा ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित है, जिसका पिछले पांच वर्षों से उपचार चल रहा है। जुलाई के पहले सप्ताह में उनका परिवार नोएडा के एक मॉल में गया था, वहां एक व्यक्ति ने उनके बेटे के उपचार के बारे में बताया और लाजपत नगर से हर्बल दवा देने लिए कहा। वह लाजपत नगर में दुकान पर पहुंचे, जहां विशाल पंडित नाम के शख्स ने हर्बल तेल से उनके बेटे का उपचार किया और तेल भिगोई जड़ी-बूटी दी। उसने इसका पांच लाख रुपये का बिल बनाया।

### मध्यस्थ अधिवक्ताओं को भुगतान किए जाने वाले मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने दिल्ली के जिला अदालतों- तीस हजारी, कड़कड़डूमा, रोहिणी, द्वारका, साकेत और पटियाला हाउस कोर्ट परिसरों में स्थित मध्यस्थता केंद्रों में काम करने वाले मध्यस्थ अधिवक्ताओं को भुगतान किए जाने वाले मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव काफी समय से लंबित था। मध्यस्थ अधिवक्ताओं के मानदेय में संशोधन/वृद्धि वर्ष 2014 के बाद से नहीं हुई थी। उपराज्यपाल द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब उन लोगों को मदद मिलेगी जिनका पारिश्रमिक रुका हुआ था। संशोधित मानदेय जो कि 07.05.2022 लागू होगा, के अनुसार मध्यस्थता के माध्यम से निपटाए गए मामलों में मध्यस्थों को 5000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा संबंधित मामलों 1000 रुपये प्रति मामले और अधिकतम 3000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। किसी भी तरह का कोई समझौता न होने की स्थिति में (यदि पक्ष तीन सुनवाई के बावजूद सौहार्दपूर्ण समाधान पर पहुंचने में विफल रहता है), तो मध्यस्थों को 2500 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इससे पहले इस स्थिति में मध्यस्थों के लिए कोई मानदेय लागू नहीं था। सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) ने 04.02.2014 को फैसला किया था कि 01.04.2015 से प्रति मामले 3000 रुपये (दो या अधिक जुड़े मामलों के साथ, अधिकतम 4000 रुपये) का भुगतान किया जाएगा। वैवाहिक मामलों (आपराधिक सहित), हिरासत, संरक्षकता, विभाजन और कब्जा और अन्य सभी मामलों के लिए मध्यस्थता के माध्यम से हुए समझौते कि स्थिति में मध्यस्थों को प्रति मामला 2000 रुपये (दो या अधिक जुड़े मामलों के साथ, अधिकतम 3000 रुपये होंगे) का भुगतान किया जाएगा। 2014 के निर्णय के अनुसार मध्यस्थों को प्रति मामला 500 रुपये, अधिकतम 1,000 रुपये (जुड़े मामलों की संख्या की परवाह किए बिना) का भुगतान किया जाना था और समझौता नहीं होने की स्थिति में कोई मानदेय लागू नहीं था।

## 6 वें इंडियन इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो का शुभारंभ

गौतम बुद्ध नगर। 6वें इंडियन इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो, आईएचई 2023 का उद्घाटन बुधवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने । ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड में धूमधाम के बीच इसका शुभारंभ हुआ। भारत के सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री को प्रदर्शित करने वाला चार दिवसीय कार्यक्रम 2 अगस्त से 5 अगस्त तक चलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने अपने भाषण में पर्यटन पर विशेष ध्यान देने के साथ ग्रीन इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे को विकसित करने और हरित ऊर्जा परियोजनाओं को शुरू करने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने आतिथ्य और पर्यटन उद्योगों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया और उन्हें सरकार की प्रतिबद्धता का आश्वासन देते हुए अपनी बात समाप्त की। एक प्रतीकात्मक संकेत में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने आईएचई-2023 के उद्घाटन की घोषणा की और इस आयोजन के लिए एक्जीबिटर डायरेक्टरी जारी की। उन्होंने प्रसिद्ध शेफ नंद लाल शर्मा की पुस्तिका देवताओं के व्यंजन का भी अनावरण किया। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने मुख्यमंत्री और हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सैना, हिमांचल प्रदेश ट्यूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन रघुबीर सिंह बाली, हिमाचल प्रदेश रेजिडेंट कमिश्नर मीरा मोहंती, और अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. कुमार के स्वागत भाषण ने राज्य की सुंदरता और आतिथ्य की प्रशंसा करते हुए हिमाचल प्रदेश को मीटिंग्स, कॉन्फ्रेंस और प्रदर्शनियों के लिए एक प्रमुख स्थल के रूप में पेश किया गया।

# फिल्में सकारात्मकता पैदा करने के लिए बहुत उपयोगी उपकरण हो सकती हैं : एनएचआरसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने लघु फिल्म प्रतियोगिता-2022 समारोह के अवसर पर कहा कि फिल्में मानव जीवन और भावनाओं की अभिव्यक्ति के एक बहुत ही प्रभावी माध्यम के रूप में विकसित हुई हैं। फिल्में मन को प्रभावित कर सकारात्मकता पैदा करने करने के लिए बहुत उपयोगी उपकरण हो सकती हैं।

एनएचआरसी ने अपनी लघु फिल्म प्रतियोगिता-2022 के छह विजेताओं को उनकी बेहतरीन फिल्मों के लिए राष्ट्रीय राजधानी में एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, सदस्य डॉ. ज्ञानेश्वर एम. मुले राजीव जैन ने महासचिव भरत लाल और महानिदेशक (अन्वेमषण) मनोज यादव की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए।

अध्यक्ष ने कहा कि विजेताओं की फिल्मों ने असमानता, बाल शिक्षा और पर्यावरण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया है, जो सराहनीय हैं।

इस समारोह के अवसर पर मराठी भाषा में श्री नीलेश अंबेडकर की फिल्म 'चिरभोग' को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती भवानी डोले ताहू की असमिया भाषा में उनकी फिल्म 'इनेबल्ड' को दूसरा पुरस्कार और श्री टी. कुमार की तमिल भाषा में फिल्म 'अत्चम थविर' को तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

तीन अन्य फिल्में राजदत्त रेवनकर की लॉस्ट इन प्रोग्रेस, अब्दुल रशीद भट की %डोंट बर्न लीव्स% और हारिल शुक्ला की %यू-टर्न% फिल्म को %सर्टिफिकेट ऑफ स्पेशल मेंशन से सम्मानित किया गया।

ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के अलावा, पहली तीन पुरस्कार विजेता फिल्मों को क्रमश: दो लाख, 1.5 लाख और एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। सर्टिफिकेट ऑफ स्पेशल मेंशन फिल्मों में से प्रत्येक को 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इससे पहले, एनएचआरसी के महासचिव भरत लाल ने आयोग की लघु फिल्म प्रतियोगिता की पृष्ठभूमि के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता की स्थापना 2015 में की गई थी। आयोग के पास लगभग 50 पुरस्कार विजेता फिल्में हैं और वह उन्हें मानव अधिकार जागरूकता के लिए उपयोग करने हेतु केंद्र और राज्यों के विभिन्न सरकारी विभागों को भेज रहे हैं। उन्होंने बताया कि साल 2022 में आयोग को 137 फिल्में प्राप्त हुई थीं, जिन्हें पुरस्कारों के लिए चयन की प्रक्रिया में शामिल किया गया।

# इग्नू ने वायु सेना अग्निवीरों के लिए पोर्टल शुरू किया

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने अग्निवीरों को कौशल-आधारित स्नातक डिग्री कार्यक्रम के लिए भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के साथ समझौता किया है। इसके तहत मंगलवार को इग्नू परिसर में भारतीय वायु सेना के अग्निवीरों के लिए एडमिशन पोर्टल शुरू किया।



इस अवसर पर इसे इग्नू के कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव, एयर मार्शल एसके झा, पीवीएसएम एवीएसएम, भारतीय वायु सेना ने लॉन्च किया। इग्नू के अनुसार इस योजना के तहत उनके लिए बैचलर ऑफ आर्ट्स (एप्लाइड स्किल्स), बैचलर ऑफ आर्ट्स (एप्लाइड स्किल्स) पर्यटन प्रबंधन,बैचलर ऑफ आर्ट्स (एप्लाइड स्किल्स) , बैचलर ऑफ कॉमर्स (एप्लाइड स्किल्स) तथा बैचलर ऑफ साइंस (एप्लाइड स्किल्स) के कोर्स में दाखिला दिया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों में 120 क्रेडिट शामिल हैं, जिनमें से 60 क्रेडिट के पाठ्यक्रम इग्नू द्वारा पेश किए जाते हैं, जबकि शेष 60 क्रेडिट सशस्त्र बलों द्वारा सेवाकालीन कौशल शिक्षा के रूप में प्राप्त होंगे। सशस्त्र बलों द्वारा पेश किए जाने वाले कौशल पाठ्यक्रमों को कौशल शिक्षा के लिए नियामक संस्था, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

ये कार्यक्रम कौशल शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा के एकीकरण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के अनुरूप भी हैं। इग्नू द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पहल से अग्निवीरों को सेवा के दौरान स्नातक की डिग्री प्राप्त करने में मदद मिलेगी और सेवा के बाद उनकी रोजगार क्षमता में सुधार होगा।

### ट्रैक अपग्रेड होने पर बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

**गुरुग्राम।** रेलवे विभाग द्वारा दिल्ली-रेवाड़ी-जयपुर ट्रैक की तकनीकी व इंफ्रा में सुधार करके अपग्रेड किया जा रहा है। इस ट्रैक पर ट्रेनों की रफ्तार 100 से 130 किमी. प्रति घंटा तक बढ़ाने की योजना है, जिसमे ट्रेनों को गंतव्य तक पहुंचने में कम समय लग सके। ट्रैक अपग्रेड करने का 80 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। यह ट्रैक रेलवे के व्यस्ततम रूटों में से एक है। इस रूट पर दिल्ली, गुरुग्राम, जयपुर होते हुए अजमेर तक वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। दिल्ली-रेवाड़ी-जयपुर का रेलवे ट्रैक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक हो चुका है। इस रूट पर अधिकतर ट्रेनें बिजली के इंजनों से संचालित की जा रही हैं। बिजली इंजन वाली एक्सप्रेस ट्रेनों की रफ्तार 80 से 90 किमी. प्रति घंटा है और पैसेंजर ट्रेनों की रफ्तार लगभग 70 किमी. प्रति घंटा है। रेलवे विभाग ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए ट्रैक को अपग्रेड करा रहा है। ट्रैक को रफ्तार के अनुरूप तैयार किया जा रहा है ताकि जब ट्रैक पर रफ्तार से ट्रेन दौड़े तो किसी प्रकार की समस्या ना हो। वंदे भारत ट्रेन को 130 किमी. प्रति घंटा रफ्तार चलाने की है, लेकिन इस ट्रैक पर 100 किमी. प्रति घंटा ही चलाई जा रही है।रफ्तार बढ़ने से ट्रेन के आवागमन में कम समय लगेगा। जयपुर मंडल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि दिल्ली-रेवाड़ी-जयपुर रूट पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए ट्रैक को अपग्रेड करने का कार्य किया जा है। इस साल के अंत तक ट्रैक को अपग्रेड करने की योजना है।

### लिव इन पार्टनर महिला की हत्या

नई दिल्ली। शाहदरा के गीता कॉलोनी इलाके में मंगलवार शाम एक युवक ने लिव इन पार्टनर महिला की पीट पीटकर हत्या कर दी । वारदात के बाद आरोपी सुसाइड नोट छोड़कर फरार हो गया। सुसाइड नोट में आरोपी ने महिला पार्टनर की हत्या की कबूली और खुद भी आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।पुलिस के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 7ः23 बजे एक शख्स ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बहन को उसके लिव इन पार्टनर ने घायल कर दिया है। पुलिस गीता कॉलोनी में शास्त्री नगर के न्यू लाहौर पहुंची, जहां मकान की दूसरी मंजिल पर महिला खून से लथपथ हालत में पड़ी थी। पूछताछ में पता चला कि 43 वर्षीय पूजा 37 वर्षीय दीपक के साथ रह रही थी। दीपक ऑटो चालक है। उन दोनों के साथ पूजा के पहले पति का 15 वर्षीय बेटा भी रहता है। पुलिस ने बेटे की काउंसलिंग की तो उसने बताया कि दीपक ने दोपहर में उसे क्लास करने के लिए भेज दिया था। शाम को जब वह लौटा तो कमरे का ताला बंद मिला। ताला तोड़कर देखा तो उसकी मां खून से लथपथ पड़ी थी। आरोपी दीपक और उसकी मां के बीच पिछले कुछ महीने से मनमुटाव चल रहा था। दो महीने से दीपक अलग रह रहा था। मंगलवार को ही वह उनके कमरे पर आया था।

# दिल्ली में बजरंग दल का प्रदर्शन, सड़क पर हनुमान चालीसा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के बाद अब विरोध प्रदर्शन की आंच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक पहुंच चुकी है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दिल्ली में कई जगहों पर प्रदर्शन किया है। वीएचपी और बजरंग दल कार्यकर्ताओं के इस प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कई जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बजरंग दल और वीएचपी के इस प्रदर्शन की वजह से विकास मार्ग के आसपास ट्रैफिक जाम लग गया। विकास मार्ग ईस्ट दिल्ली को जोड़ता है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आए हैं उसमें नजर आ रहा है कि बजरंग दल के कार्यकर्ता निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन के नजदीक हनुमान चालीसा भी पढ़ रहे हैं। बाद में उन्होंने विकास मार्ग को ब्लॉक करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया। पुलिस हालात पर नजर बनाए रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट कर कहा, रेड लाइट पर प्रदर्शन की वजह से आज सुबह 8 बजे से निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन से विकास मार्ग तक रास्ता पूरी तरह बंद रहा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बताया है कि जो यात्री गाजियाबाद या दिल्ली-मेरठ-ई-वे से आकर आईटीओ की तरफ जा रहे हैं वो एनएच-24 से जाएं। इसके अलावा जो यात्री विवेक विहार से आ रहे हैं वो आईटीओ के लिए नाला रोड लें। बाद में पुलिस ने बताया कि निर्माण विहार रेड लाइन पर यातायात सामान्य है। यात्री प्रदर्शन वाले रास्तों से होकर गुजरने से बचें।

हरियाणा के नूंह, गुड़गांव, फरीदाबाद तथा पलवल में हिंसा के बाद हरियाणा से सटे दिल्ली के कुछ इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है और सभी बंदोबस्त किये गये हैं। दिल्ली के सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाए गए हैं। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। दिल्ली पुलिस की तरफ से कहा गया है कि दिल्ली की सुरक्षा और सांप्रदायिकता को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश पर कड़ा प्रहार किया जाएगा।

दिल्ली को घोंडा चौक पर भी नूंह में हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। वीडियो में नजर आ रहा है कि यहां कई लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस ने यहां बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। बजरंग दल के कार्यकर्ता यहां प्रदर्शन करते नजर आए हैं।

# दिल्ली में डेंगू मरीजों के लिए अस्पतालों में आरक्षित होंगे 5 फीसदी बेड

नई दिल्ली। दिल्ली के सभी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए 5 फीसदी बेड आरक्षित होंगे। यही नहीं डेंगू मरीजों के लिए अस्पताल में अलग वार्ड की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने डेंगू के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए बुधवार को दिल्ली सरकार, एमसीडी और केंद्र सरकार के अस्पतालों से आएं चिकित्सा अधीक्षकों व नोडल अधिकारियों के साथ बैठक में फैसला किया गया। अस्पतालों को डेंगू से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। रोजाना डेंगू के मामले की रिपोर्ट देने को भी कहा है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित बैठक में सौरभ भारद्वाज ने सभी नोडल एजेंसियों के अस्पतालों से उनके वहां डेंगू मरीजों की वर्तमान स्थिति को लेकर जानकारी ली।



बैठक में चिकित्सा अधीक्षकों ने बताया कि उनके यहां डेंगू से निपटने के लिए तैयारी चल रही है। अस्पतालों ने कहा कि अभी आपदा जैसी स्थिति नहीं है। अस्पताल डेंगू मरीजों के इलाज के लिए पूरी तरह से तैयार है। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पतालों को डेंगू मरीजों के तत्काल इलाज की शुरू करने का निर्देश दिया। उसमें देरी या लापरवाही नहीं करने का निर्देश दिया है। अलग वार्ड बनाने को कहा है जिससे उनकी ठीक से देखभाल हो सके।

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बैठक में कहा कि हमें डेंगू से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। इसके लिए अस्पतालों को मौजूदा बेड में से 5 फीसदी बेड को आरक्षित करने का निर्देश दिया है। ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई आपदा जैसी स्थिति आती है तो उस स्थिति से निपटने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल भी अपने यहां आने वाले लोगों को डेंगू से बचने के उपायों को लेकर जागरूक करें। अस्पतालों में मच्छरजनित बीमारियां पैदा ना हो, पानी जमा ना हो इसका ख्याल रखा जाएं।

## ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़, 2 बदमाशों को लगी गोली

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस की केटीएम बाइक सवार बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई।

मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटी हुई 7 सोने की चेन और एक चोरी की केटीएम बाइक बरामद की है। इन दोनों बदमाशों पर एक एक दर्जन से ज्यादा लूट के मुकदमे दर्ज हैं।

बुधवार दोपहर को बिसरख थाना पुलिस अजनारा गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस को एक केटीएम मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन दोनों लोगों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने विपरीत दिशा में अपनी मोटरसाइकिल को दौड़ा दिया। पुलिस ने भी उन लोगों का पीछा करना शुरू कर दिया।

थोड़ी दूरी पर जाकर वह लोग मोटरसाइकिल छोड़कर भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और इस फायरिंग के दौरान दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई।

## संपादकीय

# पर्व-त्योहारों पर क्यों हो रही हिंसा ?

धार्मिक यात्रा के दौरान हिंसा की घटनाएं आम बात हो गई है। किसी भी धार्मिक यात्रा का उद्देश्य और परिणाम सौहार्द का विस्तार होना चाहिए। लेकिन आए दिन यह देखने में आता है कि अलग-अलग समुदायों की ओर से किसी पर्व-त्योहार के मौके पर निकाली जाने वाली यात्राओं के तय मार्ग से अलग रास्ते पर चल पड़ने या फिर किसी अन्य वजह से खड़े होने वाले विवाद के बाद लोग उग्र हो जाते हैं।

फिर पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए जरूरी कदम उठाने पड़ते हैं तो उस पर भी सवाल उठते हैं। इसी क्रम में कई बार भीड़ अराजक और हिंसक हो जाती है, जिसमें नाहक ही लोगों की जान चली जाती है। हरियाणा के नूंह में सोमवार को निकाली गई एक धार्मिक यात्रा के दौरान अचानक कुछ लोगों ने पत्थरबाजी कर दी।

इसके बाद टकराव इस कदर हिंसक हो गया कि उसमें होमगार्ड के दो जवानों सहित पांच लोगों की जान चली गई, कई बुरी तरह घायल हो गए। हालात को काबू में करने के लिए वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए, कुछ जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। यानी धार्मिक आयोजन के रूप में जिस यात्रा का हासिल सद्भाव का संदेश होना चाहिए था, वह हिंसक संघर्ष के रूप में तब्दील हो गया।

सवाल है कि आखिर वे कौन लोग होते हैं, जिन्हें ऐसे आयोजनों में अचानक दिक्कत हो जाती है या कोई अपनी मंशा के मुताबिक चलने के लिए कानून तक को ताक पर रखने से नहीं हिचकता। विडंबना यह है कि किसी धर्म से जुड़े ऐसे जुलूसों का अराजक हो जाना आम होता जा रहा है। पिछले हफ्ते शनिवार को राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुहर्रम के जुलूस के दौरान जब एक समूह को तय मार्ग से अलग रास्ते पर जाने से रोका गया तो उसमें शामिल लोगों ने तोड़फोड़ मचा दी और हिंसा पर उतर आए।

किसी तरह पुलिस को स्थिति संभालनी पड़ी। इसी तरह, रविवार को बरेली में निर्धारित मार्ग से अलग कांवड़ यात्रा निकालने के सवाल पर लोगों की पुलिस से झड़प हो गई। ऐसे जुलूस निकालने वाले लोगों को आखिर किन वजहों से प्रशासन की ओर से तय मार्ग से अलग किसी और रास्ते पर जाना जरूरी लगने लगता है ? क्या इसके पीछे कोई अन्य मंशा काम कर रही होती है ?

यह किसी से छिपा नहीं है कि किसी भी धार्मिक यात्रा या जुलूस के दौरान सरकार या प्रशासन को सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कई बार भारी संख्या में पुलिस को तैनात करना पड़ता है। मगर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कुछ लोगों के भीतर यह विचित्र जिद पैदा हो जाती है कि वे निर्धारित मार्ग से इतर किसी और रास्ते से जुलूस को लेकर जाएंगे।

जबकि विवाद की आशंका के मद्देनजर ही प्रशासन की ओर से धार्मिक यात्राओं या जुलूसों का मार्ग तय किया जाता है। हालांकि धर्म का मर्म जो कहता है, उसके मुताबिक किसी पर्व-त्योहार के मौके पर सभी समुदायों के बीच माहौल में अपने आप ही सौहार्द घुलना चाहिए और इसके लिए सबको अपनी ओर से सजग रहना चाहिए। लेकिन हालत यह है कि ऐसे मौकों पर भारी तादाद में पुलिस बल को तैनात किया जाता है, ताकि कानून व्यवस्था को बनाए रखा जा सके।

जरूरत इस बात की है कि आयोजन चाहे किसी भी समुदाय की ओर से हो, धार्मिक जुलूसों के दौरान प्रशासन की ओर से निर्धारित मार्ग के बजाय अगर लोग अन्य रास्ते पर जाने की जिद करने लगें तो इसके लिए आयोजकों की जिम्मेदारी तय की जाए। किसी भी धार्मिक यात्रा की खूबसूरती उसके जरिए सद्भाव का संदेश फैलाने में है।

# बाढ़ से बचाव को लेकर सरकार गंभीर नहीं

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब आदि राज्यों में भारी बरसात और बाढ़ ने जैसा कहर ढाया, वह सबके सामने है।

प्रकृति अपने मूल स्वरूप में जीवन देती है। लेकिन मौसम का अपना चक्र होता है। बरसात के दिनों में बाढ़ से बड़े पैमाने पर जानमाल के नुकसान की घटनाएं अब आम होती देखी जा सकती हैं। हालांकि बाढ़ या मौसम के अनुरूप अन्य किसी प्राकृतिक उथल-पुथल को रोका जाना संभव नहीं होता, लेकिन इससे बचाव के कुछ साधारण इंतजामों के जरिए बहुत कुछ बचाया जरूर जा सकता है।

विडंबना यह है कि मौसम के स्वरूप के बारे में आज विस्तृत अध्ययन की सुविधा होने और उसके बारे में काफी हद तक सही पूर्वानुमानों के बावजूद अमूमन हर साल आपदाओं की वजह से जानमाल का व्यापक नुकसान होता है। हजारों लोगों की जान चली जाती है, अरबों रुपए की संपत्तियां तबाह हो जाती हैं।

हाल में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब आदि इलाकों में भारी बरसात और बाढ़ ने जैसा कहर ढाया, वह सबके सामने है। इससे पहले भी बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे इलाकों में हर वर्ष बाढ़ बहुत तबाह करती रही है। अब केरल और कर्नाटक जैसे दक्षिण भारतीय इलाकों में भी बरसात और बाढ़ की वजह से भारी क्षति होने लगी है।

गौरतलब है कि सोमवार को सरकार ने राज्यसभा में बताया कि देश में सन 2012 से 2021 के बीच बाढ़ और भारी बारिश की वजह से सत्रह हजार चार सौ बाईस लोगों की जान चली गई। करीब साढ़े पांच लाख पालतू पशुओं की भी मौत हो गई। इस दौरान घरों, फसलों सहित कुल दो लाख छिहत्तर हजार चार करोड़ का नुकसान हुआ।

ऐसी आपदाओं के बाद नुकसानों का सटीक आकलन कई बार मुमकिन नहीं हो पाता, क्योंकि कई स्तर पर वास्तविक क्षति के ब्योरे नहीं दर्ज हो पाते हैं। सही है कि कई बार बाढ़ या अन्य आपदाओं का स्वरूप बिगड़ जाता है और उससे बड़े पैमाने पर तबाही होती है। लेकिन अगर समय पर बचाव के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं तो बहुत सारे लोगों की जान बचाई जा सकती है।

यों बाढ़ की आशंका वाले शहरी क्षेत्रों में इस समस्या से निपटने के लिए भूजल पुनर्भरण और अन्य प्रकृति आधारित समाधानों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की ओर से कई पहलकदमी हुई है, लेकिन अभी उनका पूरी तरह जमीन पर उतर पाना बाकी है।

यों बरसात के मौसम में कभी ज्यादा बारिश और उससे नदियों में आने वाली बाढ़ एक सामान्य और स्वाभाविक चरण है। अगर नदियों की राह अति की हद तक बाधित नहीं हो, तो पानी अपनी रफ्तार से आकर निकल जाता है और अक्सर जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ा जाता है।

लेकिन किसी भी तरह के अनियंत्रित निर्माण की वजह से नदियों के रास्ते में बाधा खड़ी होती है तो बाढ़ के दिनों में उसका प्रवाह आसपास के इलाकों को तबाह कर डालता है। मुश्किल यह है कि आपदा से होने वाली क्षति के लंबे अनुभवों के बावजूद अब तक बाढ़ की स्थिति में जल निकासी के पर्याप्त इंतजाम से लेकर वर्षा जल संचयन की दिशा में ठोस योजनाओं को लेकर गंभीरता कम ही दिखती है। बरसात के मौसम में नदियों के प्रवाह और जलग्रहण क्षेत्रों में आपातकालीन बचाव इंतजाम भी सिर्फ तब दिखते हैं, जब कोई आपदा कहर बरपाने लगती है। जबकि अगर इसे प्रकृति की सामान्य गतिविधि के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए तो नदियों के प्रवाह और उसके जलग्रहण क्षेत्रों को बाधित करने के बजाय बचाव की पूर्व तैयारी की जा सकती है। इसके अलावा, आपदा के दौरान आपात स्थिति में बचाव कार्यों का तंत्र ठोस तरीके से काम करे तो मनुष्यों और अन्य जीवों की नाहक मौत को टालने के साथ-साथ अन्य नुकसानों को काफी कम किया जा सकता है।

# राजेन्द्र सिंह गुढ़ा की लाल डायरी में क्या सचमुच निपटेंगे कई दागदार

## राजस्थान कांग्रेस में गहलोत और पायलट के बीच अब राजेन्द्र सिंह गुढ़ा भी बने तीसरे किरदार



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

राजस्थान की कांग्रेस सरकार अभी तक जितना अपने कार्यो और योजनाओं के लिए पूरे देश में नहीं जानी गई उतना अपने विधायकों और मंत्रियों के नए नए कारनामों से चर्चा में बनी रही।

दरअसल इसी कड़ी में अब राजस्थान सरकार में एक नया नाम जुड़ गया है वहा की मौजूदा कांग्रेस सरकार के पूर्व सैनिक कल्याण, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री रहें राजेन्द्र सिंह गुढ़ा का है। दरअसल राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने बीते दिनों राजस्थान विधानसभा के अंदर एक लाल डायरी का जिक्र करते हुए कहा कि उनके पास मौजूद इस लाल डायरी में कई ऐसे तथ्य है जिससे राजस्थान सरकार के अच्छे अच्छे नेता और मंत्री निपट जाएंगें। दरअसल राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के इसी बयान के बाद ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुजरी 22 जुलाई को ही अपने मंत्रीमंडल से बर्खास्त कर दिया। हालांकि इसके बाद जब उदयपुर वारी सीट से विधायक गुढ़ा लाल डायरी लेकर राजस्थान विधानसभा स्पीकर के पास पहुंचें तो स्पीकर ने उनसे डायरी लेने से मना कर दिया। दरअसल आज के इस लेख में हम राजस्थान की कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के बयान के राजनीति मायने और उसके आगामी विधानसभा चुनावों पर पड़ने वाले असर की समीक्षा करेंगें।

### राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के द्वारा दिए गए बयान कहीं गहलोत सरकार की हकीकत तो नहीं

दरअसल राजस्थान की कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के बयानों से कहीं ना कहीं राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर संकट के बादल छाएं हुए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के द्वारा दिए गए बयान सही साबित हुए तो दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों में अशोक गहलोत के लिए भारी मुसीबत खड़ी हो सकती है। गौरतलब हो कि राजेन्द्र सिंह हूडा ने अपने बयान में कहा था कि महिला दुष्कर्म और महिला अपराधों में राजस्थान नंबर वन पर है। इसके साथ ही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तरफ इशारा करते हुए राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने कहा था कि मणिपुर की घटना पर अफसोस जताने से पहले राजस्थान की सरकार को पहले अपने गिरेबान में देखना चाहिए। हालांकि राजेन्द्र सिंह गुढ़ा की इसी बात से नाराज होकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुजरी 22 जुलाई को अपने मंत्रीमंडल से बर्खास्त कर दिया।

### क्या प्रधानमंत्री के जिक्र के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कराएगें लाल डायरी की जांच ?

राजस्थान में कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री और मौजूदा समय में उदय वारी से कांग्रेस विधायक राजेन्द्र सिंह गुढ़ा की लाल डायरी के बयान के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सीकर में अपने भाषण के दौरान गुरूवार को इसका जिक्र किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि लाल डायरी खुल जाएगी तो अच्छे अच्छे इसमें निपट जाएगें। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि क्या राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने ही पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के लाल डायरी के आरोपों की जांच कराएंगें ? क्यों कि जिस तरह से राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने अपने ही सरकार के मुख्यमंत्री पर आरोपो की बौछार कर रहें है, वह काफी गंभीर है।

### क्या राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के पास अब भी मौजूद है लाल डायरी की फोटो कापी

दरअसल राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा सदन के अंदर उनके साथ मारपीट करके उनके हाथ से वो डायरी छीन ली है।

इतना ही नहीं राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शांति कुमार धारीवाल के उपर उनको मारने पीटने का भी आरोप लगाया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि क्या राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के पास लाल डायरी की फोटो कापी अब भी मौजूद है ? और यदि गुढ़ा के पास लाल डायरी की कापी मौजूद है तो फिर उसमें लिखे हुए रहस्य को वह सबके सामने क्यों नहीं कहतें हैं। क्या गुढ़ा को राजस्थान की सरकार डरा धमका रही है। ये ऐसे ही कुछ सवाल है जो राजेन्द्र सिंह गुढ़ा के बयानों के बाद अभी भी निरूत्तर बने हुए है।

# भारत का संस्कारिक गौरवशाली इतिहास

भारतवर्ष सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी। किसी भी देश के नागरिक को एक दिन में सच्चरित्र नहीं बनाया जा सकता बल्कि बालकों को बाल्यकाल से ही नैतिक शिक्षा से शिक्षित किया जाकर सदाचार का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए। यह सर्वविदित है कि मनुष्य के चरित्र और व्यक्तित्व पर देश परिस्थितियां शिक्षा और समाजिक व्यवहार का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है और नैतिकता सदाचार का पाठ किसी भी व्यक्ति को एक दिन में नहीं पढ़ाया जा सकता है। दुष्ट चरित्र पुरुष समाज में कभी भी प्रसिद्धि प्राप्त नहीं कर सकता सदैव अपनी बदनामी के कारण सिर झुका कर छुप कर घूमता है, इसीलिए भारतीय चिंतकों, मनीषियों ने लिखा और कहा है की चरित्र सदाचार की रक्षा मनुष्य को संपूर्ण प्रयास कर निरंतर करते रहना चाहिए।

# अमेरिका द्वारा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने बड़ा कदम

वैश्विक स्तरपर जिस तरह सृष्टि में 84 लाख योनियों को जीवित रहकर उन्नति करने में खाद्य,वित्त, शिक्षा सहित अन्य संसाधनों के पोषण की जरूरत होती है वरना इसके बिना जीव मृतप्राय हो जाता है, ठीक उसी तरह आतंकवाद और उसके समर्थित नेटवर्कों को भी फलने फूलने और भयंकर कुरुप बनाने में वित्तपोषण और संसाधनों का महत्वपूर्ण रोल होता है जिसके बिना आतंकवाद की बुनियाद ही हिल जाएगी, जिससे उसकी मृत्यु अर्थात खात्मा होना निश्चित है। इसीलिए ही दशकों से आतंकवाद से पीड़ित भारत द्वारा अब विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से आतंकवादियों और समर्थकों के वित्तपोषण व संसाधनों के रास्तों को बंद करने का अभियान चला रहा है जो 24/7 शुरू है। दिनांक 1 अगस्त 2023 को भी देर शाम कश्मीर घाटी में एक बड़ी कार्यवाही करते हुए 4 जिलों में 7 स्थानों पर सर्च ऑपरेशन कर बड़ी कार्रवाई करते हुए एनजीओ कर्मचारियों डिजिटल उपकरण और दस्तावेजों बरामद कर टेरर फंडिंग का भंडाफोड़ किया है। उसी तरह 1 अगस्त 2023 को ही अमेरिका ने भी मालदीव में आईएसआईएस और अलकायदा आतंकी गुटों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के आरोप में 20 व्यक्तियों और 29 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के लिए प्रोत्साहित योग्य है। हालांकि अब अंतरराष्ट्रीय स्तरफाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स बना हुआ है जो वित्तपोषण पर नजर रखता है, जिसमें सऊदी अरब अब पहला खाड़ी देश मिलाकर 40 वें सदस्य के रूप में सदस्य बना है। वैसे भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को वैश्विक स्तरपर बड़ी कामयाबी मिली हुई है क्योंकि संयुक्तराष्ट्र ने भी 2019 में आतंकवाद के वित्तपोषण को बंद करने की सख्त कार्रवाई करने के कदम उठाए हैं, जो देश वित्तपोषण करते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करें जो भारतीय प्रस्ताव पारित कर लिया गया था। चूंकि 1 अगस्त 2023 को देर शाम अमेरिका द्वारा वित्त पोषण को रोकने एक बड़ी कार्रवाई की है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अंतरराष्ट्रीय स्तरपर आतंकवादी समर्थित नेटवर्कों को वित्तपोषण और संसाधनों से वंचित करने की प्रतिबद्धता ज़रूरी है। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा वित्तपोषण के खिलाफ बड़े कदम की करें की करें तो, मालदीव में आई.एस.आई.एस. और अल-कायदा आतंकी गुटों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के आरोप में 20 व्यक्तियों और 29 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि इन लोगों का उद्देश्य मालदीव के भीतर आतंकी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता पर रोक लगाना है ।अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को देर शाम कहा कि जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं उनमें कई तो पत्रकारों और स्थानीय अधिकारियों पर हमलों की योजना बनाने में शामिल थे। अमेरिका मालदीव में आतंकवादी हमलों के लिए वित्तीय और अन्य सहायता को रोकना और बाधित करना जारी रखेगा, अमेरिका के ट्रेजरी और राज्य विभागों ने मालदीव में 18 आईएसआईएस और आईएसआईएस-खुरासान के सूत्रधार और दो अल-कायदा के गुर्गों के साथ-साथ 29 संबद्ध कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाया है।




# दुनिया को महाविनाश से बचाने को रूस- यूक्रेन युद्ध रोकना होगा



अशोक मधुप

रूस – यूक्रेन युद्ध से हो रहे और होने वाले मानव जाति को महाविनाश से बचाने के लिए अभी रशिया-अफ़्रीका फ़ोरम प्रयास कर रहा है,आज जबकि इस युद्ध को रूकवाने में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका काकोई महत्व नही,ऐसे में इस युद्धको रूकवाने में पूरी दुनिया को आगे आना चाहिए। सबको अपने प्रयास करने चाहिए. डेढ़ साल से चल रहा ये युद्ध किसी भी समय परमाणु हमले की जद में आ सकता है.इस युद्ध में हिरोशिमा-नागासाकी के बाद फिर से मानवजाति के महाविनाश की कहानी लिखी जा सकती है. इसकी खास बात ये होगी कि इसबार महा विनाश हिरोशिमा नागासाकी से कई गुना भारी होगा, क्योंकि अब परमाणु बमों की क्षमता पहले से बहुत अधिक है।

फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन जंग के शुरू होने पर लगा था कि लड़ाई इकतरफा है. रूस के सामने यूक्रेन नही टिक पाएगा, किंतु हुआ सोच के विपरीत.डेढ़ साल बाद भी यूक्रेन मजबूती के साथ रूस के सामने खड़ा है.सूचनांए आ रही हैं कि यूक्रेन अब बढ़त ही ओर है. यूकेन का रूस पर बढ़त लेना बहुत ही खतरनाक संकेत है. रूस अपने को परास्त होता देख अपने सम्मान और हनक की खातिर परमाणु शस्त्रों का प्रयोग करने से कभी नही चूकेगा. और यदि ऐसा हुआ तो मानव जाति का महाविनाश असंभावी है.

रूस ने वर्ष 2014 में यूक्रेन का हिस्सा रहे क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था. इससे पहले भी रूस और यूक्रेन के बीच इस क्षेत्र को लेकर काफी तनाव बना हुआ था। ऐसा इसलिए क्योंकि सोवियत संघ ने इस क्रीमिया क्षेत्र को तोहफे के रूप में यूक्रेन को सौंपा था. साल 2015 में फ्रांस और जर्मनी मध्यस्थता करते हुए रूस और यूक्रेन में शांति समझौता करवाया . यूक्रेन और रूस में समझौते के बाद यूक्रेन पश्चिमी देशों से अपने अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध अच्छे बनाने में जुट गया, यह रूस की मर्जी क विरूद्ध था. रूस नहीं चाहता था कि यूक्रेन के संबंध किसी भी पश्चिमी देश का अच्छे हों,यूक्रेन चाहता था कि वह नाटो देशों के समूह में शामिल हो . यूक्रेन रूस से सटा देश है.रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसके खिलाफ थे.वे नही चाहते थे कि नाटो की सेना की आमद उसकी सीमा तक हो जाए.यूक्रेन के न मानने पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को युद्ध का निर्णय लेना पड़ा. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ही नही ,पूरी दुनिया मान रही थी कि रूस का मुकाबला यूक्रेन के लिए संभव नही,किंतु यूक्रेन भारी नुकसान के बाद भी युद्ध का मुकाबला करता रहा. शुरूआत में उसका कुछ भाग रूस के कब्जे में चला गया.रूस-यूक्रेन का सबसे ज्यादा असर यूक्रेन के आम लोगों पर पड़ रहा है. इसका कारण यह है कि युद्ध यूक्रेन की जमीन पर हो रहा है. इस युद्ध के चलते एक अनुमान के अनुसार यूक्रेन में 8000 से अधिक आम लोगों की मौत हो चुकी है. 80 लाख से अधिक लोगों ने यूक्रेन छोड़ दिया जबकि करीब 1.4 करोड़ लोगों को विस्थापित होना पड़ा.इस युद्ध में अब तक रूस के एक लाख 45 हजार से अधिक सैनिकों की मौत हो चुकी है, वहीं यूक्रेन को भी अपने एक लाख सैनिकों की जान से हाथ धोना पड़ा. युद्ध के चलते यूक्रेन में करीब 138 अरब डॉलर का इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह से बर्बाद हो गया है. यूक्रेन के 1100 से ज्यादा अस्पताल और 1,49,300 रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है. यूक्रेनी राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ओलेग उस्तेंको के मुताबिक, यूक्रेन को युद्ध की वजह से एक ट्रिलियन डॉलर (करीब आठ लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है. दूसरी तरफ रूस अब तक युद्ध में करीब 8,000 अरब रुपये फूंक चुका है. दूसरी तरफ अमेरिका और यूरोप मिलकर यूक्रेन की मदद के नाम पर युद्ध में 12,520 अरब रुपये झोंक चुके हैं. भोजन और ईंधन की बढ़ी हुई कीमतें, बाधित आपूर्ति शृंखला, महंगाई और बेरोजगारी जैसे कारकों को शामिल कर देखा जाए, तो युद्ध की वजह से पूरी दुनिया पर करीब 24 लाख करोड़ रुपये (तीन ट्रिलियन डॉलर) का बोझ पड़ा है.

नाटो देश इस युद्ध में सीधे तो शामिल नही हुए किंतु उन्होंने यूक्रेन की सैन्य मदद कर रहे हैं.यूक्रेन का मोरल बढ़ाने को अमेरिका सहित कुछ देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने यूक्रेन का दौरा भी किया. यूक्रेन को युद्ध में प्रत्येक प्रकार की सैन्य सहायता का वायदा नही किया अपितु सैन्य अस्त्र- शस्त्रों की आपूर्ति बढ़ाई. इन्ही अस्त्र- शास्त्रों के बल पर यूक्रेन रूस के आगे टिका है.

हाल ही में अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने यूक्रेन को क्लस्टर बम सौंप दिए . उन्होंने यह भी कहा है कि अगर यूक्रेन ने रूस के खिलाफ इस हथियार का इस्तेमाल किया तो वह भी इसका कड़ा जवाब देंगे. दरअसल क्लस्टर बम एक बेहद खतरनाक हथियार है. यह कई सारे छोटे-छोटे बमों का समूह होता है, जिन्हें एक खोल के अंदर रखा जाता है. इस बम को जमीन या हवा दोनों जगह से दागा जा सकता है. इस बम का प्रयोग किसी बड़े क्षेत्र को एक साथ खत्म करने के लिए किया जाता है. जब क्लस्टर बम को दागा जाता है तो यह जमीन पर पहुँचने से पहले ही खुल जाता है. इसके बाद इसके अंदर मौजूद बम अलग-अलग जगह बिखरकर उस पूरे इलाके को तबाह कर देते हैं.क्लस्टर बम को जब दागा जाता है तो इसमें मौजूद छोटे बमों में से 10 से 40 फीसदी बम फटते ही नहीं हैं. यह मिट्टी के नीचे दबे होते हैं. ऐसे में जब सालों बाद कोई आम आदमी उस जगह पर पहुंचता हैं तो इसकी चपेट में आ जाता है. अर्थात इन बमों से सालों तक तबाही होती रहती है.

साल 2008 में दुनिया के 120 देशों ने संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन में क्लस्टार बम पर बैन लगाने वाले समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. इसमें फ्रांस और ब्रिटेन जैसे अमेरिका के सहयोगी देश भी हैं. हालांकि अमेरिका, रूस और यूक्रेन ने अब तक क्लसस्टर बम पर प्रतिबंध नहीं लगाया है.

जहां यूक्रेन को नाटों देश सैन्य साज -सामान और अन्य सहायता उपलब्ध करा रहे हैं , वहीं इन्होंने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाया हुआ है। अंतराष्ट्रीय न्यायालय ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को युक्रेन पर हमला करने का अपराधी घोषित किया हुआ है। ऐसी हालात में रूस के राष्ट्रपति पुतिन का झल्लाना स्वाभाविक है.इसी झल्लाहट में वह कुछ भी निर्णय ले सकतें हैं।

हाल में रूसी प्रेसिडेंट व्लादिमिर पुतिन के स्पेशल एडवाइजर और रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने यूक्रेन को परमाणु हमले की धमकी दी है.मेदवेदेव ने कह है कि अगर यूक्रेन इसी तरह जवाबी हमले करता रहा और उसने नाटो के साथ मिलकर हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की तो फिर हमें मजबूरी में न्यूक्लियर वेपन्स इस्तेमाल करने पड़ेंगे.रूस की तरफ से यूक्रेन पर एटमी हमले की धमकी पहली बार नहीं दी गई है. फरवरी और अप्रैल में खुद पुतिन कह चुके हैं कि अगर अमेरिका और नाटो यूक्रेन की मदद करते रहे तो रूस एटमी हथियारों समेत तमाम ऑप्शंस इस्तेमाल करेगा.इतना ही नही उसने अपने न्यूकिलियर शास्त्र तैनात भी कर दिए हैं. मेदवेदेव ने कहा – जरा सोचिए, अगर हमारे सैनिकों को पीछे हटना पड़ा तो क्या होगा. यूक्रेन को अमेरिका और नाटो की तरफ से खुली मदद मिल रही है. अगर वो हमारी जमीन छीनने की कोशिश करते हैं या रूस के टुकड़े करने की कोशिश करते हैं तो हमें न्यूक्लियर वेपन्स इस्तेमाल करने ही होंगे.मेदवेदेव का बयान इस बात की पुष्टि करता है कि जंग अगर यूक्रेन के फेवर में जाने लगी तो रूस उस पर एटमी हमला करेगा. यहां ये जान लेना भी जरूरी है कि मेदवेदेव रूसी सिक्योरिटी काउंसिल के चेयरमैन भी हैं. मेदवेदेव ने कुछ महीने पहले अमेरिका को भी सीधी धमकी दी थी. उन्होंने कहा था- अगर यूक्रेन से जंग में रूस की हार हुई तो अमेरिका में सिविल वॉर छिड़ जाएगा और इसके बाद न्यूक्लियर वॉर भी होगा. ऐसा कोई हथियार नहीं है, जो रूस के पास न हो. हमने अब तक खतरनाक हथियारों का यूज किया ही नहीं, रूस आज भी जंग को चंद दिनों में खत्म कर सकता है, लेकिन हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं.

## शार्ट न्यूज

### पुलिस ने लूट के 24 घंटे के भीतर धर दबोचे लुटेरे

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के महोबकंठ क्षेत्र में पुलिस ने लूट की घटना का 24 घंटे के भीतर अनावरण कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार करके आज जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि महोबकंठ क्षेत्र में सोमवार की शाम काशीपुरा के निकट सड़क पर घात लगाए बैठे असलहा धारी बदमाशों ने मध्य प्रदेश में छतरपुर जिले के चन्द्रपुरा निवासी रोहित अहिरवार और उसकी बहन कृष्णा देवी को उस समय लूट का शिकार बना लिया था, जब दोनों एक बाइक में सवार अपने घर जा रहे थे। बदमाशों ने असलहों के दम पर वारदात को अंजाम देते हुए कृष्णा देवी के करीब चार लाख रुपये मूल्य के सोने चांदी के जेवरात, चार हजार रुपये नकदी तथा दो मोबाइल फोन छीन लिए थे। घटना के बाद बदमाश अपनी मोटर साइकिल में सवार होकर भाग गए थे। उन्होने बताया कि लूट की इस घटना की शिकायत पीड़ित रोहित अहिरवार ने पुलिस में की थी। जिसमें आईपीसी की धारा 394 में मामला दर्ज करके पुलिस द्वारा बदमाशो की सघनता से तलाश शुरू की गई।

### झांसी में युवती ने किया सुसाइड

**झांसी।** झांसी में एक युवती ने सुसाइड कर लिया। वह एक युवक से बेइंतहा मोहब्बत करती थी और उसी से शादी करना चाहती थी। लेकिन अब उसे पता चला कि प्रेमी पहले से ही शादीशुदा है और दो बच्चों का बाप है। इसको लेकर हुए विवाद में युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया है। आज शाम तक शव का पोस्टमार्टम होगा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। महानगर के उन्नाव गेट बाहर निवासी करन ने बताया कि मेरी बहन चांदनी (21) 12वीं कक्षा पास कर चुकी थी। अब उसे बीए में एडमिशन लेना था। करीब तीन साल पहले उसकी सदर बाजार निवासी एक युवक से दोस्ती हो गई। दोनों एक दूसरे से मोहब्बत करने लगे। कुछ समय पहले मां जानकी ने बहन को उस युवक से फोन पर बात करते हुए पकड़ लिया था। कई बार हमने बहन को युवक से नाता तोड़ने के लिए कहा, लेकिन वो उसी से शादी करने की जिद पर अड़ी थी। भाई करन ने आगे बताया कि हम लोग बहन की शादी उस युवक से कराने को तैयार हो गए। करीब दो माह पहले पता चला कि वो युवक पहले से ही शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। यह बात सुनते ही बहन डिप्रेशन में रहने लगी।

### मैनपुरी में पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

**मैनपुरी।** मैनपुरी में संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर का शव बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। शव देखते ही ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं परिजनों ने संदिग्ध मानते हुए हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला थाना दन्नाहार क्षेत्र के जवापुर गांव के पास का हैं। किशनी थाना क्षेत्र के गांव अरसारा खिरिया निवासी 16 वर्षीय पंकज पुत्र रामदास का शव थाना क्षेत्र के जवापुर के समीप बबूल के पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ मिला। फांसी के फंदे पर शव झूलता देखते ही इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव की शिनाख्त कर सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने जैसे ही शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ देखा वैसे ही कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को देखते ही हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने किशोर का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

### लखनऊ सिटी में इलेक्ट्रिक बसों का किराया बढ़ा

**लखनऊ।** लखनऊ में इलेक्ट्रिक सिटी बस में सफर करने वालों की परेशानी बढ़ने वाली है। नगरीय परिवहन निदेशालय ने किराया बढ़ाने का फैसला किया है। लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड ने किराया बढ़ोतरी को लागू कर दिया है। अब यात्रियों को महंगा किराया देना होगा। अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग स्लैब के अनुसार दुर्घटना निधि और जीएसटी को जोड़ते हुए किराए को राउंड ऑफ किया गया है। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके त्रिपाठी का कहना है, इसमें एक से 3 रुपए तक का किराया बढ़ाया गया है। लखनऊ में प्रतिदिन इलेक्ट्रिक बसों से हजारों लोग सफर करते है। हालांकि सीएनजी बसों के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। अभी सिर्फ नया किराया सिर्फ इलेक्ट्रिक बसों में ही लागू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले तीन किलोमीटर के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। हालांकि उसके बाद किराया बढ़ाया गया है। इसमें तीन किलोमीटर के बाद एक से तीन रुपए तक की किराया बढ़ोतरी की गई है।

### सर्पदंश से महिला सहित तीन लोगों की मौत

**बलरामपुर।** बलरामपुर के अलग-अलग क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों में सर्पदंश से एक महिला सहित 3 लोगों की मौत हो गई है। सर्पदंश से लगातार हो रही मौतों से लोगों में दहशत व्याप्त होता जा रहा है। जिला प्रशासन ने सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले के अलग अलग क्षेत्रों में सर्प ने तीन लोगों को डस लिया। पहली घटना महराजगंज तराई क्षेत्र के अमरहवा गांव की है। जहां मुन्नू सिंह की पत्नी सविता सिंह चारपाई पर सो रही थी। तभी सांप ने उन्हें डस लिया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां सविता सिंह की मौत हो गई। इसी तरह हरैया थाना क्षेत्र के घन्नीडीह गांव में छोटकऊ के बेटे मुसीबत अली को किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। मुसीबत अली को शिवपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां हालत बिगड़ने पर उसे बहराइच के लिए रेफर किया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। इसी तरह ललिया थाना क्षेत्र के लालपुर कंजेभरिया गांव में सुजीत कुमार वर्मा नामक युवक को सांप ने डस लिया।

### मोदीनगर में यूनियन बैंक में लगी भीषण आग

**मोदीनगर।** गाजियाबाद में मोदीनगर के दिल्ली मेरठ मार्ग पर एमएम डिग्री कॉलेज के सामने स्थित यूनियन बैंक में बुधवार की सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने के कारण बैंक के अंदर रखे कागजात व अन्य सामान जलकर राख हो गया। अभी तक यह पता नहीं चला कि आग से नोट तो नहीं जले हैं। दमकल की दो गाड़ी आग बुझाने में लगी है। दिल्ली मेरठ मार्ग पर एमएम डिग्री कॉलेज के सामने स्थित यूनियन बैंक है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह आठ बजे के आसपास बैंक के अंदर से धुआं निकलना शुरू हो गया। धुआं निकलता देख दिल्ली मेरठ मार्ग से जा रहे राहगीरों ने इसकी सूचना मोदीनगर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मोदीनगर थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। लेकिन बैंक का गेट बंद होने के कारण यह पता नहीं चल सका कि आग कहां लगी है। इसके बाद सूचना पर पहले एक दमकल की गाड़ी पहुंची। आग बुझाने का काम शुरू किया। लेकिन आग का विकराल रूप देखकर दूसरी गाड़ी मौके पर बुलाई गई। बुधवार सुबह आठ बजे के आसपास डायल 112 दिल्ली मेरठ मार्ग पर घूम रही थी।

### मेरठ में कपड़े की दुकान में लगी आग

**मेरठ।** मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में लिसाड़ी रोड पर ताज मार्केट में मौजूद कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों का माल जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचकर दमकल विभाग की गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से दुकान में मौजूद लाखों का कपड़ा जलकर राख हो गया। जानकारी मिलने पर पहुंचे पीड़ित ने पुरानी रंजिश के चलते अपने सगे चाचा पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र शकूरनगर निवासी शादाब की लिसाड़ी रोड स्थित ताज मार्केट में कपड़े की दुकान है। मंगलवार देर रात्रि दुकान में भयंकर आग लग गई। आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी। जिसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची। एक दमकल विभाग की एक गाड़ी ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक दुकान में मौजूद लाखों रुपए का कपड़ा जलकर राख हो गया। दुकान के पास रहने वाले लोगों द्वारा जानकारी मिलने पर दुकान मालिक शादाब मौके पर पहुंचा।

# वर्ल्ड क्लास रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ेंगे अनाथ, गरीब और श्रमिकों के होनहार बच्चे

## योगी सरकार कर रही अगस्त अंत तक 18 में से 16 अटल आवासीय विद्यालयों में पठन-पाठन शुरू करने की तैयारी

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के गरीब, अनाथ और श्रमिकों के होनहार बच्चों को बेहतरीन सुविधाओं से युक्त रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ाने की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगी है। प्रदेश के 18 जिलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन होना हैं। इनमें भी 16 जिलों में भवन निर्माण का काम करीब करीब पूरा हो चुका है। इनमें अगस्त महीने के अंत तक कक्षा 6 के लिए पठन-पाठन शुरू करने की तैयारी है। वहीं बाकि बचे 2 विद्यालयों को भी इस साल के अंत तक क्रियाशील किया जा सकता है। 1189.88 करोड़ की लागत से बन रहे इन 18 रेजिडेंशियल स्कूलों में सभी उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त इन स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा दी जाएगी।

### इन स्थानों पर बन रहे हैं अटल आवासीय विद्यालय

प्रदेश में 18 स्थानों पर आजमगढ़, बस्ती, लखनऊ, अयोध्या, बुलंदशहर (मेरठ), गोण्डा, गोरखपुर, ललितपुर, प्रयागराज, सोनभद्र (, मुजफ्फरनगर (सहारनपुर), बांदा, अलीगढ़, आगरा, वाराणसी, कानपुर, बरेली और मुरादाबाद में अटल आवासीय विद्यालय का संचालन होना है।

### टीचिंग और नॉन टीचिंग कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया भी लगभग पूरी

अटल आवासीय विद्यालयों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया को भी करीब करीब पूरा कर लिया गया है। इनमें प्राचार्यों की नियुक्ति 5 अप्रैल तक पूरी हो चुकी है, जबकि प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को 22 जून को पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को 26 जून को पूरा कर लिया गया है। वहीं नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए इंटरव्यू प्रक्रिया जारी है, जोकि अंतिम चरण में है। साथ ही सभी स्कूलों के लिए फर्चीनर, मेस सर्विस, फैकल्टी मैनेजमेंट, यूनिफॉर्म और अन्य एसेसिरीज की उपलब्धता को भी जल्द से जल्द पूरी हो जाएगी। ये कार्य भी अंतिम चरण में है।

### सुविधाओं से लैस होंगे ये स्कूल

प्रदेश में स्थापित होने जा रहे 18 अटल आवासीय विद्यालयों में जहां मुफ्त हॉस्टल की सुविधा होगी, वहीं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सेंट्रल एकेडमिक टीम की ओर से यूनिक एकेडमिक करिकुलम भी डिजाइन किया गया है। साथ ही कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथेमेटिक्स लैब, सोशल साइंस लैब, अटल थिंकरिंग लैब और एक्सपेरिमेंटल लैब की भी सुविधा यहां होगी।

> प्रदेश के सभी जिलों से बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। हमारा प्रयास है कि अगस्त माह के अंत तक हम 18 में से 16 विद्यालयों में कक्षा 6 में पठन-पाठन का कार्य शुरू करा दें। बाकी बचे दो विद्यालयों में भी इस साल के अंत तक कक्षा 6 में पढ़ाई शुरू हो, इसके लिए विभाग तेज गति से कार्य कर रहा है।
>
> **- निशा अनंत, महानिदेशक, अटल आवासीय विद्यालय**

# अगर सरकार जुलूस, प्रदर्शन को सुरक्षा नहीं दे सकती, तो अनुमति क्यों देती है : मायावती

**लखनऊ।** हरियाणा में जारी हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा कि यदि राज्य सरकार यात्रा, जुलूस व प्रदर्शन को सुरक्षा नहीं दे सकती है, तो फिर इसके आयोजन की अनुमति ही क्यों देती है।



मायावती ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि हरियाणा में साम्प्रदायिक दंगा का भड़कना और इसका गुड़गाँव व अन्य क्षेत्रों में बिना रोकटोक फैल जाना यह साबित होता है कि मणिपुर की तरह हरियाणा में भी कानून व्यवस्था बुरी तरह ध्वस्त है तथा सरकार का खुफिया तंत्र भी निष्क्रिय है।

उन्होने कहा कि हरियाणा सरकार का यह दावा कि साम्प्रदायिक दंगा विश्व हिन्दू परिषद की यात्रा पर पथराव को लेकर शुरू हुआ, जिससे भी पूरे तौर से यह स्पष्ट है कि हरियाणा सरकार उस यात्रा को सुरक्षा देने में पूरे तौर से विफल रही है, जबकि शासन-प्रशासन व खुफिया तंत्र को खासकर इन मामलों को लेकर हर प्रकार से काफी चुस्त व दुरुस्त होना चाहिए था। कुल मिलाकर इससे वहाँ कि राज्य सरकार की नीति, नीयत व कार्यशैली पर भी काफी कुछ सवाल उठना स्वाभाविक है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार प्रस्तावित यात्रा, जुलूस व प्रदर्शन आदि को सुरक्षा नहीं दे सकती है, तो फिर सरकार द्वारा इसके आयोजन की अनुमति ही क्यों दी जाती है। हरियाणा सरकार के पास दंगा व उसको लेकर आगे भड़क रही हिंसा को रोकने की नीयत का पूरी तरह से अभाव है जो और भी चिन्ताजनक बात है।

उन्होने कहा कि दंगा एवं हिंसा को राजनीति तथा संकीर्ण स्वार्थ की पूर्ति का साधन बनने की अनुमति किसी भी राज्य सरकार को नहीं देनी चाहिए, क्योंकि लोगों के जान-माल व मज़हब की सुरक्षा करना हर राज्य सरकार की पहली संवैधानिक ज़िम्मेदारी बनती है, जो स्थानीय पुलिस के निष्पक्ष एवं प्रभावी प्रयोग से संभव है।

### यूपी में महंगी नहीं होगी बिजली

**लखनऊ ।** यूपी में बिजली बिल की दरें बढ़ाने की चर्चा के बीच ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का बड़ा बयान आया है। ऊर्जा मंत्री ने साफ कर दिया है कि फिलहाल शासन और सरकार की मंशा यूपी में बिजली बिल बढ़ाने की नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ कंपनियां वार्षिक तुलना के आधार पर अपनी जो रिपोर्ट दी हैं, उसके आधार पर बिजली बिल की दरें बढ़ाने पर चर्चा हो रही है। लेकिन, सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं है। बिजली कंपनियां प्रस्ताव तैयार कर रही हैं। 15 अगस्त से पहले यह प्रस्ताव फाइलन करने की चर्चा है। इसमें नियामक आयोग के सामने कंपनियां बिजली बिल बढ़ोतरी को लेकर प्रस्ताव बनाएंगी। पावर कॉर्पोरेशन के निदेशक वाणिज्य ने सभी बिजली कंपनियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

# स्कूल बस नहर में गिरी

## 2 से ज्यादा बच्चे घायल, तीन की हालत गंभीर

बिजनौर। बिजनौर के स्योहारा इलाके में एक स्कूल बच्चों से भरी हुई बस अचानक चलते हुए नहर में जा गिरी। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सभी बच्चों को गाड़ी से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यह दर्दनाक हादसा बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र में हुआ है। एनएस इंटरनेशनल स्कूल सदाफल की एक बस स्कूली बच्चों से भरी हुई अचानक से पोषक नहर में जाकर गिर गई। जैसे ही बस नहर में गिरी तभी बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी बच्चों को बस से



निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि हादसे में एक दर्जन बच्चे घायल हो गए हैं। जिसमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल बच्चों में भीमदेव पुत्र लोकेंद्र सिंह, सौरभ कुमार पुत्र सोनू सिंह, लक्की नितिन मान सिंह पुत्र महेश, रैली पुत्री कृष्ण कुमार, मोहन सिंह पुत्र महावीर सिंह, लकी पुत्र महेश कुमार, दीपक पुत्र विनीत कुमार, कुलदीप पुत्र टेकचंद और यश कुमार पुत्र रघुवीर सिंह शामिल हैं। सभी का इलाज किया जा रहा है। बस को नहर से बाहर निकाल लिया गया है।

### गोंडा में पुलिस कस्टडी से फरार आरोपी

**गोंडा।** गोंडा नगर कोतवाली पुलिस अभिरक्षा से फरार मोटरसाइकिल चोर मनीष तिवारी को 52 घंटे बाद भी नहीं खोज पाई। खोजने के लिए गोंडा एसपी ने 8 पुलिस टीमों का गठन किया था। लेकिन अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है। वहीं फरार आरोपी के परिजन भी घर में ताला लगा कर कहीं छुप गए हैं। पुलिस की 8 टीमें जगह-जगह छापेमारी कर रही हैं। धानेपुर थाना क्षेत्र के ख्वाजा जोत गांव का रहने वाला मोटरसाइकिल चोर मनीष तिवारी बीते रविवार को पुलिस अभिरक्षा से कोतवाली नगर से भाग निकला था। पुलिस की 8 टीमें गिरफ्तारी के लिए गठित की गई थीं, लेकिन 52 घंटे बीतने के बाद भी उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। नगर कोतवाली पुलिस और 8 टीमें संभावित स्थानों पर छापेमारी कर तलाश करने का दावा कर रही हैं। रविवार को कागजी कोरम पूरा कर पुलिसकर्मी मनीष तिवारी का चिकित्सीय परीक्षण कराने के लिए जिला अस्पताल ले जाने की तैयारी में थे। इसी दौरान मनीष तिवारी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग निकला। बताया जा रहा है कि दीवार कूदकर भागा है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, सर्विलांस सेल सहित पुलिस की 8 टीमों को लगाया है। सीओ सदर विनय कुमार सिंह ने बताया कि टीमें छापेमारी कर रही हैं। गिरफ्तार के पूर्व मनीष तिवारी मोबाइल नंबर पर जिस से जिस से बात करता था, उनमें से कई लोगों की फोन बंद जा रहे हैं।

# गोरखपुर में पलटी कार, मासूम समेत 2 की मौत

## तेज रफ्तार होने से गहरे गड्ढे में पलटी कार; 3 अन्य की हालत नाजुक

गोरखपुर । गोरखपुर में मंगलवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। महाराजगंज से गोरखपुर आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में चली गई। इस घटना में 3 महीने का बच्चा और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, कार में सवार 3 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

घटना गुलरिहा इलाके के बरगदहीं में स्थित तुर्रा नाला के पास देर रात की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, घायलों का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

### बीमार रिश्तेदार को देखने गया था परिवार

दरअसल, महाराजगंज के श्यामदेउरवां के रहने वाले सुनील अग्रवाल अपनी पत्नी खुशबू अग्रवाल, बेटी सिया अग्रवाल और रिश्तेदार काजल अग्रवाल पत्नी दुर्गेश अग्रवाल और उसके तीन महीने की बेटे के साथ गोला में रहने वाली अपनी बीमार बहन को देखने गए थे।

### 2 की मौत, 3 गंभीर

रात करीब 11 बजे घर वापस लौटते समय गोरखपुर-महाराजगंज फोरलेन पर बरगदहीं तुर्रा नाला से 50 मीटर पहले ही कार अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में चली गई।

इसमे तीन महीने के बच्चे और सुनील अग्रवाल की पत्नी खुशबू अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, कार चालक सुनील अग्रवाल और उनकी बेटी सिया अग्रवाल और रिश्तेदार काजल अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

### तेज रफ्तार होने से हुआ हादसा

हादसा देख आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे की वजह तेज रफ्तार कार पर चालक का नियंत्रण खो देना बताया जा रहा है। खुशबू अग्रवाल अनिल की दूसरी पत्नी थी।

# अम्बेडकरनगर में घर में मिला पिता-बेटे का शव

## धारदार हथियार से की गई दोनों की हत्या, पारिवारिक विवाद में हत्या की आशंका

**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर में अकबरपुर थाना इलाके के शहजादपुर में पारिवारिक विवाद में धारदार हथियार से दो लोगों की हत्या कर दी गई।

जबकि एक महिला गम्भीर रूप से घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि अभी हत्या किन कारणों से हुई इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

सूचना के मुताबिक अकबरपुर कोतवाली इलाके के मालीपुर रोड शहजादपुर में प्रसिद्ध आभूषण व्यवसायी 65 वर्षीय कृष्णानंद सोनी और उनके पुत्र 25 वर्षीय आनन्द सोनी का घर के अन्दर खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गयी। जबकि उनकी पत्नी गम्भीर रूप से घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जांच में जुटी फॉरेंसिक टीम

हालांकि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस घटना के पीछे पारिवारिक विवाद बता रही है। एसपी अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि घर को सील कर फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### कौशांबी में गंगा में डूबा युवक

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में बुधवार को गंगा नदी में स्नान के दौरान एक युवक डूब गया जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उज्जयनी खालसा चक ताजपुर गंगा घाट में स्नान करते समय एक युवक गहरे जल में चले जाने से डूब गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कर रही है। उन्होने बताया कि सैयद सरावा गांव का नागेश्वर यादव (18) आज गंगा स्नान के लिए गया हुआ था।

### हमीरपुर में रोडवेज बस ने स्कूली बस में मारी टक्कर: छह बच्चों सहित चालक घायल

राठ। हमीरपुर में उरई रोड स्थित क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के गेट पर तेज रफ्तार एक रोडवेज बस ने स्कूल के अंदर प्रवेश कर रही बच्चों से भरी स्कूली बस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूली बस के चालक के अलावा बस में सवार लगभग आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में इलाज के लिए राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं इस घटना से रोडवेज बस के अलावा स्कूली बस भी क्षतिग्रस्त हो गई है। जानकारी के अनुसार, राठ कस्बे के उरई रोड पर स्थित क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल की स्कूली बस बच्चों को लेकर स्कूल के गेट से अंदर प्रवेश कर ही रही थी कि तभी अचानक उसी दौरान राठ डिपो की तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। रोडवेज बस की टक्कर लगते ही स्कूली बस के अंदर बैठे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में स्कूली बस के चालक यार मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद के अलावा 6वीं कक्षा का छात्र आर्यन पुत्र शिवकुमार, सातवीं का छात्र अश्वनी पुत्र शैलेंद्र,के अलावा छठवीं कक्षा के छात्र आदित्य प्रताप पुत्र रुद्रप्रताप व रघुवंश सोनी पुत्र मनोज सोनी घायल हो गये।

### सड़क हादसे में महिला समेत 5 लोग घायल

आगरा। आगरा में बुधवार को थाना सिकंदरा क्षेत्र में हाईवे पर सड़क हादसा हो गया। एक ट्रक अनियंत्रित होकर अचानक पलट गया। पलटते समय कार और बाइक उसकी चपेट में आ गए। हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा आगरा-मथुरा हाईवे के सर्विस रोड पर महिंद्रा एजेंसी, सिकंदरा के पास हुआ है। ट्रक सर्विस रोड होकर जा रही थी। उसमें फर्नीचर लदा हुआ था। अचानक वह बेकाबू होकर सर्विस रोड पर पलट गई। वहीं किनारे से गुजर रही होंडा एमेज कार को भी चपेट में ले लिया। इसमें सवार राहुल और विष्णु नाम के दो व्यक्ति गंभीर से घायल गए। इसके बाद कार की चपेट में आते ही बाइक को भी चपेट में ले लिया। बाइक चालक ब्रजेश सिकरवार निवासी अकबरा और उसकी पत्नी दोनों सड़क घिसटते हुए गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक ड्राइवर भी घायल हो गया है। घटना के सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हादसे के बाद हाईवे और सर्विस रोड पर जाम लग गया। पुलिस घायलों को अस्पताल भेज दिया और कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे में यातायात सुचारू कराया। उसके बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के लिए वहां से रैफर कर दिया गया।

# गाजीपुर में 15 थानेदारों की तैनाती स्थल में फेरबदल

## एडीजी वाराणसी के दौरे के बाद एसपी ने देर रात जारी किया आदेश

**गाजीपुर।** एडीजी वाराणसी जोन के दौरे के बाद पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह ने जिले की कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से 15 थानेदारों की तैनाती में भारी फेरबदल किया है। पुलिस कप्तान के बीती रात जारी किए गए आदेश से महकमे में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।



तबाला आदेश के मुताबिक थानाध्यक्ष मरदह राजेश कुमार मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक थाना नगसर तैनात किया गया है। इसके अलावा थानाध्यक्ष बरेसर धीरेंद्र प्रताप सिंह को थानाध्यक्ष रेवतीपुर, थानाध्यक्ष रेवतीपुर आलोक त्रिपाठी को थानाध्यक्ष सादात, अतिरिक्त निरीक्षक थाना मरदह राजेश कुमार त्रिपाठी को प्रभारी निरीक्षक बरेसर, थानाध्यक्ष नोनहरा प्रमोद कुमार सिंह को थानाध्यक्ष नंदगंज, थानाध्यक्ष भांवरकोल सत्येंद्र राय को थानाध्यक्ष शादियाबाद, थानाध्यक्ष बिरनो राजेश बहादुर सिंह को थानाध्यक्ष भावरकोल भेजा गया है।

वहीं, थानाध्यक्ष दिलदारनगर अशेषनाथ सिंह को थानाध्यक्ष कासिमाबाद, थानाध्यक्ष शादियाबाद महेश पाल सिंह को थानाध्यक्ष दिलदारनगर, थानाध्यक्ष सादात शैलेश कुमार मिश्र को थानाध्यक्ष बिरनो, थानाध्यक्ष नगसर जितेंद्र कुमार को थानाध्यक्ष रामपुर माझा और थानाध्यक्ष रामपुर माझा संतोष राय को थानाध्यक्ष नोनहरा के पद पर तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना नंदगंज कमलेश कुमार पाल को प्रभारी एएचटीयू, प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद शिवप्रताप वर्मा को चुनाव सेल प्रभारी और प्रभारी एएचटीयू राजेश कुमार मौर्या को प्रभारी निरीक्षक थाना मरदह के पद पर तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा जिले के दर्जनभर से ज्यादा थानों के प्रभारियों के तैनाती में फेरबदल किए जाने से पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

# मैनपुरी में 2 महिलाओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## दोनों के मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, 6 साल पहले हुई थी शादी

मैनपुरी। मैनपुरी में दो महिलाओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पहला मामला थाना दन्नाहार थाना क्षेत्र के गांव महानंदा से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी 22 वर्षीय ज्योति पत्नी बीके उर्फ अजय कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। गांव निवासी बीके उर्फ अजय कुमार की शादी साल 2018 में हिंदू रीति-रिवाज के साथ ज्योति के साथ हुई थी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि ज्योति ने फांसी लगा ली है। वह लोग जब उसके ससुराल पहुंचे तो वहां पर शव जमीन पर पड़ा हुआ मिला था। उसके ससुरालीजन मौके पर बैठे हुए थे। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि उसका पति कोई सवारी वाहन चलाता था। वह रोजाना शराब पीकर घर आता था और लड़ाई झगड़ा करता था। बेड पर बेलन पड़ा हुआ मिला था। इन लोगों ने हमारी बेटी को मार दिया है।

### रायबरेली में लिपिक की करंट लगने से मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के ऊंचाहार इलाके में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात वरिष्ठ लिपिक की ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मौत ही गयी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊंचाहार के वरिष्ठ लिपिक संतोष कुमार वर्मा (45) की ड्यूटी के दौरान बिजली के तार की चपेट में आने से करंट लगने से मौत हो गयी। वह मंगलवार देर रात सीएचसी परिसर में बनी कैंटीन में चाय पीने आये थे कि अचानक बिजली का तार टूट कर उनके ऊपर गिर गया। गंभीर रूप से झुलसे लिपिक को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। मृतक कर्मचारी बनारस का निवासी था।

## शार्ट न्यूज

### एनएमडीसी ने जुलाई में किया 24.4 लाख टन लौह अयस्क का उत्पादन

नयी दिल्ली। इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली नवरत्न खनन कंपनी, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने जुलाई में 24.4 लाख टन का उत्पादन किया और 30.3 लाख टन लौह अयस्क बेचा। कंपनी ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में उत्पादन एवं बिक्री के ताजा आंकड़े जारी करते हुए कहा कि जुलाई में उत्पादन और बिक्री में इससे पिछले माह की तुलना में क्रमश: 19 प्रतिशत और 2.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई 2023 तक की अवधि में कंपनी ने 131.5 लाख टन लौह अयस्क के उत्पादन के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इसी दौरान कंपनी ने 141.8 लाख टन लौह अयस्क बेचा। इस दौरान उत्पादन और बिक्री में सालाना आधार पर क्रमश: 20 प्रतिशत और 33.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। कंपनी ने कहा है कि वह सालाना 10 करोड़ टन अयस्क के उत्पादन लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। लगातार दूसरे वित्तीय वर्ष में उसका उत्पादन इस बार 4 करोड़ टन के पार जाने की संभावना है।

### वाणिज्य उद्योग मंत्रालय के न्योते पर वियातनाम का दल भारत में

नयी दिल्ली। वियतनाम का एक प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ बुनियादी ढांचा तथा लाजिस्टिक्स के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उद्येश्य से इस समय भारत की पांच दिन की यात्रा पर है। मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 31 जुलाई से चार अगस्त तक की अपनी यात्रा में वियतनाम के इस दल के सदस्य इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, ग्रेटर नोएडा का दौरा करेगा। यह प्रतिनिधिमंडल भारत में लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए महाराष्ट्र के आद्योगिक शहर औरंगाबाद और बेंगलूर के एयरपोर्ट कार्गो टर्मिनल और कस्टम सुविधा को भी देखने जाएगा। इससे पहले उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की विशेष सचिव सुमिता डावरा इसी वर्ष मार्च में 29-31 तारीख तक वियतनाम की यात्रा पर गयी थीं। उसके बाद वहां से यह दल भारत आया है। वियतनाम के प्रतिनिधिमंडल के साथ राजधानी में हुई बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश शामिल थे। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय चर्चा से दोनों देशों में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में विदेशी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा तथा परस्पर सहयोग बढ़ेगा। इससे कुल मिला कर निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

इस यात्रा में वियतनाम के प्रतिनिधियों के साथ कई बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

### आईओबी का मुनाफा 28 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 500 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 392 करोड़ रुपये की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुये संवाददाताओं से कहा कि 30 जून को समाप्त इस तिमाही में बैंक की कुल आय 6227 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5028 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान ब्याज आय 5424 करोड़ रुपये रही जो 2022-23 की पहली तिमाही में 4435 करोड़ रुपये रही थी। उन्होंने कहा कि इस तिमाही में बैंक का सकल एपीएन पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 9.12 प्रतिशत से घटकर 7.13 प्रतिशत पर आ गया और शुद्ध एनपीए भी 2.43 प्रतिशत से घटकर 1.44 प्रतिशत पर आ गया। हांलाकि बैंक द्वारा जोखिम में फंसे ऋण के लिए किये गये प्रावधान बढ़कर 809 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 133 करोड़ रुपये रहा था।

### वी 3 पोर्टल पर अप्रैल से जुलाई तक 19.63 लाख फॉर्म भरे गये

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में पहले चार महीने अप्रैल से जुलाई तक कंपनी मामलों के मंत्रालय के वी 3 पोर्टल पर 82628 कंपनियां और एलएलपी का गठन किया और इस दौरान 19.63 लाख फॉर्म भरे गये। मंत्रालय ने आज यहां बताया कि पहले चार महीने में जिनती कंपनियों का गठन किया गया है वे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में अधिक है। उसने कहा कि वी 3 पोर्टल पर मास्टर डेटा का बिटा लाइव है और भारतकोष पेमेंट्स को एसआरएन से जोड़ने की सुविधा भी लाइव है। एप्पलिकेशन हिस्ट्री में सीओआई एवं चलान डाउनलोड सुविधा भी उपलब्ध है। उसने कहा कि वी 3 के लिए रिफंड फॉर्म चार अगस्त को जारी होगा। वी 3 में वीपीडी के बिटा संस्करण को 16 अगस्त को जारी करने की तैयारी है। कई पहचान पत्र (आईडी) का एक करने या उसे निष्क्रिय करने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट (आईसीएआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्री ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) को आवश्यक दस्तावेज भेजने के लिए अधिकृत किया गया है।

### संेथेक्विन को अमेरिका और यूरोप में तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** नयी नयी दवाओं को विकसित करने वाली कंपनी फार्माज़ इंक की सहायक इकाई फार्माज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की भारत में विकसित श्रेणी में पहली दवा सेंथेक्विन को अमेरिका और यूरोपीय संघ में सीधे तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल की मंजूरी मिल गयी है। कंपनी के संस्थापक डॉ अनिल गुलाटी ने यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि उनकी कंपनी तीसरे चरण के परीक्षण की यूएस-एफडीए से सीधे स्वीकृति पाने वाली अब तक की पहला दवा बन गई है। उन्होंने कहा कि फार्माज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मई 2020 में भारत में हाइपोवोलेमिक शॉक लाइफाक्विन ( सेंथेक्विन) के प्रबंधन के लिए विपणन प्राधिकार प्राप्त किया था। हाइपोवोलेमिक शॉक एक प्राणघातक चिकित्सीय अवस्था होती है जिसमें मृत्यु दर 20 प्रतिशत है। यह रोग शरीर में द्रव की अत्यधिक कमी के कारण होता है और इसके फलस्वरूप उत्तकों में द्रव का प्रसार और ऑक्सीकरण घट जाता है जिससे मरीज की स्थिति बहुत खराब हो जाती है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी अब तक भारत में इस दवा की सात हजार खुराक मरीजों को दे चुकी है और इसका अब तक कोई साइड इंफेक्ट नहीं दिखा है। कंपनी भारत में शीघ्र ही इसके व्यापक विपणन की रणनीति घोषित करने वाली है।

### कॉनकॉर्ड बायोटेक लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा चार अगस्त को

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद स्थित कॉनकॉर्ड बायोटेक लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) चार अगस्त को खुलेगा और आठ अगस्त को बंद होगा। कंपनी की ओर से मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार आईपीओ चार से आठ अगस्त तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा। कंपनी ने इसके लिए प्राइस बैंड 705 से 741 रुपये प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है। निवेशक न्यूनतम 20 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 20 इक्विटी शेयरों के गुणांक में बिड लगा सकते हैं। एक रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य का सार्वजनिक निर्गम पूरी तरह से हेलिक्स इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स पीटीई द्वारा 20.92 मिलियन शेयरों तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) है। ऑफर में पात्र कर्मचारियों द्वारा सब्सक्रिप्शन के लिए आरक्षण भी शामिल है। कंपनी अपने आईपीओ के माध्यम से प्राइस बैंड के निचले और ऊपरी छोर पर 1475.26 करोड़ रुपये - 1550.59 करोड़ रुपये प्राप्त करेगी। कॉनकॉर्ड बायोटेक बायो-फार्मास्युटिकल एपीआई और फॉर्मूलेशन का एक वैश्विक आपूर्तिकर्ता है, जो यूनाइटेड स्टेट, यूरोप, जापान और भारत जैसे नियंत्रित बाजारों सहित 70 से अधिक देशों में सेवा प्रदान करता है। फ्रॉस्ट एंड सुलिवन रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के पास फर्मेनटेशन-आधारित एपीआई उत्पादों के लिए 2022 में मात्रा के हिसाब से 20 प्रतिशत से अधिक की प्रभावशाली बाजार हिस्सेदारी है, जिसमें मुपिरोसिन, सिरोलिमस, टैक्रोलिमस, माइकोफेनोलेट सोडियम और साइक्लोस्पोरिन शामिल हैं। इसके अलावा, कॉनकॉर्ड बायोटेक ने भारत और नेपाल, मैक्सिको, इंडोनेशिया, थाईलैंड, इक्वाडोर, केन्या, सिंगापुर और पैराग्वे जैसे उभरते बाजारों में फॉर्मूलेशन व्यवसाय में प्रवेश करके अपनी पहुंच का विस्तार किया।

# एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर 28 प्रतिशत जीएसटी

नयी दिल्ली। ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवार कर (जीएसटी) लगाये जाने के निर्णय में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह निर्णय एक अक्टूबर से प्रभावी हो सकता है क्योंकि सरकार इससे संबंधित संशोधन को मानसून सत्र में ही संसद से पारित करा सकती है।

जीएसटी परिषद की आज हुयी 51वीं बैठक के बाद परिषद की अध्यक्ष एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी और कहा कि इससे संबंधित संशोधन को केन्द्रीय जीएसटी कानून में सम्माहित किया जायेगा और इसे मानसून सत्र में ही पारित कराने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जीएसटी कानून में संशोधन के बाद राज्यों को अपने यहां भी इस कानून को राज्य जीएसटी कानून में संशोधन करना होगा और इससे संबंधित विधेयक को पारित होने के बाद ही लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके प्रभावी होने पर छह महीने तक इसकी समीक्षा की जायेगी और उसके बाद यदि जरूरत हुआ तो इसमें संशोधन किया जा सकता है।

सीतारमण ने कहा कि दिल्ली की वित्त मंत्री अतिशी ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाये जाने का विरोध किया और इसको फिर से मंत्रियों के समूह को भेजने की मांग की। इसको छोड़कर सभी राज्यों ने इसका समर्थन किया और इसको मंजूरी दी गयी। यह निर्णय सर्वसम्मति से नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र ने इसको यथाशीघ्र लागू करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने राज्य में ऑनलाइन गेमिंग पर रोक का उल्लेख करते हुये इसको ध्यान रखने की अपील की जिसको केन्द्रीय जीएसटी कानून में संशोधन के समय ध्यान में रखा जायेगा।



उन्होंने कहा कि गोवा और सिक्किम ने कसीनो पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाये जाने का विरोध किया और कहा कि यह फेस वैल्यू पर नहीं बल्कि जीजीआर पर लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी कसीनो पर 18 प्रतिशत कर है और यह जीजीआर पर है। इससे वास्तव में मात्र आठ प्रतिशत ही कर मिल रहा है। जीजीआर पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाये जाने से भी अधिकतम 12 प्रतिशत ही कर मिल पायेगा। इसको ध्यान में रखते हुये इस पर फेस वैल्यू पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाये जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि परिषद की 50वीं बैठक में लिये गये निर्णय को लेकर केन्द्रीय जीएसटी कानून में संशोधन की भाषा को स्पष्ट करने के उद्देश्य से यह बैठक बुलायी गयी थी।

## ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लगाने से पहले तीन बिन्दुओं पर गौर करने की अपील

नयी दिल्ली। सौ से अधिक गेम स्टूडियो के कैजुअल गेमिंग के एग्रीगेटर विंजो ने आज हो रही जीएसटी परिषद की बैठक के मद्देनजर सरकार से ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी को अंतिम रूप देने से पहले इस उद्योग से जुड़े तीन महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है।

विंजो ने यहां जारी बयान में कहा कि नॉन रियल मनी कैजुअल गेम और स्टूडियो जो सभी बाधाओं के बावजूद बन रहे हैं, उन पर 18 प्रतिशत से अधिक जीएसटी नहीं लगाया जाना चाहिए। गेमिंग स्टूडियो भारत के गेमिंग, डिजिटल, आईपी क्रांति पारिस्थितिकी तंत्र और प्रधानमंत्री के एक लाख करोड़ डॉलर डिजिटल अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वैसे भी, सब्सक्रिप्शन लेते समय ऐप स्टोर द्वारा 30 प्रतिशत शुल्क लिया जाता है। भारत में सदस्यता खरीद की दर भारत के बाहर कहीं भी 0.01 प्रतिशत है, जो औसतन 2से 3 प्रतिशत के बीच है। स्टूडियो बहुत कम मार्जिन पर चलते हैं। वे भारत में आईपी निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सभी भारतीय स्टूडियो एमएसएमई हैं और करों में कोई वृद्धि बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है।

उसने कहा कि विंजो गेमिंग का एक नेटफ्लिक्स, सभी गेम और गेम प्रारूपों के लिए यूनिट इकोनॉमिक्स, उपयोगकर्ता अंतर्दृष्टि तक पहुंच रखता है क्योंकि हम कैरम, शतरंज, कॉम्बैट गेम, कार रेस आदि जैसे 100 से अधिक गेम पेश करते हैं। ये मुफ्त और मुफ्त दोनों तरह से खेले जाते हैं। विंजो पर सूक्ष्म भुगतान, उपयोगकर्ता औसतन 10 रुपये प्रति दिन या 300 रुपये मासिक व्यय करता है। अभी वह 15 करोड़ उपयोगकर्ताओं के साथ शीर्ष स्थान है, जो भारत में आविष्कार किए गए वैकल्पिक गेम मुद्रीकरण और वितरण मॉडल का निर्माण कर रहे हैं तथा देश में गूगल और फेसबुक के एकाधिकार के लिए एकमात्र चुनौती हैं। जमा राशि पर कोई भी जीएसटी इस अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र को पूरी तरह से खत्म कर देगा जिससे 90 प्रतिशत स्टार्टअप, एमएसएमई खत्म हो जाएंगे। उसने कहा कि करों को उचित और निष्पक्ष रखकर भारतीय उपभोक्ताओं की रक्षा की जानी चाहिए।

# डीजीटी का नयी टेक्नॉलॉजीज़ पर कौशल कार्यक्रम के लिए एडब्लूएस इंडिया से करार

**नयी दिल्ली।** कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के तहत कार्यरत डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेनिंग (डीजीटी) ने एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ के साथ गठबंधन कर रहा है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनोटेशन, आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई), और मशीन लर्निंग (एमएल) में कौशल प्रदान किया जाएगा, ताकि उनकी क्षमताओं व रोजगार की योग्यताओं को बढ़ाया जा सके।

इस अभियान से डीजीटी के अंतर्गत संस्थानों में नामांकित विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। डीजीटी भारत में लगभग 15,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), और 33 नेशनल स्किल ट्रेनिंग संस्थानों (एनएसटीआई) के नेटवर्क द्वारा दीर्घकालिक संस्थागत कौशल प्रशिक्षण का क्रियान्वयन करने के लिए शीर्ष संस्थान है।

इस गठबंधन के अंतर्गत, एडब्लूएस इंडिया लोगों को बिना किसी लागत के विकसित होती हुई टेक्नॉलॉजी में अपनी गति से सीखने के लिए ऑनलाईन लर्निंग कार्यक्रम उपलब्ध कराएगा। अध्ययन की यह




सामग्री डीजीटी के भारत स्किल्स प्लेटफॉर्म पर पेश की जाएगी, जो क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम (सीटीएस) और क्राफ्ट्स इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) के अंतर्गत आने वाले सभी पाठ्यक्रमों के अपडेटेड पाठ्यक्रम, सामग्री, डिजिटली ब्लेंडेड सामग्री, प्रश्न बैंकों और लर्निंग वीडियोज़ की केंद्रीय रिपॉज़िटरी है।

एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा, ''हम विद्यार्थियों को अत्यधिक मांग वाली, विकसित होती हुई टेक्नॉलॉजी में प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं, और उनके लिए नए अवसर उत्पन्न कर उनकी रोजगार की योग्यता बढ़ा रहे हैं। एडब्लूएस के साथ इस अभियान द्वारा हमें खुशी है कि आईटीआई और एनएसटीआई के विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनोटेशन, एआई और एमएल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इन-डिमांड कौशल और हैंड्स-ऑन अनुभव का लाभ मिल सकेगा।

इन टेक्नॉलॉजीज़ में फैकल्टी को प्रशिक्षित करने के लिए एडब्लूएस का सहयोग बहुमूल्य होगा, और उन्हें अध्ययन के बेहतर परिणाम देने में समर्थ बनाएगा।

एडब्लूएस इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के एजुकेशन, स्पेस, नॉन प्रॉफिट्स, चैनल्स एंड अलायंसेज के लीड सुनील पीपी ने कहा, ''क्लाउड कंप्यूटिंग, एआई, एमएल लगभग हर उद्योग में परिवर्तन ला रहे हैं, इसलिए इनोवेशन लाने और देश की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए इन टेक्नॉलॉजीज़ में कुशल कार्यबल का विकास करना महत्वपूर्ण है। लर्नर्स एवं एजुकेटर्स को उद्योग के लिए उपयोगी एडब्लूएस आधारित करिकुलम और लर्निंग के संसाधन प्रदान करके हम बड़े स्तर पर शिक्षा में निवेश कर रहे हैं, और भारत में भविष्य का डिजिटल कार्यबल विकसित कर रहे हैं।''

डेटा एनोटेशन एआई और एमएल प्रोजेक्ट्स के विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है क्योंकि यह डेटा सेट्स को ज्यादा उपयोगी और इनोवेशन के लिए तैयार बनाता है, जिसे पहचानते हुए एडब्लूएस इंडिया डीजीटी को लोगों को डेटा एनोटेशन और लेबलिंग में प्रशिक्षित करने में भी समर्थ बनाएगा, जिसमें एडब्लूएस की पर्पज़-बिल्ट सेवा, एमेज़ॉन सेज़मेकर ग्राउंड ट्रुथ की मदद ली जाएगी, जो बड़े स्तर पर मशीन लर्निंग के लिए ट्रेनिंग डेटा की आसानी से लेबलिंग संभव बनाती है। इसके अलावा, एडब्लूएस डीजीटी के अंतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थानों को रेडी-टू-टीच क्लाउड कंप्यूटिंग पाठ्यक्रम प्रदान करेगा, जो विद्यार्थियों को उद्योग में मान्यताप्राप्त सर्टिफिकेशन और इन-डिमांड क्लाउड जॉब्स प्राप्त करने में मदद करेगा।

## बीमार दूरसंचार क्षेत्र ने राजग सरकार में पुन : रफ्तार पकड़ी : चंद्रशेखर

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के सुधारवादी कदमों से भारत के दूरसंचार क्षेत्र ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है।

चंद्रशेखर ने कहा कि इससे पहले संयुक्त प्रगतिशील गबठंधन सरकार (संप्रग) के दस वर्ष के कार्यकाल के दौर में दूरसंचार क्षेत्र बदहाल हो गया था। वह यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने संप्रग के दस साल के कार्यकाल को 'व्यर्थ गया दशक' करार देते हुए कहा कि वह घोटालों का दौर था जब भारत से दूरसंचार क्षेत्र से निवेशक भाग रहे थे और इस क्षेत्र की स्थिति काफी खराब हो गई थी।

उन्होंने कहा, आज मोदी सरकार के सुधार के कार्यक्रमों से दूरसंचार के क्षेत्र का तीव्र रफ्तार के साथ विस्तार हो रहा है और यह 'इंडिया टेकेड' यानी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के लिए अवसरों का दशक बन गया है।

चंद्रशेखर ने कहा कि वर्तमान सरकार में स्पेक्ट्रम की नीलामी से प्राप्त प्रत्येक रुपया सार्वजनिक खजाने में गया है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में खर्च किया गया है। उन्होंने आगे कहा ''इंडिया टेकडे में, नेटवर्क की गुणवत्ता बहुत अधिक है, टेलीकॉम ऑपरेटरों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वायरलेस नेटवर्क में बेस स्टेशनों और क्षमताओं में अधिक से अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा, हम दुनिया में 5जी नेटवर्क शुरू करने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं और 700 से अधिक जिलों में 5जी कवरेज है।''

मंत्री ने कहा कि इस अत्याधुनिक तकनीक में 500,000 से अधिक 5जी बेस स्टेशन चालू किए किए जा चुके हैं।

उन्होंने इंटरनेट और दुरसंचार सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा, ''इस समय लगभग 83 करोड़ भारतीय इंटरनेट से जुड़े हुए हैं और हम दुनिया का सबसे बड़ा कनेक्टेड देश और सबसे बड़ा कनेक्टेड लोकतंत्र हैं। 2014 में, यह संख्या बस एक छोटा सा हिस्सा थी। हमारा अनुमान है कि 2025-26 तक 120 करोड़ भारतीय इंटरनेट से जुड़ जाएंगे।

संप्रग पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके समय में दूरसंचार क्षेत्र के घोटालों के बारे में चर्चा केवल घोटालों की होती थी।

## अमेजन की 4 से 8 अगस्त तक ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। आज़ादी के पर्व का जश्न मनाने के लिए अमेजन इंडिया ने चार से आठ अगस्त तक ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साल यह शॉपिंग इवेंट 4 अगस्त की आधी रात से शुरू होकर 8 अगस्त, 2023 तक चलेगा। इस शॉपिंग फेस्टिवल में ग्राहकों के लिए बेहतर डील और ऑफर की पेशकश की जाएगी। प्राइम मैंबरों को इस शॉपिंग फेस्टिवल में 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे से पूरे 12 घंटे का प्राइम अर्ली एक्सेस मिलेगा।

ग्राहक अपनी आजादी का जश्न मनाने के साथ ही यहां मौजूद लाखों प्रोडक्ट पर ढेरों शानदार ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं और विशाल कलेक्शन में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। यहां ग्राहक कारीगरों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, ब्रांडों और पड़ोस के स्टोरों सहित हमारे सेलर्स से स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, किराना, फैशन एंड ब्यूटी से जुड़े प्रोडक्ट, होम एंड किचन, लार्ज अप्लायंसेस, टीवी सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं।

ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान, ग्राहक शाओमी स्मार्ट टीवी, सैमसंग टीवी, टीसीएल, एलजी टीवी, हाइसेंस, पैम्पर्स, एरियल, व्हिस्पर, माइक्रोसॉफ्ट, लोरियल पेरिस, लैक्मे, ट्रेसेम, डव एवं पॉण्ड्स जैसे ब्रांडों पर ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। ये सभी ऑफर प्राइम मैंबरों को 12 घंटे पहले उपलब्ध करा दिए जाएंगे, जिसकी मदद से वे एक्सक्लूसिव रूप से खरीदारी कर सकेंगे और दूसरों से पहले शानदार डील्स और ऑफर का लाभ उठा सकेंगे।

# अमेरिका की साख रेटिंग घटने से शेयर बाजार में कोहराम

मुंबई। फिच के अमेरिका की साख रेटिंग घटाने से वैश्विक बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 676.53 अंक अर्थात् 1.02 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह बाद 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65,782.78 अंक पर आ गया। इससे पहले यह इस वर्ष 13 जुलाई को 65,558.89 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 207 अंक यानी 1.05 प्रतिशत लुढ़क कर 19,526.55 अंक पर रहा।

बीएसई की दिग्गज कम्पनियों की तरह मझौली और छोटी कम्पनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिड कैप 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 29,926.19 अंक और स्मॉल कैप 1.18 प्रतिशत टूटकर 34,761.22



अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3738 कम्पनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2353 में बिकवाली जबकि 1240 में लिवाली हुई वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 45 कम्पनियाँ लाल जबकि महज़ पांच हरे निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने %स्थिर% आउटलुक के साथ अमेरिकी साख रेटिंग को %एएए% से घटाकर %एए+% कर दिया है। इसके बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच चौतरफा बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजारों को नुकसान हुआ। इससे बीएसई के सभी 19 समूह लुढ़क गए। इस दौरान कमोडिटीज़ 1.22, सीडी 1.07, ऊर्जा 1.44, वित्तीय सेवाएं 1.33, इंडस्ट्रीयल 1.46, दूरसंचार 2.00, यूटिलटीज़ 2.32, ऑटो 1.52, बैंकिंग 1.35, कैपिटल गुड्स 1.83, धातु 2.45, तेल एवं गैस 1.47, पावर 2.31 और रियलटी समूह के शेयर 1.42 प्रतिशत लुढ़क गए।

वैश्विक बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.32, जर्मनी का डैक्स 1.21, जापान का निक्केई 2.30, हांकांग का हैंगसेंग 2.47 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.89 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 395 अंक की भारी गिरावट लेकर 66,064.41 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 66,261.97 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ दोपहर बाद 65,431.68 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,459.31 अंक के मुकाबले 1.02 प्रतिशत का गोता लगाकर 65,782.78 अंक पर रहा। इसी तरह निफ़्टी भी 78 अंक टूटकर 19,655.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,678.25 अंक के उच्चतम जबकि 19,423.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,733.55 अंक की तुलना में 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,526.55 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कम्पनियों में टाटा स्टील 3.45, टाटा मोटर्स 3.19, एनटीपीसी 2.69, एसबीआई 2.16, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 2.05, एलटी 1.68, भारती एयरटेल 1.55, ऐक्सिस बैंक 1.54, एचडीएफसी बैंक 1.25, रिलायंस 1.05, विप्रों 0.98, आईसीआईसीआई बैंक 0.75, मारुति 0.67, इंफ़ोसिस 0.62, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.50 और टीसीएस 0.30 प्रतिशत शामिल रही।

# पीएनबी के ग्राहक 31 अगस्त 2023 तक केवाईसी अपडेट करवाए

नई दिल्ली। आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुरूप, देश का अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), अपने ग्राहकों को 31 अगस्त, 2023 से पहले अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) जानकारी अपडेट करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। बैंक ने उन ग्राहकों के पंजीकृत पते पर दो नोटिस और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस अधिसूचना भेजी है, जिनके खातों में केवाईसी अद्यतन होना बाकी है। इसके अलावा, इसे बैंक के सोशल मीडिया हैंडल पर प्रकाशित किया गया है और 28.07.2023 को समाचार पत्र में विज्ञापित किया गया




है। अखबार की अधिसूचना में कहा गया है कि आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी ग्राहकों के लिए केवाईसी अपडेट करना अनिवार्य है। यदि आपका खाता 31.03.2023 तक केवाईसी अद्यतन के लिए देय हो गया है, तो आपसे अनुरोध है कि आप अपना केवाईसी पीएनबी वन/आईबीएस/पंजीकृत ई-मेल/पोस्ट के माध्यम से या 31.08.2023 से पहले किसी भी शाखा में व्यक्तिगत रूप से जाकर अपडेट करवा लें। अद्यतन न करने से आपके खाते में परिचालन पर प्रतिबंध लग सकता है।

केवाईसी अनुपालन अभ्यास के हिस्से के रूप में, पीएनबी ग्राहकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी अद्यतन जानकारी जैसे पहचान प्रमाण, पता प्रमाण, हालिया फोटो, पैन, आय प्रमाण, मोबाइल नंबर (यदि उपलब्ध नहीं है) या कोई अन्य केवाईसी जानकारी पीएनबी वन/आईबीएस/ के माध्यम से प्रदान करें। अपने बैंक खाते के सुचारू कामकाज के लिए पंजीकृत ई-मेल/पोस्ट या व्यक्तिगत रूप से किसी भी पीएनबी शाखा में जाएँ।

## शेयर बाजार में कोहराम से निवेशकों के डूबे 3.5 लाख करोड़



मुंबई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच के अमेरिका की साख रेटिंग घटाने से शेयर बाजार में मचे कोहराम के कारण आज निवेशकों के 3.5 लाख करोड़ रुपये डूब गए।

फिच ने स्थिर आउटलुक के साथ अमेरिकी साख रेटिंग को एएए से घटाकर एए+ कर दिया है। इसके बाद भारी बिकवाली से बीएससी का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। इस गिरावट के दबाव में निवेशकों के 3.5 लाख करोड़ रुपये डूब गए।

बाजार पूंजीकरण मंगलवार को 3,06,80,206.23 करोड़ रहा था। लेकिन, बुधवार को सेंसेक्स में कोहराम मचने से यह 346947.54 करोड़ रुपये घटकर 3,03,33,258.69 करोड़ रुपये रह गया।

## शार्ट न्यूज़

### बतौर गेंदबाजी ऑलराउंडर अपनी भूमिका समझता हूं : शार्दुल ठाकुर

तारोबा। शार्दुल ठाकुर भले ही भारतीय टीम में बतौर ऑलराउंडर अपनी भूमिका बखूबी समझते हों, लेकिन उनका ध्यान लोगों की वाहवाही हासिल करने पर बिल्कुल नहीं है। प्रतिभावान हरफनमौला शार्दुल ने मंगलवार को तीसरे वनडे में वेस्ट इंडीज के चार विकेट चटकाते हुए भारत की 200 रन की विशाल जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने इस सीरीज में 11.62 की औसत से सर्वाधिक आठ विकेट लिये और मात्र 5.31 की इकॉनमी से रन दिये। शार्दुल को इस सीरीज में बल्ले से अपना जौहर दिखाने का मौका नहीं मिला, लेकिन वह जानते हैं कि निचले क्रम में उनकी ज़रूरत कभी भी पड़ सकती है। शार्दुल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमारी बल्लेबाजी गहरी रही है। निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले एक ऑलराउंडर के रूप में मेरा काम महत्वपूर्ण हो जाता है। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए या एक अच्छा स्कोर खड़ा करने के लिये अगर आप तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं तो एक या दो विकेट गिर सकते हैं। अगर आपका नंबर आठ और नंबर नौ सेट बल्लेबाज के साथ योगदान दे सकता है, तो इससे मदद मिलती है। इसलिये यह भूमिका महत्वपूर्ण है।

### विंडीज को 200 रन से रौंदकर भारत ने श्रृंखला जीती

**तारोबा।** भारत ने शुभमन गिल (85) की अगुवाई में बल्लेबाज़ों के शानदार प्रदर्शन के बाद मुकेश कुमार (30/3) और शार्दुल ठाकुर (37/4) की घातक गेंदबाजी की बदौलत तीसरे वनडे में वेस्ट इंडीज को 200 रन से रौंदकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली है। भारत ने मंगलवार को खेले गये मुकाबले में विंडीज के सामने 352 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कैरिबियाई टीम 151 रन पर ऑलआउट हो गयी। गिल के अलावा ईशान किशन (77), संजू सैमसन (51) और हार्दिक पांड्या (70 नाबाद) ने भी भारत के लिये अर्द्धशतक जड़े। इसके बाद मुकेश ने पावरप्ले के अंदर वेस्ट इंडीज के तीन विकेट मात्र 17 रन पर गिराकर उसकी जीत की संभावनाएं क्षीण कर दीं। वेस्ट इंडीज के लिये गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 39 रन बनाये, हालांकि यह मेजबान टीम को जीत दिलाने के लिये नाकाफी था। शार्दुल ने भारत के लिये सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। कुलदीप यादव ने दो विकेट लिये, जबकि जयदेव उनादकट को एक सफलता हासिल हुई।

### पाकिस्तान जा सकती है भारतीय हॉकी टीम

चेन्नई। क्रिकेट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक दूसरे के देश में खेलने से भले आनाकानी करती हों, लेकिन हॉकी में ऐसी स्थिति नहीं है। पाकिस्तान की हॉकी टीम इस समय एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए भारत आई है। साथ ही हॉकी इंडिया के प्रेसिडेंट दिलीप तिर्की ने कहा है कि जरूरत पड़ी तो भारतीय टीम भी पाकिस्तान जाकर खेलेगी। तिर्की ने कहा है कि अगर भारतीय हॉकी टीम 23 सितंबर से शुरू हो रहे एशियन गेम्स के जरिए 2024 पेरिस ओलिंपिक के लिए डायरेक्ट क्वालिफाई नहीं कर पाती है तो फिर भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी और वहां, क्वालिफायर टूर्नामेंट खेलेगी। तिर्की ने चेन्नई में कल से शुरू हो रही एशियन चैंपियंस ट्रॉफी से पहले चर्चा की। नियमों के अनुसार एशियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम को सीधे ओलिंपिक में जगह मिलेगी। एशियाड में हिस्सा लेने वाले अन्य देशों को क्वालिफायर खेलने होंगे। इस बार पाकिस्तान और स्पेन में क्वालिफायर टूर्नामेंट खेले जाने हैं।

### मीडिया राइट्स की रेस में गूगल-अमेजन

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ब्रॉडकास्ट राइट्स के लिए गूगल और अमेजन को टारगेट कर रहा है। बीसीसीआई ने आज राइट्स के लिए टेंडर डॉक्यूमेंट जारी कर दिए हैं। भारत में अगले 5 साल तक होने वाले मैचों के राइट्स करीब 6 हजार करोड़ रुपए में बिक सकते हैं। इनमें भारत में होने वाले तीनों फॉर्मेट के 102 इंटरनेशनल मैच और घरेलू मैच शामिल हैं। बीसीसीआई ने मीडिया राइट्स के टेंडर डॉक्यूमेंट की कीमत 15 लाख रुपए रखी है। डॉक्यूमेंट में टेंडर प्रोसेस, एलिजिबिलिटी डिटेल, राइट्स और बाकी डिटेल्स दी गई हैं। भारतीय कंपनियों को डॉक्यूमेंट खरीदने के लिए टैक्स मिलाकर करीब 17.70 लाख रुपए देने होंगे। वहीं विदेशी कंपनियों को टैक्स के बाद भी करीब 15.16 लाख रुपए ही देने होंगे। ये कीमत नॉन-रिफंडेबल होगी, यानी डॉक्यूमेंट्स खरीदने के बाद अगर कंपनियों ने बोली नहीं लगाई, तब भी उनके पैसे रिफंड नहीं होंगे। डॉक्यूमेंट्स 25 अगस्त तक खरीदे जा सकेंगे। बीसीसीआई ने बताया, टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदने वाली कंपनियां ही बोली लगाने की हकदार होंगी।

### वायु सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत

सैंटियागो। चिली के दक्षिणी हिस्से में वायु सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चिली वायु सेना के पांच सदस्यों मौत हो गई। वायु सेना ने मंगलवार को बताया कि यह दुर्घटना की सोमवार रात घटित हुयी। वायु सेना ने एक बयान में कहा, दक्षिणी चिली के लॉस लागोस क्षेत्र में सोमवार रात एक बेल 412 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान दो पायलटों, दो एयर क्रू सदस्यों और एक बचाव पैराट्रूपर सहित पांच सदस्यीय चालक दल के साथ रात्रि उड़ान प्रशिक्षण मिशन का संचालन कर रहा था। सभी चालक दल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। बयान में कहा गया है कि चिली वायु सेना दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को सहायता और सहायता प्रदान कर रही है। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित एक संदेश में वायुसैनिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया और चैंबर ऑफ डेप्युटीज़ ने मंगलवार को अपने सत्र की शुरुआत में एक मिनट का मौन रखा।

### सीरिया में आईएस ने घात लगकार किया हमला, पांच सैनिक सहित सात की मौत

दमिश्क। इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकवादियों ने मंगलवार को मध्य सीरिया में तेल टैंकरों के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें पांच सैनिकों और दो ड्राइवरों की मौत हो गई। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि आईएस ने हमा प्रांत के पूर्वी ग्रामीण इलाके के रेगिस्तानी क्षेत्र में रक्का-सलामियेह रोड पर काफिले पर मशीनगन और रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से हमला किया। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि यह हमला सीरियाई सैन्य कर्मियों और नागरिकों के खिलाफ आईएस आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। आईएस द्वारा घात लगाकर किए गए हमलों में सीरिया के होम्स, हामा, स्वेदा, रक्का, दीर अल-ज़ौर और प्रांतों तक फैले विशाल रेगिस्तानी क्षेत्र में 2023 की शुरुआत से अब तक 192 सीरियाई सैनिक और सरकार समर्थक लड़ाके तथा 157 नागरिक मारे गए हैं।

### इजरायली सैनिकों ने चाकू से हमला करने की कोशिश करने पर फिलिस्तीनी लड़के को मार गिराया

रामल्लाह। इजरायली सैनिकों ने मंगलवार देर रात 15 वर्षीय एक फिलिस्तीनी लड़के की हत्या कर दी। फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक इस लड़के ने दक्षिणी वेस्ट बैंक शहर हेब्रोन के पास चाकू से हमला करने का प्रयास किया था। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसे इज़रायल के साथ फिलिस्तीनी संपर्क द्वारा सूचित किया गया था कि मोहम्मद अल-ज़ारिर को शहर के करीब अल-सामौ गांव के पास इजरायली सैनिकों ने मार डाला था। फ़िलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इज़रायली सैन्य बलों ने फ़िलिस्तीनी एम्बुलेंस को लड़के के शव तक पहुँचने से रोक दिया। इज़रायल रेडियो ने बताया कि यह घटना उस समय घटित हुई, जब एक इज़राइली सेना का अधिकारी एक फ़िलिस्तीनी संदिग्ध की जांच करने के लिए बस अड्डा पर रुका। लड़के पास चाकू था और उसने अधिकारी पर हमला करने की कोशिश की।

# वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए पंजीयन आज से, ठाकुर बने पहले प्रतिभागी

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में 15 अक्टूबर 2023 को होने वाले वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए आज से पंजीयन शुरू होगा। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर इसके लिए पंजीयन करने वाले पहले व्यक्ति है और पहले प्रतिभागी भी बन गये हैं।

पंजीयन की आज घोषणा किये जाने के मौके पर ठाकुर पंजीयन कर इसके पहले प्रतिभागी बने। दिल्ली हाफ मैराथन का यह 18वां संस्करण है। डिस्टेंस रनिंग इवेंट्स का आयोजन करने वाली कंपनी प्रोकैम इंटरनेशनल ने 15 अक्टूबर 2023 को आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस के लिए आज पंजीयन शुरू करने की घोषणा की। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन की फिजिकल और वर्चुअल रेस के लिए पंजीयन कल सुबह सात बजे से शुरू होगा।

ठाकुर ने कहा वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के लिए पंजीयन कराकर मुझे खुशी हो रही है और मैं इस इवेंट में हजारों लोगों को भाग लेते देखने का इंतजार कर रहा हूं।

मैं सभी को इस इवेंट के लिए पंजीयन करने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। 18 साल तक किसी इवेंट का आयोजन करना शतक लगाने के बराबर है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन की लंबी उम्र भारत और दुनिया के लोगों के बीच इस आयोजन की लोकप्रियता को दर्शाती है।

दुनिया के सबसे तेज हाफ मैराथन में से एक माने जाने वाले 268,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ एथलीट राजधानी के दिल में भारत के



इलीट और एमेच्योर धावकों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस मौके पर हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की अध्यक्ष एवं वेदांता लिमिटेड की गैर कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा, जैसा कि हम वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के एक और संस्करण की शुरुआत कर रहे हैं, हम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रतिष्ठित मैराथन एक साझा उद्देश्य के लिए कम्यूनिटीज के एक साथ आने की भावना का प्रमाण है। ग्रामीण भारत में बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने की हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, आपके द्वारा नापे गए प्रत्येक किलोमीटर के लिए हम अपनी -नंद घर- इनिशिएटिव के माध्यम से एक बच्चे को भोजन देने का वादा करेंगे। हम और भी अधिक भागीदारी देखने के लिए उत्साहित हैं ताकि हम सामूहिक रूप से युवा भारत को पोषित करने में योगदान दे सकें। आइये रन फॉर जीरो हंगर में एकजुट हों।

सीनियर सिटीजन रन अपनी शुरुआत से ही इस आयोजन का एक अभिन्न अंग रही है। रेस के भीतर एक अलग कैटेगरी के रूप में यह बाद के वर्षों में शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने, मुख्यधारा में वरिष्ठों की भागीदारी और नए रास्ते तलाशने के समान अवसर के महत्व पर प्रकाश डालती है। इमोहा- एक गैर-लाभकारी संगठन है जो सीनियर सिटीजन रन फैसिलिटेटर के रूप में वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन को सशक्त बनाएगा।

प्रोकैम इंटरनेशनल के प्रवर्तक विवेक सिंह ने कहा, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के पिछले अठारह वर्ष बदलाव से भरपूर रहे हैं। एक शहर जो दौड़ता नहीं था, आज दुनिया के सबसे तेज और सबसे बड़े हाफ मैराथन में से एक का घर है। यह आयोजन हमारे सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच गर्व और सौहार्द और स्वामित्व की भावना पैदा करता है। इस आयोजन को शानदार सफल बनाने के लिए हर कोई अपना-अपना रंग जोड़ रहा है। हमें अब तक जितना भी सहयोग और समर्थन मिला है, इसके लिए हम हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं और साथ ही एक और रोमांचक संस्करण की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हाफ मैराथन, ओपन 10 किलोमीटर, ग्रेट दिल्ली रन (लगभग 4.5 किलोमीटर), सीनियर सिटीजन रन (लगभग 2.5 किलोमीटर) और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (लगभग 2.5 किलोमीटर) के लिए पंजीयन 3 अगस्त सुबह 7 बजे से शुरू होगा और 22 सितंबर रात 11 : 59 बजे तक या फिर स्थान भरने तक (जो भी पहले हो) खुला रहेगा।

# मिथुन ने किया उलटफेर, सिंधु, प्रणय भी जीते

एजेंसी

सिडनी। भारत के गैर वरीयता प्राप्त शटलर मिथुन मंजूनाथ ने ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 में बुधवार को बड़ा उलटफेर करते हुए सिंगापुर के चौथी सीड कीन यू लोह को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

विश्व रैंकिंग में 50वें नंबर पर मौजूद मिथुन ने सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 21-19, 21-19 से मात दी। मिथुन अब अगले दौर में मलेशिया के ली ज़ी जिया का सामना करेंगे। इस बीच, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने अपने टूर्नामेंट का मज़बूत आगाज़ किया, जबकि आकर्षि कश्यप ने भी अपने से बेहतर रैंकिंग वाली खिलाड़ी को मात



दी। इस सीज़न में सात अलग-अलग आयोजनों में पहले दौर में हारने वाली सिंधु ने अपने शुरुआती महिला एकल मैच में हमवतन अश्मिता चालिहा को 36 मिनट में 21-18, 21-13 से हराया।

पुरुष एकल प्रतियोगिता में, श्रीकांत ने जापान के केंता निशिमोतो को 21-18, 21-17 से हराया। प्रणय ने हॉन्ग कॉन्ग के चियुक यू ली को 21-18, 16-21, 21-15 से मात दी।

## चार बार का विजेता अमेरिका नॉकआउट में, पुर्तगाल बाहर

**ऑकलैंड।** चार बार का विजेता अमेरिका मंगलवार को पुर्तगाल के खिलाफ ग्रुप मुकाबला गोलरहित (0-0) ड्रॉ खेलकर महिला फुटबाल विश्वकप के नॉकआउट चरण में पहुंच गया। वहीं, पुर्तगाल टूर्नामेंट से बाहर हो गया जो इसमें पहली बार खेल रहा था। मौजूदा विजेता अमेरिका को मैच के दौरान गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन वे पुर्तगाल की टीम के डिफेंस को तोड़ने में सफल नहीं हो पाए। अमेरिकी खिलाड़ी मेगन रेपिनो को गोल करने का मौका मिला और उन्होंने गेंद पर किक लगाई, लेकिन गेंद गोल पोस्ट में नहीं जा पाई। अमेरिकी टीम के कोच वलाटको ने कहा कि हम जानते हैं कि गोल नहीं कर पाए। हम अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। हम अगले दौर में पहुंच गए हैं।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व कप के सुपर 16 में

वेलिंगटन। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को रोमांचक ग्रुप जी मैच में इटली को 3-2 से हराकर पहली बार फीफा महिला विश्व कप के सुपर-16 के लिए क्वालीफाई किया।

यह टूर्नामेंट के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका की पहली जीत भी थी। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर अपनी टीम को यह ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए हिल्दाह मगैया (67वां मिनट) और थंबी गाटलाना (90+2) ने एक एक गोल किया। इटली की बेंडेटा ऑर्सी ने एक आत्मघाती गोल दागकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में योगदान दिया। इटली के दोनों गोल एरियाना कारुसो (11वां, 74वां मिनट) ने किए।

कारुसो ने 11वें मिनट में पेनल्टी पर गोल जमाकर इटली को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने जल्द ही लगातार हमलों के जरिए वापसी की।



मैच के 32वें मिनट में ऑर्सी के आत्मघाती गोल के बाद दक्षिण अफ्रीका ने हाफ टाइम में बराबरी के साथ प्रवेश किया।

दूसरे हाफ में इटली ने वापसी का प्रयास किया, लेकिन एक दर्शनीय बैकपास की सहायता से मगैया अफ्रीकी टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

कारुसो ने 74वें मिनट में गोल जमाकर इटली की कुछ उम्मीदें जगायीं लेकिन संयुक्त प्रयास की बेहतरीन मिसाल कायम करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम क्षणों में गाटलाना के गोल से जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका की कोच देसरी एलिस ने भावुक आंखों से कहा, वे योद्धाओं की तरह लड़ीं। वे उन नायिकाओं की तरह लड़ीं जो हम उन्हें मानते हैं। उन्होंने न सिर्फ विश्व कप में हमारी पहली जीत हासिल करके इतिहास रचा है, बल्कि सुपर 16 में पहुंचकर भी इतिहास रचा है जो बेहद आश्चर्यजनक है।


नाइजीरिया (1999, 2019, 2023) और कैमरून (2015,2019) के बाद दक्षिण अफ्रीका फीफा महिला विश्व कप के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम बन गई है।

# ईरान में 2 दिन का टोटल शटडाउन, वजह- गर्मी

## पारा 50 डिग्री पार पहुंचा, हीट स्ट्रोक का खतरा; कई शहरों में बिजली कटौती

तहरान। ईरान में तेज गर्मी के चलते पहली बार 2 दिन का टोटल शटडाउन घोषित कर दिया गया है। ईरान की सरकार ने सभी कार्यालय, स्कूल और बैंक बंद रखने का फैसला सुनाया है। ईरान में तापमान 123 डिग्री फैरेनहाइट यानी 50 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को हीट स्ट्रोक का खतरा बताते हुए घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है।

सरकारी प्रवक्ता अली बहादुरी-जहरोमी ने बताया कि सभी अस्पतालों को हाई-अलर्ट पर रखा गया है। साउथ-ईस्ट के प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान में, बढ़ते तापमान और धूल भरी आंधियों की वजह से हाल ही में करीब 1 हजार लोगों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि इस साल ईरान में बिजली का इस्तेमाल रिकॉर्ड लेवल तक पहुंचने के आसार हैं, क्योंकि लोग एसी का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। ईरान में अब तक 2 पावर प्लांट ग्रिड से बाहर हो चुके हैं और कई शहरों में बिजली कटौती भी हो रही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक,



ईरान में बिजली संकट गहरा सकता है। यहां इलेक्ट्रिसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर बेहद पुराना हो चुका है। इसे सुधार के लिए विदेशी निवेश की जरूरत है। हालांकि, अमेरिका की तरफ से लगाई गईं पाबंदियों की वजह से ये मदद मिलना फिलहाल नामुमकिन है।

ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में ईरान मेंस बिजली संकट को देखते हुए शटडाउन बढ़ाया जा सकता है।

इससे पहले पिछले साल इराक ने अपने नागरिकों को 125 डिग्री तापमान से बचाने के लिए सार्वजनिक छुट्टियां बढ़ा दी थीं। वहीं मिस्र में भी हीटवेव और बिजली के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से दिन में कम से कम 1 बार बिजली कटौती की जा रही है।

### जुलाई मानव इतिहास का सबसे गर्म महीना

कुछ दिन पहले ही ग्लोबल क्लाइमेट अथॉरिटीज के साइंटिस्ट्स ने बताया था कि जुलाई 2023 मानव इतिहास का सबसे गर्म महीना है। लगातार तापमान बढ़ने से तीन महाद्वीप- नॉर्थ अमेरिका, यूरोप और एशिया हीटवेव की चपेट में हैं।

यूरोपियन यूनियन की कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस और वर्ल्ड मीटियरोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन ने एक रिपोर्ट में कहा- जुलाई के शुरुआती तीन हफ्तों में गर्मी के कई रिकॉर्ड टूटे।

कई देशों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा पहुंच गया। साइंटिस्ट्स का कहना है कि 1 लाख 20 हजार साल में इतनी गर्मी हुई है।

### यूएन चीफ बोले- ग्लोबल वॉर्मिंग का युग खत्म

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा- ग्लोबल वॉर्मिंग का युग खत्म हो गया है। अब ग्लोबल बॉयलिंग का युग आ गया है। क्लाइमेट चेंज आ गया है। ये बेहद खतरनाक है। हालांकि ये सिर्फ शुरुआत है, इसे काबू किया जा सकता है। हम ग्लोबल टेम्परेचर को बढ़ने से रोक सकते हैं। लेकिन इसके लिए हमें फौरन कदम उठाने पड़ेंगे।

### यूरोप- कई देशों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हुआ

यूरोप की स्पेस एजेंसी ने इटली, स्पेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड में गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। स्पेन में तापमान 45 डिग्री पहुंच गया। वहीं, इटली में पारा 48 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है।

इटली ने रोम और फ्लोरेंस समेत अपने 16 शहरों के लिए हीटवेव की चेतावनी जारी की है। सरकार ने लोगों से 11 से शाम 6 बजे तक धूप में न रहने की सलाह दी है।

स्पेन के कैनरी आइलैंड और ग्रीस में तापमान बढ़ने से जंगल की आग शुरू हो गई है।

# पाक की अफगानिस्तान को धमकी

## बिलावल बोले- आतंकी पनाहगाहें खत्म करे अफगान हुकूमत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पिछले दिनों फिदायीन हमले में 56 लोगों के मारे जाने के बाद अफगान बॉर्डर पर तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तानी फौज ने यहां चार नई यूनिट तैनात कर दी हैं। इसके बाद फॉरेन मिनिस्टर बिलावल भुट्टो जरदारी ने अफगानिस्तान को धमकी भी दी है।

बिलावल ने बुधवार को कहा- अफगानिस्तान बॉर्डर से आतंकी हमारे मुल्क में घुसते हैं। इसके बाद वो यहां हमले करते हैं। अगर अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत ने इसे नहीं रोका तो हमारी सरकार और फौज एक्शन लेने के लिए मजबूर हो जाएगी।

### पाकिस्तान अपनी हिफाजत करेगा

इस्लामाबाद में मीडिया से बातचीत के



दौरान बिलावल ने पिछले दिनों खैबर पख्तूनख्वा राज्य में हुए फिदायीन हमले का जिक्र किया। कहा- अफगान हुकूमत उन टेररिस्ट को रोकने में नाकाम रही है जो वहां से पाकिस्तान में घुसते हैं, हमले करते हैं और फिर वापस अफगानिस्तान भाग जाते हैं। हमने यह मुद्दा कई बार अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत के सामने उठाया है। फॉरेन मिनिस्टर बिलावल ने आगे कहा- इंटरनेशनल लॉ हमें इजाजत देता है कि अगर इस तरह के हमले बंद नहीं हुए, वहां दहशतगर्दों की पनाहगाहें बंद नहीं की गईं तो फिर अपनी हिफाजत के लिए हमारी सरकार और फौज एक्शन लेगी। हमारे पास सबूत हैं कि काबुल में कई आतंकी छिपे हुए हैं। अफगानिस्तान को याद रखना होगा कि कतर की राजधानी दोहा में जो एग्रीमेंट हुआ था, उसमें साफ कहा गया था अफगान हुकूमत किसी आतंकी को पनाह नहीं देगी।

एक सवाल के जवाब में बिलावल ने कहा- मुझे ऐसा लगता है कि पाकिस्तान को इस बात के लिए लगातार उकसाया जा रहा है कि वो अफगानिस्तान बॉर्डर क्रॉस करे और वहां मौजूद आतंकियों के खिलाफ एक्शन ले।

## रूसी ड्रोन हमले में यूक्रेन का अनाज भंडारघर नष्ट

कीव। रूस के ड्रोन ने नाटो सदस्य देश रोमानिया से थोड़ी दूरी पर डेन्यूब नदी पर इज़्मेल में यूक्रेनी बंदरगाह सुविधाओं पर हमला किया है। बीबीसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि हमले में एक अनाज गोदाम, एक यात्री भवन और अनाज भरने में काम आनी वाली एक लिफ्ट सभी क्षतिग्रस्त हो गयी। रूस ने संयुक्त राष्ट्र के उस समझौते को छोड़ने के बाद यूक्रेन के बंदरगाहों को निशाना बनाना शुरू कर दिया, जो दोनों देशों को काला सागर के पार सुरक्षित रूप से अनाज निर्यात करने में सक्षम बनाता था। बुधवार तड़के इज़्मेल के बंदरगाह क्षेत्र में भीषण आग लग गई। लगभग तीन किमी दूर डेन्यूब के रोमानियाई हिस्से से फिल्माए गए वीडियो में आग की भयावहता दिखाई दी।

## नागरिकों के सैन्य परीक्षणों पर पूर्ण न्यायालय की मांग वाली याचिका खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट (एससी) ने नागरिकों के सैन्य परीक्षणों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पूर्ण अदालत के गठन की मांग वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। सुरक्षित फैसले की घोषणा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन, न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर, न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी, न्यायमूर्ति सैय्यद मजहर अली अकबर नकवी और न्यायमूर्ति आयशा-ए-मलिक की छह सदस्यीय पीठ ने की। एक दिन पहले छह-न्यायाधीशों की पीठ ने विभिन्न याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील को सुनने की कोशिश की कि वरिष्ठ वकील फैसल सिद्दीकी की ओर से दायर एक नए आवेदन से कैसे निपटा जाए, जिसमें मामले की सुनवाई के लिए सभी उपलब्ध न्यायाधीशों को शामिल करते हुए एक पूर्ण अदालत के गठन का अनुरोध किया गया था। विभिन्न याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग सभी वकीलों ने इस विचार का विरोध किया। पूर्व सीजेपी जव्वाद एस. ख्वाजा की ओर से वकील ख्वाजा अहमद हुसैन ने हालांकि, अपने मुवक्किल से नए निर्देश लेने के लिए समय मांगा।

## ट्रम्प पर चुनाव पलटने का प्रयास करने का आरोप

वाशिंगठन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर वर्ष 2020 के चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही, उन पर अमेरिका को धोखा देने की साजिश, गवाह के साथ छेड़छाड़ और नागरिकों के अधिकारों के खिलाफ साजिश समेत चार मामलों का आरोप हैं। अभियोग में अमेरिकी राजधानी में छह जनवरी 2021 के आसपास के घटनाक्रम की जांच शामिल है।फिर से राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे श्री ट्रम्प (77) ने किसी भी गलत काम से इनकार करते हुये सोशल मीडिया पर अपने ऊपर लगे आरोपों को हास्यास्पद करार दिया है। रिपब्लिकन राजनेता पर पहले से ही दो अन्य मामलों में आरोप लगाए गए हैं जिनमें पहला गोपनीय दस्तावेजों के साथ कोताही बरतने और दूसरा एक पोर्न स्टार को चुपचाप पैसे के भुगतान को छुपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है। चुनावी जांच में वर्तमान राष्ट्रपति जो बिडेन से हार और वाशिंगटन डीसी में दंगे के बीच दो महीने की अवधि में श्री ट्रम्प के कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सांसदों द्वारा डेमोक्रेट की जीत को प्रमाणित किये जाने के बाद उनके समर्थकों ने कांग्रेस पर धावा बोल दिया था। जांच का नेतृत्व करने वाले विशेष वकील जैक स्मिथ ने कहा, 6 जनवरी 2021 को हमारे देश की राजधानी पर हमला अमेरिकी लोकतंत्र की सीट पर एक अभूतपूर्व हमला था। जैसा कि अभियोग में वर्णित है, यह झूठ से प्रेरित था।

## पाकिस्तान चला सकता है अफगानिस्तान में आतंकवाद रोधी अभियान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि यदि अफगानिस्तान के अधिकारी आतंकवादी खतरे से निपटने में विफल रहते हैं, तो पाकिस्तान वहां आतंकवाद रोधी अभियान चल सकता है। 'जियो न्यूज' अपने रिपोर्ट में श्री श्री जरदारी के हवाले से कहा, हम बलपूर्वक नहीं चाहते हैं कि पाकिस्तान वहां (अफगानिस्तान) में और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करें, लेकिन अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक हमें आत्मरक्षा में ऐसा करने का अधिकार है। उन्होंने कहा, यदि इस तरह के हमले लगातार होते रहैं और इस संबंध में उचित कार्रवाई नहीं की गयी, हमें ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, लेकिन मेरा मानना है कि हमारे पर यहीं एक मात्र रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि तालिबान दोहा में अमेरिका के साथ 2020 में किए गए समझौते पर आतंकवादियों और अफगानिस्तान में आतंकवादी गतिविधियां चलाने वालो या अन्य देशों की सीमा में हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया है। पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक ने अफगानिस्तान के अधिकारियों से वादा के मुताबिक कार्रवाई करने की अपील की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादक: प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### हरियाणा की घटना के बाद दिल्ली पुलिस की संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी

**नयी दिल्ली।** हरियाणा के नूंह में दो समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प में पांच लोगों की मौत के मद्देनजर दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए संवेदनशील इलाकों पर कड़ी निगरानी रख रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली से सटे हरियाणा के कुछ जिलों में हिंसा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और जहां जरूरी हुआ वहां अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सुरक्षा और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटा जाएगा। इससे पहले दिन में, उत्तर-पूर्व जिले के पुलिस उपायुक्त, जॉय एन टिर्की ने ट्वीट किया, मौजपुर चौक और उत्तर-पूर्व जिले के अन्य इलाकों में सांप्रदायिक मुद्दों के बारे में कुछ अफवाहें फैल रही हैं। यह सूचित किया जाता है कि सब ठीक है और सामान्य है, ऐसी किसी घटना की सूचना नहीं है। किसी भी गलत सूचना को फैलाने से सांप्रदायिक सद्भाव/शांति भंग हो सकती है। किसी भी अफवाह को फैलाने से बचें।

### पूरी दृढ़ता से संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ेंगे : राघव

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राजनीतिक नेताओं को डराने-धमकाने और अपने हित साधने के लिए अन्य पार्टियों को बरगलाने का आरोप लगाया। चड्ढा ने आरोप लगाया कि दिल्ली अध्यादेश विधेयक का उद्देश्य शक्तियों को केंद्रीकृत करना और राज्य सरकारों की स्वायत्तता को कमजोर करना है, जिससे देश के संघीय ढांचे के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि इस तरह के विधेयक का समर्थन करने के लिए युवाजना श्रमिका रैतु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और बीजू जनता दल (बीजद) की अपनी मजबूरियां हो सकती हैं, लेकिन उनका मानना है कि यह लोकतांत्रिक सिद्धांतों का उल्लंघन है। चड्ढा ने जोर देकर कहा कि 25 साल तक दिल्ली में चुनाव जीतने में नाकाम भाजपा की हताशा विभिन्न अध्यादेशों, विधेयकों और अधिसूचनाओं के माध्यम से राज्य सरकार की शक्तियों को कम करने के उनके प्रयासों में स्पष्ट थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की असली ताकत दिल्ली के लोगों से मिले प्यार और आशीर्वाद में निहित है।

### आतिशी ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर नए टैक्स दरों का किया विरोध

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की वित्तमंत्री आतिशी ने 51वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर नई टैक्स दरों का बुधवार को पुरजोर विरोध किया। आतिशी ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री देश में सबसे तेजी से बढ़ती इंडस्ट्री है। देश-विदेश में निवेशक इसकी ओर आकर्षित हो रहे है इसका नतीजा है कि निवेशकों ने इसमें लाखों-करोड़ों डॉलर का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में तेजी से बढ़ते इस इंडस्ट्री पर भारी टैक्स का बोझ लादने से यह पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी, लोग भारतीय स्टार्ट-अप्स में निवेश करने से कतरायेंगे और इससे भारतीय स्टार्ट-अप्स इको-सिस्टम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार स्टार्ट-अप्स को प्रमोट करने की बात करती है लेकिन दूसरी ओर ऑनलाइन गेमिंग जो स्टार्ट-अप्स से निकला हुआ इतना बड़ा सेक्टर है, देश में करोडो डॉलर का निवेश लेकर आया है और वर्तमान में सबसे तेजी से बढ़ता हुआ सेक्टर है उसपर इतना ज्यादा टैक्स लगा रही है। ऐसे में ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि, इस सेक्टर में देशभर में 900 से ज्यादा स्टार्ट-अप्स है और नए स्टार्ट-अप्स तेजी से उभर रहे है।

# पीपीपी मॉडल पर 3 बस स्टेशनों के विकास पर आगे बढ़ी योगी सरकार

## गाजियाबाद ओल्ड, गोमती नगर लखनऊ एवं सिविल लाइन्स प्रयागराज बस स्टेशनों के लिए चयनित विकासकर्ता के साथ कन्सेशन अनुबन्ध पर हुए हस्ताक्षर

लखनऊ। बस यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के साथ उनकी यात्रा को सुरक्षित बनाने के प्रति संकल्पित योगी सरकार ने बुधवार को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। पीपीपी मॉडल पर आधुनिक बस स्टेशनों के निर्माण की प्रक्रिया के तहत गाजियाबाद (ओल्ड), गोमती नगर (लखनऊ) एवं सिविल लाइन्स (प्रयागराज) बस स्टेशनों के लिए चयनित विकासकर्ता मै. ओनेक्स लिमिटेड के साथ कन्सेशन अनुबन्ध हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही परिवहन निगम द्वारा अपनी बसों में वैहिकल लोकेशन ट्रैकिंग एवं पैनिक बटन स्थापना के साथ निगम मुख्यालय पर आधुनिक कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर, क्षेत्रीय मुख्यालयों पर रीजनल कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं 100 प्रमुख बस स्टेशनों पर यात्री सूचनाओं के प्रदर्शन के लिए बड़े साइज के एलईडी डिस्प्ले पैनल्स एवं यात्री उदघोषणा तंत्र की स्थापना परियोजना का भी शुभारम्भ किया गया।

### बस स्टेशनों में दिखेगी स्थानीय संस्कृति एवं वास्तुकला की झलक

परिवहन निगम के सभागार में उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर



पर उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशनों को निर्मित कराया जाना सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा है। विश्वस्तरीय नवीन तकनीकों का प्रयोग करते हुए स्थानीय संस्कृति एवं वास्तुकला की झलक के साथ इन बस स्टेशनों को विकसित किया जाएगा। ओमेक्स लि. के प्रबन्ध निदेशक मोहित गोयल ने आश्वस्त किया कि सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप आधुनिक बस स्टेशनों का निर्माण एवं विश्वस्तरीय तकनीकों का प्रयोग कर यात्री अनुभवों को बेहतर करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### 5000 बसों में लगाया जाएगा वीएलटीडी

वैहिकल लोकेशन ट्रैकिंग एवं पैनिक बटन स्थापना पर परिवहन मंत्री ने कहा कि तकनीक के माध्यम से अब यात्रियों को अपने परिजनों की वास्तविक लोकेशन की जानकारी हो सकेगी। साथ ही बस कब गंतव्य पर पहुंच रही है इसकी जानकरी प्राप्त कर अपने परिजनों को लाने व पहुंचाने में लोग सहायता प्राप्त कर सकेंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन निगम की 5000 बसों में वीएलटीडी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब बनने वाली बसों में पहले से ही वीएलटीडी लग कर आ रहा है। पहले से संचालित बसों में परिवहन निगम शीघ्र ही वीएलटीडी का इंस्टालेशन करा लेगा।

### तहसील और ब्लॉक स्तर पर भी विकसित होंगे बस स्टेशन

इस अवसर पर प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग एल वेंकटेश्वर लू ने बताया कि पीपीपी मॉडल पर प्रदेश के मुख्य बस स्टेशनों को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं के साथ विकसित कराए जाने की कार्यवाही के अन्तर्गत आगामी चरण में तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर स्थित बस स्टेशनों का विकास कराया जाना भी प्रस्तावित है। शीघ्र ही नयी कन्सलटेन्ट फर्म का चयन कर इसके लिए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान चरण के अवशेष बस स्टेशनों हेतु भी विकासकर्ता चयन की नवीन निविदा कार्यवाही की प्रक्रिया गतिशील है। सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप वैश्वीकरण के वर्तमान परिवेश में अपने यात्रियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नवीनतम सुविधायुक्त व्यवस्थाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु परिवहन विभाग संकल्पशील है।

# एडीएम की मतदेय स्थलों के संभाजन में सकारात्मक सहयोग हेतु हुई राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आज राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों के सम्भाजन कार्यक्रम में सकारात्मक सहयोग करने सम्बन्धी बैठक की गयी। बैठक में उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदेय स्थल यानी बूथों को 1500 वोटर पर संभजन बांटने का निर्देश दिया है। पहले एक बूथ पर 1200 मतदाता तय थे। इस क्रम में जिले में कार्य शुरू हो गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्रा ने इस विषय को लेकर राजनीतिक पार्टियों के साथ समन्वय बैठक की तथा निर्वाचन आयोग के निर्देश से अवगत कराया। राजनीतिक पार्टियों से उन्होंने अपील की कि एक बूथ पर एक बूथ लेवल एजेंट की तैनाती करें ताकि इस कार्य को बीएलओ सही ढंग से पूर्ण कर सकें। निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिया है कि बूथ संभाजन के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाए कि वोटर को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। मतदाता के



घर से बूथ की दूरी दो किलोमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। आयोग ने यह भी कहा है कि किसी केनद्र पर दो बूथ है, तो 1500 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के रूप में समायोजित करने क कोशिश की जाए ताकि बूथों की संख्या कम हो सके। किसी बूथपर अगर पांच सौ मतदाता हैं तो दूसरे अन्य बूथ से जोड़ने की कोशिश हो लेकिन यह जरूर ध्यान रखा जाए कि वोटरों को परेशानी न हो।

अपर जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों को मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया कि सूची के आधार पर अपने बी0एल0ओ0 के माध्यम से सत्यापन कराते हुए जॉच कर लें कि कोई भी मतदेय स्थल अभी भी दो किलोमीटर की दूरी पर तो नहीं है और कोई भवन मतदेय स्थल भवन जर्जर की स्थिति में तो नहीं है या किसी अन्य कारणो से पोलिंग स्टेशन की भवनों को बदला जाना आवश्यक है।

एडीएम ने कहा कि यदि ऐसी कोई बात या कारण हो तो स्पष्ट कारण सहित दो दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रस्तावित सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण को उपलब्ध करा सकते हैं। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि जिन मतदेय स्थलों के भवन पुराने व जर्जर नहीं है और जहां मतदाता सूची में 1500 से अधिक मतदाता नहीं है तथा मतदाताओं को दो किलोमीटर की दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मतदेय स्थलों की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा और आयोग द्वारा ये भी निर्देश है कि कोई भी मतदेय स्थल दुकान, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, व्यक्तिगत , सामुदायिक केन्द्र - विवाह घर अथवा ऐसे भवन, जिनका स्वामित्व किसी राजनैतिक व्यक्ति के पास है, ऐसे मतदेय स्थलों हेतु विकल्प तलाश कर उनको स्थानान्तरित कर दिया जाय।

बैठक में उपजिलाधिकारी ओबरा प्रभाकर सिंह, उपजिलाधिकारी दुद्धी सुरेश राय, तहसीलदार राबर्ट्सगंज अरूण कुमार गिरि, तहसीलदार घोरावल ज्ञानेन्द्र यादव कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह, भाजपा के सुनील सिंह जिला महामंत्री, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक पटेल, जिला सचिव, बहुजन समाज पार्टी बी0 सागर जिलाध्यक्ष, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के राजीव त्रिपाठी, अनिल यादव प्रधान का0 सचिव, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी के राजकुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# बिजली लाइनों के पास न करें पतंगबाजी, हो सकता है जान को खतरा

नयी दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस पर पतंगबाजी के शौकीनों से बीएसईएस ने अपील की है कि वे बिजली के खंभों, तारों, ट्रांसफॉर्मरों और अन्य उपकरणों के आसपास पतंग न उड़ाएं। उपभोक्ताओं से यह भी अपील की गई है कि वे पतंग उड़ाने के लिए मेटल-युक्त मांझे का प्रयोग न करें। मेटैलिक मांझा न सिर्फ इलाके की बिजली गुल कर सकता है, बल्कि इससे पतंग उड़ाने वालों की जान को भी खतरा हो सकता है।

दरअसल मेटल-कोटेड मांझा जब बिजली की तारों व अन्य उपकरणों के संपर्क में आता है, तो बिजली का करंट मैटेलिक मांझे से प्रवाहित होकर पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति के शरीर तक पहुंच सकता है।

उपभोक्ताओं, खासकर बुजर्गों व माता-पिताओं से अपील की गई है कि वे बच्चों को यह समझाएं कि वे कटी हुई पतंग लेने के लिए बिजली उपकरणों के पास या प्रतिबंधित इलाकों में न जाएं। यह उनकी जान को भी जोखिम में डाल सकता है।

पतंगबाजी की वजह से बिजली की लाइनें ट्रीप हो सकती है। अगर 66/33 केवी की सिर्फ एक लाइन ट्रिप हो जाए, तो इससे 10 हजार से अधिक लोगों के घरों में अंधेरा छा सकता है। यदि 11 केवी की एक लाइन ट्रिप होती है, तो लगभग 2500 से अधिक लोगों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, लोग पतंगबाजी का आनंद लें, लेकिन जिम्मेदारी के साथ। लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बिजली आपूर्ति से जुड़े उपकरणों के पास पतंग न उड़ाएं और पतंग उड़ाने के लिए मेटल कोटेड मांझे का उपयोग हरगिज न करें। ये कुछ छोटे उपाय स्वतंत्रता दिवस के जश्न को सुरक्षित बना सकते हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि यहां यह बताना जरूरी होगा कि बिजली आपूर्ति में बाधा पहुंचाना और बिजली के उपकरणों को क्षतिग्रस्त करना कानूनन जुर्म है। इसके लिए इलेक्ट्रिसिटी ऐक्ट और दिल्ली पुलिस ऐक्ट के तहत सजा का प्रावधान है।

पतंगबाजी की वजह से होने वाली ट्रीपिंग्स के मद्देनजर बीएसईएस ने अपनी ओएंडएम टीमों को हाईअलर्ट पर रखा है। टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि कहीं पतंगबाजी की वजह से ट्रिपिंग होती है, तो घटनास्थल पर तुरंत पहुंचकर, इलाके में जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था बहाल की जाए।

# जिहादियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो, पूरे मेवात को सील कर हो कॉम्बिंग : राजीव कुमार

## मृतक परिवारों को एक करोड़, घायलों को बीस लाख मिले मुआवजा

सोनभद्र । बजरंग दल काशीप्रान्त विभाग संयोजक राजीव कुमार ने विश्व हिंदूपरिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों - कार्यकर्ताओं के साथ मेवात में तीर्थयात्रियों के साथ बर्बर बर्ताव और हुई निर्मम हत्या के साथ ही आगजनी , लूटपाट जैसी मानवता को शर्मशार कर देने वाली घटना के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन घोरावल तहसील में सौंपा। तहसीलदार ज्ञानेन्द्र यादव व क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने लिया ज्ञापन।

विभाग संयोजक बजरंगदल राजीव कुमार ने उद्बोधन में कहा कि महाभारत काल के पाँच मंदिरों - शिवालयों पर समूचे सावन होती है यात्रा और किया जाता है जलाभिषेक



देवाधिदेव महादेव के आशीर्वाद के लिए लेकिन इसे मेवात - नूह में धर्मयुद्ध के रूप में तब्दील कर दिया वहां के बहुसंख्यक निवासियों ने अपना वर्चस्व जताने के लिए और आलम ऐसा बना जैसे बन गया हो मिनी पाकिस्तान वह स्थान। हत्या , लूटपाट , आगजनी जैसे क्रूरतम बर्ताव का किया गया पूरी जोर आजमाइश के साथ प्रदर्शन और बना दिया जेहाद। फूँकी गईं पुलिस चौकियां , थाने हुए आग के हवाले। मंदिरों और चौकियों में शिवभक्तों ने शरण ली। कहा कि हिंदू राष्ट्र विरोधी आतंक के मुहिम की बुनियाद मालूम पड़ती है। आतंकवाद का पुरजोर मुखालफत करता है पूरा संगठन और तल्ख तेवर में कहा कि भक्तों के बलिदान को इतिहास हमेशा याद रखेगा। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने मांग की हैमृतक परिजनों को एक - एक करोड़, घायलों को बीस - बीस लाख और जिनके दुकान - मकान , गाड़ियां लुटे - जलाए गए हैं उन्हें उनकी भरपाई राशि मिले। विभाग संयोजक के नेतृत्व में घोरावल तहसील मुख्यालय पर ज्ञापन देने वालों में कृष्णानंद मिश्र, रामआसरे पटेल, रामसूरत , जयप्रकाश सेठ, नंदलाल उमर,शुभम् कुमार, गोविंद मोदनवाल, बल्लू , जितेन्द्र, लाखी गुप्ता, बृजेश उमर,किशन साहू, इंद्रजीत सिंह, अनुपम, नितिन, वेदांश, विवेक साहू, विशाल यादव, राजा, शिवराम मौर्य, राहुल , सुनील गुप्ता , रवि केशरी, इंद्रलोक, पोलो उमर और उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे जिन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया समन्वित रूप से।

### पेट दर्द से परेशान महिला ने पेट में मारी गोली,मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के निगोही क्षेत्र में बुधवार को एक महिला ने पेट में गांठ के दर्द से परेशान होकर तमंचे से गोली मार ली। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी सदर अमित चौरसिया ने बताया कि थाना निगोही क्षेत्र के गांव आंबेडकर नगर निवासी लक्ष्मी (35) ने अपने पेट में तमंचे से गोली मार ली। उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान लक्ष्मी से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके पेट में गांठ की वजह से बहुत दर्द होता था। दर्द से परेशान होकर उसने पेट में गोली मार ली। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अज्ञात नाबालिग बालिका के सम्बन्ध में सूचना मिलते ही तत्काल लिया संज्ञान : सुधांशु शेखर शर्मा

सोनभद्र । जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढी में एक अज्ञात नाबालिग बालिका का उपचार होने की सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली । तत्सम्बन्धी जानकारी पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह, महिला शक्ति केन्द्र से जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी व जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे की संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने को निर्देशित किया गया।

टीम द्वारा तत्काल जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढी में मौकेपर जाकर अज्ञात नाबालिग बालिका से शुरू हुआ पूछताछ का सिलसिला। बालिका द्वारा बताया गया कि हमारे चाचा - चाची हमसे जबरजस्ती भीख मंगवाते थे , विवश करते थे भिक्षावृत्ति के लिए। इसके साथ ही अन्य तथ्यों से भी



अवगत कराया पूछताछ कर रही टीम को।

बालिका के काउंसिलग व डॉक्टर से परामर्श के उपरान्त नाबालिग बालिका को अपने अभिरक्षा में लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बाल कल्याण समिति के आदेश के उपरान्त नाबालिग बालिका को बाल गृह बालिका इन्द्रपुरी कालोनी राबर्टसगंज में आवासित करवा दिया गया है।

इससे इतर पर इसी प्रकार के दूसरे प्रकरण के बारे में जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि आज ही एक महिला अपने तीन नाबालिग बच्चों के साथ कार्यालय आयी और संरक्षण प्रदान किये जाने हेतु गुहार लगाने लगी। इसे गम्भीरता से लेते हुए तत्काल महिला के साथ ही उसके तीन नाबालिग बच्चों को नियमानुसार संस्था मे आवासित कराया दिया गया है।

बताया जिला बालसंरक्षण अधिकारी ने दोनो प्रकरणों पर और कहा कि जाँचोपरान्त नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# हंगामे के बीच एनसीटी संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश हुआ

### विरोध है तो यह भी देखे की क्या विपक्ष अपनी भूमिका निभा पा रहा : शुभ्रा रंजन

**सरकार और विपक्ष में तीखी नोकझोंक और हंगामे के बीच लोकसभा में मंगलवार को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक पेश कर दिया गया। विपक्ष ने विधेयक को असांविधानिक और संघवाद की भावना के विपरीत बताते हुए तीखा विरोध किया। इसपर राजनीति शास्त्र की अध्यापिका शुभ्रा रंजन से बातचीत**

...कहीं यह मुद्दा एक बार फिर प्रतिबद्ध नौकरशाही की बहस को जन्म ना दे दे प्रजातांत्रिक इतिहास में भारत ने कई संवैधानिक मुद्दों पर बहस देखी है। मौलिक अधिकार बनाम नीति निर्देशक सिद्धांत। केंद्र बनाम राज्य। आज फिर से एक नई बहस और राजनीति शुरू हो गई है। विभिन्न पक्ष आमने-सामने हैं। दिल्ली में केंद्रीय अधिकारियों की तैनाती और तबादले पर चर्चा गर्म है। संसद के सामने अध्यादेश विधेयक के रूप में आने वाला है। सर्विसेस यानी नौकरशाही का मामला कौन देखेगा इसका जवाब स्पष्ट होना है। सवाल उठता है कि क्या सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच चल रही लड़ाई खत्म हो जाएगी ? अध्यादेश को निरस्त किया जा सकता है? यह बहस संवैधानिक मुद्दों से जुड़ी हुई है, जिसका जवाब कानून की जानकार और राजनीतिक शास्त्र की विशेषज्ञ शुभ्रा रंजन ने दी।

### विरोध है तो यह भी देखे की क्या विपक्ष अपनी भूमिका निभा पा रहा :शुभ्रा रंजन

...कहीं यह मुद्दा एक बार फिर प्रतिबद्ध नौकरशाही की बहस को जन्म ना दे दे संविधान ने संसद को अध्यादेश लाने का अधिकार दिया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीटी) केंद्र शासित प्रदेश है। लिहाजा संवैधानिक तौर पर एनसीटी केंद्र के अधीन है। दुनिया में कई संघीय देश की राजधानी में भी दिल्ली जैसा ही प्रशासनिक प्रावधान है। ऐसा इसलिए भी है कि दूतावास होने की वजह से दिल्ली ग्लोबल सिक्योरिटी के लिहाज से भी शासित होती है। यहां पर कॉमनवेल्थ गेम, जी-20 जैसे सम्मेलन आयोजित होते है।

भारत एक जीवंत प्रजातंत्र है। प्रजातंत्र के लिए वाद-विवाद एक अनिवार्य शर्त है। इसलिए कानून का निर्माण विवेक और विमर्श पर आधारित होता है। भले पूरा मामला राजनीतिक एजेंडे पर है, लेकिन यह देखना होगा कि क्या भारत का संवैधानिक ढांचा न्यायपालिका को संसद के विवेकाधिकार में हस्तक्षेप की अनुमति देता है। विशेषकर अनुच्छेद-122 न्यायपालिका को संसद की कार्यवाही में हस्तक्षेप पर सीमाएं है।

संविधान में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार और कर्तव्य स्पष्ट तौर पर परिभाषित है। विधायिका का काम कानून बनाना है तो न्यायपालिका (सुप्रीम कोर्ट) का काम संविधान के अनुसार कानूनों की व्याख्या व परीक्षण करना। दोनों संस्थाओं में शक्ति पृथक्करण को अनदेखा नहीं किया जा सकता। हमारे देश की व्यवस्था न तो इंग्लैंड सरीखी है और ना ही संयुक्त राज्य अमेरिका की तरह। इंग्लैंड में संसद सर्वोच्च है वहीं अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट। जबकि भारत में तीनों अपने-अपने दायरे में सर्वोच्चता रखते हैं। लोकतंत्र की मूल भावना संविधान की नैतिकता पर बल देती है। जब दायरे से बाहर जाकर काम होता है तो समस्याएं उत्पन्न होती है। मुद्दा यह भी है कि कार्यपालिका कभी भी अध्यादेश लाकर व दोनों सदनों से इसे पारित करा कानून बना सकती है। हालांकि विशिष्ट परिस्थितियों का होना अनिवार्य है। यहां प्रश्न यह भी है कि प्रशासनिक मामले में न्यायपालिका का हस्तक्षेप कितना उचित है। संविधान कहता है कि जहां कानून स्पष्ट है वहां किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। जहां तक विरोध की बात है तो यह देखना होगा कि क्या विपक्ष अपनी भूमिका सार्थक रूप से निभा पा रहा है या नहीं।

डॉ. अंबेडकर ने भी कहा था कि कानून का पालन नहीं करेंगे तो व्यवस्था चरमरा जाएगी। कुल मिलाकर मूल सिद्धांत ही हमें वह आधार प्रदान करते हैं जिनके द्वारा इस मुद्दे के पक्षों का मूल्यांकन किया जा सकता है। देखने की आवश्यकता है कि नौकरशाही की तटस्थता के सिद्धांत को किस हद तक चुनौती मिलती है। कहीं यह भारत में एक बार फिर प्रतिबद्ध नौकरशाही की बहस को जन्म ना दे दे।



राजनीतिक शास्त्र विशेषज्ञ, शुभ्रा रंजन

# मास्क टीवी ओ टी टी प्लेटफ़ॉर्म पर बहुत कुछ नया और मनोरंजक

बहुत समय नहीं बीता जब एक अनूठे ओ टी टी प्लेटफ़ॉर्म मास्क टीवी ने मनोरंजन के लिए ऐप यूज़र्स के दिलों पर दस्तक दी । मिशन सेवेन्टी, प्रोजेक्ट एंजेल्स, रगड़ भसड़, लीच ,आज़मगढ़ और न जाने कितनी वेब सीरिज़, मूवीज़ स्ट्रीम हुईं और यूज़र्स के दिलों को बांधकर रखने में कामयाब हुईं।

लेकिन शानदार, जानदार और दमदार मनोरंजन का ख़ज़ाना बढ़ता ही जा रहा है। स्नेक 3, अंडरग्राउंड मॉन्सटर न सिर्फ़ हिंदी में बल्कि भोजपुरी के दर्शकों के लिए भी उनकी भाषा में डब की गई ।

चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट के अनुसार यह सिलसिला जारी है आगे आने वाले समय में बड़ी फ़िल्में, वेब सीरिज़ मास्क टीवी ओ टी टी प्लेटफ़ॉर्म पर स्ट्रीम होने जा रही हैं क्योंकि मास्क टीवी अपने यूज़र्स और सब्सक्राइबर्स के लिए हर दिन कुछ



नया स्ट्रीम करने को उत्साहित है। हैज़्मैट, फाइन्डर कीपर्स,डैथलिंक जैसी फ़िल्मों को सिर्फ़ अंग्रेज़ी के बल्कि हिंदी में डब करवा कर मास्क टीवी ने अपने यूज़र्स के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के चलते स्ट्रीम किया । मास्क टीवी ओ टी टी प्लेटफ़ॉर्म जल्द कोड ब्लू और नुक्कड़ जैसे आकर्षक फ़िल्म और वेब सीरिज़ स्ट्रीम करेंगे ताकि सिर्फ़ गाली-गलौज और नग्नता को ही ओ टी टी प्लेटफ़ॉर्म का मापक मानने वाले उसके सार्थक और सकारात्मक रूप को भी देख सकें।

CMYK CMYK CMYK CMYK